आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 281 | उज्जैन, शनिवार 24 अक्टूबर, 2026 | आश्विन शुक्ल 13 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

अरुणाचल में चीन से झड़पें हुईं : आईटीबीपी चीफ

नई दिल्ली। आईटीबीपी के डीजी शत्रुजीत कपूर ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में अरुणाचल प्रदेश में चीन और भारत के सैनिक आमने-सामने आ गए थे। कई जगह टकराव की स्थिति भी बनी। यह अभी भी जारी है। शत्रुजीत गुरुवार को राजस्थान के अलवर के सेंट्रल ट्रेनिंग कॉलेज में हिमवीर सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने पहली बार सार्वजनिक रूप से यह माना कि जुलाई के अंत से अरुणाचल प्रदेश में ऊपरी सुबनसिरी जिले के असाफिला और माजा इलाके में तनाव बना हुआ है। भारत ने भी सीमा पर अपनी तैनाती बढ़ा दी है।

अडानी पावर का प्रॉफिट मुनाफा 134 प्रतिशत उछला

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी प्राइवेट थर्मल पावर उत्पादक कंपनी अडानी पावर ने दूसरी तिमाही का रिजल्ट जारी कर दिया है। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में उसका कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर (ओ) 134% बढ़कर 6,919 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले साल की इसी अवधि में यह 2,953 करोड़ रुपये था। इस दौरान कंपनी का ऑपरेशंस से होने वाला रेवेन्यू 45% बढ़कर 19,439 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल की इसी तिमाही में 13,457 करोड़ रुपये था।

अमेरिका ने फिर हमला किया तो तेल, डेटा सेंटर कुछ भी नहीं बचेगा

तेहरान। ईरान ने अमेरिका को नए सिरे से युद्ध शुरू नहीं करने के लिए चेताया है। ईरान ने कहा है कि अगर अमेरिका और इजरायल की ओर से फिर उसकी जमीन पर सैन्य हमले होते हैं तो वह अपने जवाबी हमलों का दायरा बढ़ा देगा। वह क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों और युद्धपोतों पर अटैक करेगा। साथ ही खाड़ी देशों के आर्थिक और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया जाएगा। ईरान ने साफ किया है कि लड़ाई छिड़ी तो क्षेत्र के खाड़ी देश इससे सीधेतौर पर प्रभावित होंगे। अमेरिका-इजरायल की ओर से फिर से ईरान पर नए हमलों का संकेत मिलने के बाद तेहरान से ये बयान आया है।

अमिताभ बच्चन का बंगला उड़ाने की धमकी



दिलजीत दोसांझ को जान से मारने के मेल के 5 दिन पहले टाइगर श्रॉफ पर हुई थी फायरिंग

मुंबई। अमिताभ बच्चन और पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ को शुक्रवार को जान से मारने की धमकी दी गई है। मुंबई की मेयर रितु तावड़े को यह धमकी भरा ई-मेल भेजा गया। इसमें अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को बम से उड़ाने की बात लिखी गई। कहा गया कि 31 अक्टूबर से 27 नवंबर के बीच कभी भी बंगले को निशाना बनाया जा सकता है। हमला 1984 के 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' का बदला होगा। इसी मेल में गायक दिलजीत दोसांझ को भी आत्मघाती हमले में मारने की धमकी दी गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। यह मेल तब आया है, जब 5 दिन पहले रविवार को एक्टर टाइगर श्रॉफ पर मुंबई में फायरिंग की गई। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी। मुंबई मेयर को भेजे गए मेल में खालिस्तान समर्थक नारे लिखे गए हैं। इसमें 1984 के सिख-विरोधी दंगों का भी जिक्र है। मेल में कहा गया कि दिलजीत ने अमिताभ बच्चन के पैर छूए थे इसलिए उस पर हमला किया जाएगा। मेल में लिखा है कि 27 नवंबर को दिलजीत को महालक्ष्मी रेस कोर्स में आत्मघाती हमले में मारना है। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद मुंबई पुलिस, पुलिस की डॉग स्क्वॉड और बम स्क्वॉड की टीमें बीएमसी मुख्यालय पहुंचीं। मेयर और डिप्टी मेयर कार्यालय सहित विभिन्न चैंबर्स की भी तलाशी ली।

नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली :** स्मार्टफोन मार्केट का बुरा हाल, त्योहारों में भी नहीं बढ़ी डिमांड, शिपमेंट में 26% की कमी।
- **छत्तीसगढ़ :** किसानों का चक्काजाम, ट्रैक्टर मार्च रोकने पर एनएच-353 पर बैठे प्रदर्शनकारी, घंटों थमे वाहन।
- **नई दिल्ली :** पीएम मोदी ने कहा, समाज को बांटने वाली ताकतें सक्रिय, इनसे निपटने को एकजुट होना जरूरी, अमृत महोत्सव में स्वामी चिन्मयानंद के थ्री-डी अवतार से बात की।
- **इजराइल :** नेतन्याहू हारे या जीतें, फिलिस्तीनियों की मुश्किलें बरकरार रहेंगी: पक्ष-विपक्ष कोई अलग देश बनाने को तैयार नहीं, वामपंथी पार्टियों ने भी एजेंडा बदला।
- **नई दिल्ली :** भारत ने कहा, पाकिस्तान अल्पसंख्यकों पर हमें नसीहत न दे, पाक का आरोप- फर्जी मुठभेड़ में कश्मीरी मर रहे, उन्हें सम्मान से दफनाने का हक भी नहीं।
- **नई दिल्ली :** टाटा ट्रस्ट्स के समर्थन में 6 पारसी ग्रुप्स उतरे, पीएम को चिट्ठी लिखकर कहा- 66% हिस्सेदारी वाला मॉडल देश हित में जरूरी।

शाजापुर पशुपालन विभाग में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप

अधिकारियों पर पद के दुरुपयोग और कर्मचारी को झूठे मामलों में फंसाने की धमकी

सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी ने कलेक्टर और सीईओ से की निष्पक्ष जांच की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर पशुपालन एवं डेयरी विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर वहीं कार्यरत सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी दीपक श्रीवास्तव ने कलेक्टर एवं जिला पंचायत के सीईओ को लिखित में शिकायत की है। शिकायत 22 अक्टूबर को की गई। इसमें उन्होंने विभाग के ही अधिकारियों पर पद के दुरुपयोग, वित्तीय अनियमितताओं और शासकीय आदेशों की अवहेलना के आरोप लगाए हैं।

पदोन्नति के बाद प्रभार नहीं सौंपा- शिकायतकर्ता के अनुसार वे पहले देवास जिले में कार्यरत थे और 31 अगस्त 2026 को पदोन्नति के बाद शाजापुर में सहायक ग्रेड-2 के पद पर पदस्थ हुए। उन्हें लेखा शाखा का प्रभार मिलना था लेकिन जानबूझकर कनिष्ठ कर्मचारी को प्रभार दे दिया गया। लेखा शाखा का प्रभार सहायक ग्रेड-03 स्तर के कर्मचारी को दे दिया। उस कर्मचारी के पास निर्धारित कम्प्यूटर टाइपिंग/ सीपीसीटी संबंधी आवश्यक दक्षता पूर्ण नहीं है। इसके बाद भी नियम विरुद्ध उन्हें लेखा शाखा का प्रभार दिया गया।



आवक-जावक पंजी में गड़बड़ी का आरोप

शिकायत में आरोप है कि आवक-जावक पंजी और योजनाओं के रजिस्टर में नंबर छोड़कर नए आवेदनों को बैक-डेट में दर्ज किया जा रहा है। उनके अनुसार पूर्व के पात्र हितग्राहियों को दरकिनार कर पसंदीदा आवेदकों को प्राथमिकता से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

एमवीयू में मेडिसिन क्रय पर सवाल

शिकायतकर्ता ने पशु चिकित्सा चलित इकाई (एमवीयू) में दवा खरीदी में वित्तीय अनियमितता और कमीशनखोरी का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि कैश बुक, बिलों, ट्श्व लॉग बुक और टिकट पंजी में भारी गड़बड़ी कर शासन को वित्तीय हानि पहुंचाई जा रही है। उनके अनुसार इन अभिलेखों की जांच से सच सामने आ जाएगा।

- **मानसिक उत्पीड़न और धमकी का आरोप-** दीपक श्रीवास्तव का आरोप है कि कार्यालयीन कार्यों और अनियमितताओं पर चर्चा करने या नियमानुसार काम करने का आग्रह करने पर उन्हें धमकाया जाता है। उनके अनुसार महिला अधिकारियों द्वारा झूठे उत्पीड़न की शिकायत में फंसाने और विभागीय कार्रवाई कराने की खुली धमकियां दी जाती हैं। उन्होंने कहा कि कार्यालय में भय का माहौल बनाकर कर्मचारियों को दबाने का प्रयास हो रहा है, ताकि अनियमितताओं पर सवाल न उठ सकें।
- **सार्थक ऐप के आदेशों की अवहेलना-** शिकायत में कहा गया है कि मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के 18 मई 2026 के पत्र (क्रमांक 416/प्र.स./सार्थक/2026-27) के निर्देशों का उल्लंघन हो रहा है। आरोप है कि फर्जी या आउट ऑफ लोकेशन उपस्थिति को स्वीकृत किया जा रहा है।

ये मांगें रखीं

शिकायत की संवेदनशीलता को देखते हुए किसी वरिष्ठ निष्पक्ष अधिकारी की अध्यक्षता में स्वतंत्र जांच समिति बनाई जाए, जिसमें महिला अधिकारी भी हों। आवक-जावक पंजी, कैश बुक, सार्थक ऐप लॉग रिपोर्ट और एमवीयू लॉग बुक को तत्काल जब्त कर सुरक्षित किया जाए। मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियमों के तहत संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई हो।

मध्य प्रदेश में वर्तमान में पशुपालन एवं डेयरी विभाग (जिसका नाम बदलकर अब गौपालन विभाग कर दिया गया है) स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास है। जुलाई 2026 में हुए मंत्रिमंडल फेरबदल के तहत यह विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल से वापस ले लिया गया था, जिसके बाद से इसकी जिम्मेदारी सीधे मुख्यमंत्री संभाल रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह ने बेटियों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर उठाए सवाल

प्रदेश में बेटियों के खिलाफ अत्याचार और बढ़ती नशे की लत गंभीर चिंता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विजयादशमी पर बेटियों के खिलाफ अत्याचार और बढ़ती नशे की लत को गंभीर सामाजिक बुराई बताया। उन्होंने कहा कि केवल रावण का पुतला जलाना पर्याप्त नहीं है। समाज को महिलाओं का सम्मान सुनिश्चित करने और युवाओं को नशे से बचाने के लिए एकजुट होना चाहिए।

विजयादशमी पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बेटियों के खिलाफ होने वाले दुराचार और देश में बढ़ते नशे की लत पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने बेटियों से अत्याचार करने वालों की तुलना रावण की मानसिकता से करते हुए समाज से इन बुराइयों को जड़ से मिटाने का आह्वान किया। विजयादशमी पर पारंपरिक वाहन पूजन करने के बाद उन्होंने कहा कि केवल रावण का पुतला जलाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि मन के अंदर और समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करना ही सच्चा त्योहार है।

समाज में नारी सम्मान की आवश्यकता

केंद्रीय मंत्री ने बेटियों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हर वर्ष दशहरे पर रावण के पुतले का दहन होता है, लेकिन क्या समाज से महिलाओं के प्रति अपराध और बुराइयां पूरी तरह जल पाती हैं। मां, बहन और बेटी का सदैव सम्मान होना चाहिए। जब तक समाज में बेटियों के साथ होने वाली गलत घटनाएं नहीं रुकतीं, तब तक बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश अधूरा ही रहेगा। उन्होंने देश के लोगों, भाइयों, बहनों और भांजे-भांजियों को विजयादशमी की बधाई देते हुए कहा कि भगवान राम अच्छाई के प्रतीक हैं और सभी को सन्मार्ग पर चलते हुए हमेशा अच्छाई का ही साथ देना चाहिए।



नशे को बताया रावण जैसी बुराई

नशे की बढ़ती लत को भी केंद्रीय मंत्री ने बड़ी सामाजिक बुराई करार दिया। उन्होंने कहा कि नशा किसी भी परिवार और समाज के लिए विनाश का मुख्य कारण बनता है। भारत को कमजोर करने की मंशा रखने वाली देश के बाहर की अनेक ताकतें युवाओं तक तरह-तरह की नशीली वस्तुएं पहुंचाने का प्रयास कर रही हैं। यह नशा भी रावण की तरह ही एक भयानक सामाजिक बुराई है, जिसके विरुद्ध एकजुट होकर युद्ध लड़ना आवश्यक है। समाज को मिलकर नशे रूपी दानव को पूरी तरह समाप्त करना होगा ताकि देश के युवा सही दिशा में आगे बढ़ सकें।

बिहार, यूपी, महाराष्ट्र-कर्नाटक की 28 विधान परिषद सीटों पर वोटिंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक की 28 विधान परिषद सीटों पर शुक्रवार को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा 11 सीटें यूपी में हैं। बिहार में 8, महाराष्ट्र में5 और कर्नाटक में 4 सीटों पर वोटिंग हुई। वोटों की गिनती 27 अक्टूबर को होगी। इस दौरान मुजफ्फरनगर में सपा और भाजपा कार्यकर्ता भिड़ गए। राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल के सामने दोनों गुटों के बीच मारपीट होने लगी। पुलिसवालों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया।

सेना ने 7 संदिग्ध आईईडी बरामद किए

एजेंसी ▸▸ पुंछ

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सेना ने तलाशी अभियान के दौरान 7 संदिग्ध आईईडी और 7.62 मिमी लाइट मशीन गन की मैगजीन बरामद की। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, खुफिया जानकारी मिलने के बाद 156 टेरिटोरियल आर्मी और 37 राष्ट्रीय राइफल्स ने कासबलारी गांव के पास तलाशी अभियान चलाया।

इस दौरान भूरे टेप से लिपटे 6 कंटेनर, नीले टेप से लिपटा 1 कंटेनर और एक संदिग्ध मैगजीन कंटेनर मिला। इसके अलावा एक काला बैग, कॉम्बैट पाउच, पावर अडैप्टर, बिजली का स्रोत, एल्युमिनियम कंटेनर और टिफिन भी मिला। वहीं, बारामूला में सुरक्षाबलों ने 22 अक्टूबर को 2 संदिग्ध आतंकी मददगारों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से तुर्की में बनी कनिक पिस्टल, 10 कारतूस वाली मैगजीन और 2 आईईडी मिले थे। पिछले 60 दिनों में 18 आतंकी मददगारों को गिरफ्तार किया गया है।



हरिद्वार की हर की पौड़ी सूखी

18 दिन तक नहीं होगा गंगा स्नान

एजेंसी ▸▸ हरिद्वार

उत्तराखंड के हरिद्वार में गंगनहर को 18 दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। यह बंदी 20-21 अक्टूबर की मध्यरात्रि से शुरू हुई और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 7-8 नवंबर की मध्यरात्रि के आसपास नहर में पानी का प्रवाह दोबारा शुरू किया जाएगा।

इस दौरान नहर की वार्षिक सफाई, मरम्मत और रखरखाव के साथ-साथ वर्ष 2027 में होने वाले कुंभ मेले की तैयारियों से जुड़े निर्माण कार्य भी किए जाएंगे।



गंगनहर बंद होने का असर हर की पौड़ी के घाटों के अलावा उत्तर प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर की जल आपूर्ति तथा सिंचाई व्यवस्था पर भी पड़ सकता है। गंगनहर को हर साल निर्धारित अवधि के लिए बंद करके उसकी सफाई और जरूरी मरम्मत की जाती है। पूरे साल पानी बहने के कारण नहर की दीवारों, संरचनाओं और अन्य हिस्सों में होने वाली कुछ क्षति का पता लगाना मुश्किल हो सकता है।

पानी का प्रवाह रोकने से अधिकारियों को नहर का निरीक्षण करने, गाद और कचरा निकालने तथा जरूरी मरम्मत करने का अवसर मिलता है। अधिकारियों के मुताबिक, इस बार भी वार्षिक रखरखाव के साथ नहर की व्यवस्था को दुरुस्त करने का काम किया जाएगा। इसका उद्देश्य अगले साल तक नहर के संचालन को सुचारु बनाए रखना है।

तिब्बत में 7 तीव्रता का भूकंप, 16 लोगों की मौत



एजेंसी ▸▸ ल्हासा

तिब्बत में गुरुवार रात 7.0 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 65 लोग घायल हुए हैं। भूकंप के बाद 12 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। राहत और बचाव का काम जारी है। चीनी सरकारी मीडिया के मुताबिक, शुक्रवार सुबह तक भूकंप के बाद 400 से ज्यादा झटके दर्ज किए गए। भूकंप का केंद्र तिब्बत के नागक्यू शहर के बाछेन काउंटी में था। यह जमीन से 10 किलोमीटर से भी कम गहराई पर आया। यह जगह तिब्बत की राजधानी ल्हासा से करीब 400 किलोमीटर दूर है।

जियो 1-करोड़ एप्लिकेशन पार करने वाला दुनिया का पहला आईपीओ

20 गुना बोलियां मिलीं, 20% से ज्यादा का रिटर्न मिल सकता है

एजेंसी ▸▸ मुंबई

देश का सबसे बड़ा आईपीओ जियो प्लेटफॉर्म्स का सब्सक्रिप्शन के लिए आज आखिरी दिन है। इसमें शाम 7 बजे तक बोलियां लगाई जा सकती है। अभी तक ये आईपीओ 20 गुना भर चुका है। संस्थागत निवेशकों का कोटा 60 गुना और रिटेल पोर्शन 2.69 गुना सब्सक्राइब हुआ है।

यह 1 करोड़ एप्लिकेशन पार करने वाला दुनिया का पहला आईपीओ भी बन गया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड वारी एनर्जीज के नाम था, जिसके आईपीओ को लगभग 97 लाख आवेदन मिले थे। आईपीओ पहले दिन यानी 21 अक्टूबर को ही 3.02 गुना भर गया था। 19.75 करोड़ शेयरों के बदले 59.68 करोड़ शेयरों की मांग आई थी। दूसरे दिन की शुरूआत में संस्थागत निवेशकों की भारी बिडिंग की वजह से यह आंकड़ा 3.50 गुना के पार पहुंच गया। जियो के एक शेयर की कीमत यानी प्राइस बैंड 1,065 से 1,119 है। आम निवेशक को शेयर खरीदने के लिए कम से कम 13,428 लगाने होंगे, जबकि अधिकतम 14 लॉट यानी 168 शेयर के लिए अप्लाई कर सकते हैं।



दिल्ली के बंगला साहिब गुरुद्वारे के पास एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन

करीब 100 प्रदर्शनकारी पुलिस हिरासत में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के बंगला साहिब गुरुद्वारे के पास शुक्रवार को एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के पोस्टर लेकर पहुंचे और उनके इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन करीब 3 घंटे चला।

यह प्रदर्शन पीपल अगेंस्ट एसआईआर और छात्र संगठन आयसा ने बुलाया था। संगठनों ने बंगला साहिब से चुनाव आयोग ऑफिस तक मार्च बुलाया। पुलिस ने रास्ते में ही करीब 100 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।

दिल्ली में एसआईआर वापसी, ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर पिछले 22 दिनों में 9 से ज्यादा बार 10 पार्टियां और संगठन सड़क पर उतर चुके हैं। इनमें इंडिया ब्लॉक, सीजेपी, आप, लेफ्ट, आयसा, एसएफआई, एसकेएम और छात्र-नागरिक अधिकार संगठन शामिल हैं।

पिछले हफ्ते हुआ पीपल अगेंस्ट एसआरआई का गठन- पीपल अगेंस्ट एसआरआई का गठन पिछले हफ्ते ही हुआ है। एसआरआई के विरोध को एकजुट करने के लिए यह मंच बनाया गया है। इसमें नागरिकों, किसान यूनियनों, मजदूर संगठनों और महिला व युवा संगठनों को शामिल किया गया है।



दिल्ली पुलिस सीजेपी नेताओं को फिर नोटिस भेज सकती है

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच फिर कॉकरोच पार्टी नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को पूछताछ के लिए नोटिस भेज सकती है। इससे पहले पुलिस ने इन्हें गुरुवार को पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन दोनों नहीं पहुंचे थे। उन्होंने पुलिस से और समय मांगा है। दोनों नेताओं को बुधवार को दिल्ली की स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट कोर्ट से जमानत मिली थी। उन्हें 50-50 हजार रुपए के बॉन्ड पर रिहा किया गया। दिल्ली पुलिस ने 13 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान दोनों को हिरासत में लिया था।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

2 साला अनुबंध, 8 साल बाद भी 68 फीसदी काम

संसाधनों की जरूरत मानव बस्ती के लिए आवश्यक हैं। इन संसाधनों में अन्यानेक निर्माण भी आवश्यक हैं। समय की आवश्यकता के अनुसार इन्हें किया जाना जरूरी हैं। कई बार ये समयानुकुल होना आवश्यक हो जाता है। ऐसे ही धर्मनगरी के सिवरेज का काम था। धर्मनगरी एक नई करवट लेने वाली थी उसी दौर में इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही थी और धर्मनगरी की मोक्षदायिनी को प्रदूषण से मुक्ति के लिए यह आवश्यक कदम था। इसके लिए पहल करीब 8 वर्ष पूर्व की गई थी। पर्याप्त पैसा और साइड क्लीयर करके दी जाती रही है। इसके बावजूद 24 माह के अनुबंध पर दिया गया काम 96 माह बाद भी 68 फीसदी सामने आना अपने आप में बहुतेरे सवालों को जन्म दे रहा है। करीब दो साल पूर्व भी इसी काम को लेकर शहर की संस्था के जिम्मेदार प्रशासनिक मुखिया ने करीब 76 प्रतिशत काम होने की जानकारी सामने रखी थी। अब एक बार फिर से यह मामला सामने रखा जा रहा है और दो साल पूर्व के एवज में बताया जा रहा है कि 68 फीसदी ही काम हुआ है। सीधे तौर पर यह सवालों के घेरे में हैं। जिस प्रतिष्ठित कंपनी को काम दिया गया था उससे या तो हमारे जिम्मेदार समयानुकुल काम नहीं करवा सके या फिर प्रतिष्ठित कंपनी जिम्मेदारों से समन्वय बनाने में असफल रही है। सामने रखा जा रहा है कि जून 27 तक इसे पूर्ण कर लिया जाएगा। जब 8 सालों में 68 फीसदी ही काम करवाया जा सका है तो फिर सवाल खडा हो रहा है कि अब कौन सा अलादीन का चराग रोशन होने वाला है जो 32 फीसदी शेष काम को मात्र 6 माह के दरमियान पूर्ण करवाने की क्षमता लिए हुए है। पिछले कुछ वर्षों में शहरी क्षेत्र में ही शहर की संस्था के रिकॉर्ड में ही नई कॉलोनियों का विकास हुआ है। ऐसे में यह मामला पेचिदगियों से भरा हुआ ही है। अनुबंध की शर्तों के तहत 10 साल का संधारण भी किया जाना है ऐसे में कई सारी पेचिदगियां पैदा होना तय है। खुसूर-फुसूर है कि सीधे सीधे धर्मनगरी के रहवासियों के आम शहरी जीवन पर यह मामला कुठाराघात की तरह ही रहा है। पिछले 8 सालों में कुछ ने अपनी जान गवाई, कुछ ने हड्डी पसली तुड़वाई इतने त्याग के उपरांत भी अभी 32 फीसदी काम शेष होना धर्मनगरी के रहवासियों को पूरे तंत्र से सवाल पूछने का हक ही नहीं देता है। इस काम की देरी से जो यहां के रहवासियों को जो-जो समस्या से रूबरू होना पड़ रहा है और कष्ट उठाने पड़ रहे हैं उनकी भरपाई के लिए भी पक्ष रखा जाना चाहिए। अभी तो शहर के एक बड़े हिस्से के घरों को इससे जोड़ा जाना शेष है। धर्मनगरी का मुख्य केंद्र का एक बड़ा भाग में भी लाइनों का बिछाया जाना बाकी है।

नैनो न्यूज

- **गौ रक्षा न्यास** के जिला उपाध्यक्ष पर जानलेवा हमला, पुलिस ने की केवल एनसीआर की कार्रवाई, हाथों में पट्टियां बांधकर एसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित, शिव सेना गौ रक्षा न्यास ने सौंपा ज्ञापन, एफआईआर और गिरफ्तारी की मांग
- **आलौकिक** चातुर्मास में समझाया श्रद्धा, समर्पण एवं आत्मकल्याण का मंगल मार्ग
- **एनसीसी** के राष्ट्रीय कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत में 360 कैडेट्स ने लिया भाग, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आयोजन, कुलगुरु प्रो. अर्पण भरद्वाज ने कहा अलग संस्कृति व भाषा के बाद भी देश में आत्मिक एकता
- **जिला जजों** के स्थानांतरण पर अभिनंदन के साथ दी भावभीनी विदाई, जिले में पदस्थ दो न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण पर अभिभाषक संघ द्वारा साफा बांधकर और शाल-श्रीफल भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई।
- **करियर में** बुद्धि से अधिक भावनात्मक गुणांक महत्वपूर्ण, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यशस्वी संवाद आयोजित, प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्राओं को दिए सफलता के मंत्र
- **सर्व ब्राह्मण** युवक-युवती परिचय सम्मेलन 20 दिसंबर को, अवन्तिका सनाढ्य ब्राह्मण परिषद ने बैठक में बांटी जिम्मेदारियां, 5 दिसंबर तक होगी निःशुल्क प्रविष्टि
- **वाल्मीकि जयंती** पर 26 अक्टूबर को निकलेगा चल समारोह, आयोजन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक
- **फव्वारा चौक** पर आज होगी माँ अन्नपूर्णा की महाआरती, विशाल भंडारा, नवरात्रि की पूर्णाहुति पर अन्नपूर्णा ग्रुप का आयोजन, शाम 7.30 बजे से शुरू होगा कार्यक्रम
- **राज्य स्तरीय** महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का शानदार आगाज, 12 विश्वविद्यालयों की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले शुरू, शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय कर रहा मेजबानी
- **उज्जैन में** 25 अक्टूबर को होगा कबीर पंथ महासंघ की मध्य प्रदेश कार्यकारिणी का गठन, राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में होगी बैठक, उमाशंकर शर्मा बने महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष
- **शरद पूर्णिमा** पर श्वास और दमा रोगियों को बंटेगी निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधि, कुशाभाऊ ठाकरे कॉम्प्लेक्स स्थित धन्वंतरि आयुर्वेद पर सुबह 10 से रात 9 बजे तक मिलेगी पारंपरिक दवा

उज्जैन जिले में दिवाली 2025 में सामने आए थे 15 प्रकरण

कार्बाइड गन बनाम अंधत्व का सामान खरीदना

त्यौहारों में विकृतियों के समावेश ने मजा किरकिरा किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कार्बाइड गन बनाम अंधत्व का सामान खरीदने जैसा ही है। इसके अंदर का रसायन आंखों को सबसे पहले प्रभावित करता है। दीपावली के उत्साह में अंधत्व का सामान खरीदने की भूल कदापि नहीं की जाना चाहिए। डॉक्टर इसे केमिकल बम मानते हैं सामान्य पटाखा नहीं। वर्ष 2025 में ही उज्जैन जिले में कार्बाइड गन से होने वाले नुकसान के 15 प्रकरण सामने आए थे। प्रदेश में उज्जैन जिला 5 वें स्थान पर था। इस बार प्रतिबंध के चलते मैदान में पुलिस एवं प्रशासन सजग है और बाले-बाले कार्बाइड गन बेचने वाले। इसके बाद भी लोग मात्र 150-200 रु. ऑनलाइन 500-2000 रु में इसे खरीद कर मुसीबत मौल लेने को तैयार हैं।

कभी चायना डोर मकर संक्रांति का मजा किरकिरा कर रही है तो कभी दीपावली में कार्बाइड गन उत्सव में जहर घोल रही है। आधुनिकता से त्यौहारों में विकृतियों का समावेश होता जा रहा है और उत्सव पर दुर्घटनाओं की स्थिति आम होने लगी है। इसी को देखते हुए हाल ही में एक बार फिर से कार्बाइड गन पर प्रतिबंध लगाया गया है। विगत वर्ष उज्जैन के 15 मामलों में से ज्यादातर में 7 से 15 साल के बच्चे शामिल थे, जिनकी आंख और चेहरे पर बर्न इंजरी हुई थी। इंदौर के एम वाय हॉस्पिटल में भी उज्जैन के किशोरों का इलाज हुआ था। दिवाली 2026 से पहले उज्जैन पुलिस ने इसे लेकर चेकिंग शुरू कर दी है और रूख भी सख्त अपनाया हुआ है।



क्या हैं कार्बाइड गन

कार्बाइड गन क्या है और कैसे काम करती है?
ये मूलतः खेत में पक्षी और जानवर भगाने के लिए बनी है। किसानों के उपयोग की थी। खेतों से ऐसे पक्षी और जानवरों को इससे आवाज कर भगाया जाता है जो फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। पिछले कुछ सालों से दीपावली त्योहार में खिलौने के तौर पर बिक रही है। इसे पटाखा गन, पाइप गन भी कहते हैं। इसकी बनावट पीवीसी प्लास्टिक या लोहे की पाइप, पीछे गैस लाइटर का स्पार्क सिस्टम, आगे छोटा चैम्बर होता है।

सरकार सख्त, पर ऑनलाइन बिक्री

दिवाली पर कार्बाइड गन पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इससे पूर्व भी ऑफलाइन , ऑनलाइन बैन लगा हुआ था , लेकिन अब ये फिर से ऑनलाइन पेस्ट-कंट्रोल डिवाइस / दूसरे नाम से लिस्ट होकर बिक रही हैं, होम डिलीवरी का दावा भी है। जिले में पुलिस सभी थानों को पटाखा दुकानों, रिहायशी इलाकों में अवैध भंडारण की रोजाना चेकिंग के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत बडनगर में पटाखों की जब्ती का मामला सामने आया। पुलिस की सीधी चेतावनी है कि इसे बनाना, बेचना, स्टोर करना, इस्तेमाल करना - सब प्रतिबंधित है। यहां तक की फैब्रिकेशन यूनिट, हार्डवेयर शॉप, कैल्शियम कार्बाइड बेचने वालों पर भी नजर रखी जा रही है।सोशल मीडिया / ऑनलाइन मार्केटप्लेस / वेयरहाउस मॉनिटरिंग सभी रडार पर हैं। गुप्त रूप से भी इन पर नजर रखी जा रही है।

रासायनिक प्रक्रिया पर काम करती है

यह पूरी तरह से रासायनिक प्रक्रिया पर काम करती है। इसमें कैल्शियम कार्बाइड + पानी = एसिटिलीन गैस + चूना बनता है। बंद पाइप में एसिटिलीन गैस भर जाती है, लाइटर से चिंगारी लगते ही जोरदार धमाका, तेज रोशनी और शॉकवेव निकलती है। पाइप फटने पर प्लास्टिक/लोहे के टुकड़े छर्रे की तरह चेहरे पर लगते हैं।

इसलिए लगाया गया प्रदेश में प्रतिबंध

मध्यप्रदेश में कार्बाइड गन का चलन 2023-24 से ही सामने आ गया था। इसके बाद भी यह बराबर बाजार में धडल्ले से विक्रय की जा रही थी। दिवाली 2025 में इससे होने वाले हादसों में एक दम से वृद्धि दर्ज की गई। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, विदिशा, जबलपुर में एक साथ सैकड़ों केस दर्ज किए गए। सरकारी आंकड़ों में लगभग 300 लोग घायल, 186 केस अकेले भोपाल में, 56 ग्वालियर में, 50 से अधिक विदिशा में, 31 लोगों की आंख में गंभीर चोट इंदौर में, 15 लोगों की सर्जरी एम्स भोपाल में हुई। इनमें ज्यादातर 3 से 14 साल के बच्चे आहत होना सामने आया। अक्टूबर 2025 में बीएनएनएस की धारा 163 के तहत इस प्रदेश व्यापी बैन लगाया गया। इसके बनाना, रखना, बेचना, खरीदना, दिखाना, इस्तेमाल करना और सोशल मीडिया पर वीडियो डालना - सब पर एफआईआर और 1 साल जेल के साथ रूपए 5 हजार आर्थिक जुर्माना का प्रावधान किया गया। अब दिवाली 2026 से पहले फिर से सख्ती के आदेश हैं।

डाक्टरों के अनुसार केमिकल बम

डॉक्टर इसे सीधे तौर पर इसे केमिकल बम कहते हैं वे इसे दीपावली पर उपयोग में आने वाला पटाखा नहीं मानते हैं। डॉक्टरों के अनुसार कैल्शियम कार्बाइड के कण कॉर्निया पर चिपक कर केमिकल बर्न करते हैं। इससे आंखों का लिंबल स्टेम सेल डैमेज, कॉर्निया जलना, रेटिना फटना, स्थायी अंधापन जैसी स्थिति निर्मित होने की स्थिति बन जाती है। कई बच्चों को कॉर्निया ट्रांसप्लांट या एमनियोटिक मेम्ब्रेन ग्राफ्ट लगाना पड़ा। चेहरे एवं त्वचा पर तेज गर्मी से डीप बर्न, प्लास्टिक के टुकड़ों से चेहरे पर छेद जैसी स्थिति बन सकती है। एसिटिलीन गैस और कार्बाइड डस्ट से चक्कर, उल्टी, घुटन, स्किन अल्सर, आंखों में जलन होना सामान्य स्थिति है। इस गन के हाथ में फटने से उंगलियां टूटना, कान के पर्दे फटना भी पूर्व घायलों में देखा गया है।

कई को अंधा बना दिया गन ने

- 2023 स्टडी में खरगोन में 5 युवकों की आंख खराब होने का जिक्र था।
- 2025 दिवाली - मप्र में 300 घायल, 23 से 30 बच्चों में स्थायी अंधेपन का खतरा, 14 बच्चे पूरी तरह दृष्टिहीन हुए।

उज्जयिनी शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल आज से

देश-विदेश की फिल्मों की होगी स्क्रीनिंग

232 भारतीय और 8 अंतरराष्ट्रीय प्रविष्टियां प्राप्त, विभिन्न श्रेणियों में मिलेंगे एक लाख रुपए तक के पुरस्कार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जयिनी शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल 2026 का आयोजन 24 और 25 अक्टूबर को उज्जैन में किया जाएगा। दो दिवसीय महोत्सव में देश के विभिन्न हिस्सों के साथ विदेशों से प्राप्त फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी। फिल्म निर्माण, पटकथा लेखन, अभिनय और सिनेमा की सामाजिक भूमिका जैसे विषयों पर विशेषज्ञ विचार साझा करेंगे। महोत्सव में उत्कृष्ट फिल्मों को विभिन्न श्रेणियों में एक लाख रुपए तक की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा।

विश्व संवाद केंद्र मालवा तथा सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के सतत शिक्षा अध्ययनशाला, कला शिक्षा विभाग और पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव के चौथे संस्करण के लिए 232 भारतीय लघु फिल्मों के साथ आठ अंतरराष्ट्रीय प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। विशेषज्ञ निर्णायक मंडल ने मूल्यांकन के बाद प्रदर्शन के लिए फिल्मों का चयन कर लिया है। शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में महोत्सव की जानकारी दी गई।



आज होगा उद्घाटन

महोत्सव का उद्घाटन आज शनिवार, 24 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में होगा। उद्घाटन सत्र में प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे. नंदकुमार, विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज तथा फिल्म धुरंधर के अभिनेता एवं रंगकर्मी संजय मेहता अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उद्घाटन सत्र में भारतीय समाज के निर्माण में सिनेमा की भूमिका और भारतीय सांस्कृतिक दृष्टिकोण की अभिव्यक्ति जैसे विषयों पर विचार रखे जाएंगे। इसके बाद फिल्म निर्माण, पटकथा लेखन और सिनेमा से जुड़े अन्य विषयों पर विशेषज्ञों के सत्र आयोजित होंगे।

चीन, ब्रिटेन और अमेरिका से भी मिलीं प्रविष्टियां

महोत्सव के लिए प्राप्त आठ अंतरराष्ट्रीय प्रविष्टियों में चीन, ब्रिटेन और अमेरिका सहित विदेशों की फिल्में शामिल हैं। चयनित फिल्मों में भारतीय संस्कृति, लोक एवं जनजातीय परंपराओं, नारी शक्ति, परिवार, इतिहास, सिंहस्थ, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्यों और समकालीन सामाजिक विषयों से जुड़ी कहानियां देखने को मिलेंगी।

फिल्म स्क्रीनिंग के साथ होंगे संवाद सत्र

महोत्सव में शॉर्ट फिल्म, एआई फिल्म, माइक्रो ड्रामा और विज्ञापन फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ मास्टरक्लास, परिचर्चाएं और संवाद सत्र भी होंगे।

10 बालिका खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शिप्रा क्रिकेट अकादमी, दशहरा मैदान, उज्जैन की 10 बालिका खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन हुआ हैं, इसमें अंडर 17 व अंडर 19 वर्ग की 5-5 खिलाड़ी शामिल हैं, यह प्रतियोगिता 23 से 27 अक्टूबर तक आयोजित होगी।

अंडर-17 वर्ग के मैच शिवपुरी व अंडर-19 वर्ग के मैच ग्वालियर में खेले जाएंगे। अकादमी के मुख्य कोच नितिन श्रीवास्तव ने बताया कि शिप्रा क्रिकेट अकादमी में सभी बालिका खिलाड़ियों को कई वर्षों से निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं व अकादमी की कई खिलाड़ी जिला, संभाग, प्रदेश स्तर तक अपनी प्रतिभा दिखा चुकी हैं। अंडर 17 वर्ग में पूर्वा भाटी, आराध्या धरकर, नित्या पाटीदार, पूर्वी भाटी व भव्या सिंह का चयन हुआ हैं। अंडर 19 वर्ग में संध्या यादव, वेदी जैन, तनीषा पाटीदार, इशिका मलिक व रितिशा राठौर शामिल है। बालिका खिलाड़ियों के चयन होने पर उज्जैन डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन व सांसद अनिल फिरोजिया, एसोसिएशन के अध्यक्ष यूनुस शेख, सचिव सुरेंद्र काबरा, पूर्व सिलेक्टर प्रभात समेरिया, शिप्रा अकादमी के मुख्य कोच नितिन श्रीवास्तव, सहायक कोच निखिल सिकरवार व अकादमी परिवार के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।

पेंशनर्स एसोसिएशन की पाक्षिक बैठक संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन, जिला उज्जैन की पाक्षिक बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक दुबे ने की। मुख्य अतिथि के महिला चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. सतविंदर सलूजा उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। अक्टूबर माह में जन्मदिन एवं विवाह वर्षगांठ वाले सदस्यों का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पेंशनर्स की इन समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. स्वामीनाथ पांडेय ने दी।



दैनिक अवन्तिका.उज्जैन। अंकपात क्षेत्र रावण दहन समिति द्वारा रावण दहन किया गया जिसमें रामजी का रोल राज भाटिया लक्ष्मण जी गिरीश परमार विभीषण विक्की सिसोदिया द्वारा अभिनय किया गया।

ग्रह परिवर्तन : 5 दिसंबर को राहु कुंभ राशि से मकर में और केतु सिंह से कर्क राशि में करेंगे प्रवेश, कुछ जातकों को

करियर, कारोबार और आर्थिक मामलों में मिल सकते हैं नए अवसर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

5 दिसंबर 2026 को शाम 7 बजकर 28 मिनट पर राहु कुंभ राशि से निकलकर मकर राशि में और केतु सिंह राशि से निकलकर कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। इस बदलाव से मेष, वृषभ, मिथुन, सिंह, वृश्चिक, धनु और मीन राशि वालों को करियर, कारोबार और आर्थिक मामलों में नए अवसर मिल सकते हैं।

साल 2026 के आखिर में राहु और केतु का राशि परिवर्तन होने जा रहा है। ज्योतिष के लिहाज से इस बदलाव को अहम माना जा रहा है। 5 दिसंबर 2026 को शाम 7 बजकर 28 मिनट पर राहु मकर राशि में और केतु कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। अभी राहु कुंभ और केतु सिंह राशि में हैं। दोनों ग्रहों का यह गोचर करीब डेढ़ साल तक अलग-अलग राशियों के जीवन को प्रभावित कर सकता है। हालांकि, इसका असर हर राशि पर एक जैसा नहीं रहेगा।

राहु-केतु का गोचर- वैदिक ज्योतिष में राहु और केतु को छाया ग्रह कहा जाता है। दोनों हमेशा एक-दूसरे से सातवें स्थान पर रहते हैं। राहु को अचानक होने वाले बदलाव, महत्वाकांक्षा, भ्रम और नई इच्छाओं से जोड़कर देखा जाता है। वहीं केतु को वैराग्य, आध्यात्मिकता और पुराने अनुभवों से सीखने का कारक माना जाता है। 5 दिसंबर को राहु कुंभ से निकलकर मकर राशि में जाएंगे। वहीं केतु सिंह राशि से निकलकर कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। इस बदलाव के बाद करियर, आर्थिक स्थिति, पारिवारिक जीवन और रिश्तों से जुड़े मामलों में नई परिस्थितियां बन सकती हैं। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, कुछ राशियों को आगे बढ़ने के मौके मिल सकते हैं, जबकि कुछ को फैसले लेते समय ज्यादा सावधानी रखनी होगी।



असर कब तक रहेगा?

ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 5 दिसंबर 2026 को होने वाले इस राशि परिवर्तन के बाद राहु मकर और केतु कर्क राशि में करीब 24 जून 2028 तक रह सकते हैं। इस दौरान दोनों ग्रहों की स्थिति में होने वाले बदलावों को ज्योतिष में महत्वपूर्ण माना जाएगा।

मेष राशि- मेष राशि वालों के लिए यह गोचर करियर और कामकाज के लिहाज से महत्वपूर्ण हो सकता है। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिलने या किसी नए काम की शुरूआत करने के मौके बन सकते हैं। जो लोग लंबे समय से अपने काम में बदलाव करना चाहते हैं, उन्हें नए विकल्पों पर विचार करने का अवसर मिल सकता है। कारोबार करने वालों को योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ना होगा। जल्दबाजी में निवेश करने से बचें।

वृषभ राशि- वृषभ राशि वालों के लिए आर्थिक मामलों में नई संभावनाएं बन सकती हैं। आय बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों में गति आ सकती है। नौकरी बदलने या अतिरिक्त कमाई के विकल्प तलाशने वालों को कुछ अवसर मिल सकते हैं। हालांकि, खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। परिवार के साथ बातचीत में स्पष्टता रखें और किसी भी बड़े आर्थिक फैसले से पहले सभी पहलुओं पर विचार करें।

मिथुन राशि- मिथुन राशि के जातकों को करियर और अपनी योजनाओं पर खास ध्यान देना होगा। नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं और काम करने का तरीका बदल सकता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को नियमित पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। कारोबार में नए संपर्क बन सकते हैं। किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार करने से पहले उसकी शर्तें अच्छी तरह समझ लें।

सिंह राशि- सिंह राशि वालों के लिए केतु का सिंह से निकलना ज्योतिषीय दृष्टि से एक महत्वपूर्ण बदलाव है। कुछ लोगों को अपने पुराने फैसलों और योजनाओं पर दोबारा विचार करने का मौका मिल सकता है। करियर में नई दिशा तलाशने की इच्छा बढ़ सकती है। रिश्तों में अपनी बात साफ तरीके से रखना जरूरी होगा। किसी भी बदलाव को लेकर जल्दबाजी करने के बजाय स्थिति को समझकर आगे बढ़ें।

वृश्चिक राशि- वृश्चिक राशि के जातकों को आर्थिक और व्यावसायिक मामलों में नए अवसर मिल सकते हैं। पुराने प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने या किसी नई योजना पर काम शुरू करने का विचार बन सकता है। नौकरी करने वालों को अपनी जिम्मेदारियों पर ध्यान देना होगा। निवेश और साझेदारी से जुड़े मामलों में दस्तावेज अच्छी तरह पढ़ें। केवल किसी के कहने पर बड़ा आर्थिक फैसला न लें।

धनु राशि- धनु राशि वालों के लिए यह समय अपनी योजनाओं को व्यवस्थित करने का हो सकता है। करियर में आगे बढ़ने के लिए नए कौशल सीखने और पुराने संपर्कों का लाभ उठाने के मौके मिल सकते हैं। कारोबार करने वालों को खर्च और कमाई के बीच संतुलन बनाए रखना होगा। परिवार के साथ समय बिताने और जरूरी बातचीत करने से रिश्तों में बेहतर तालमेल बन सकता है।

मीन राशि- मीन राशि वालों को इस दौरान अपने लक्ष्य और प्राथमिकताएं तय करने पर ध्यान देना चाहिए। नौकरी या कारोबार में आगे बढ़ने के लिए नई रणनीति बनानी पड़ सकती है। आर्थिक मामलों में बजट बनाकर चलना फायदेमंद रहेगा। भावनाओं में आकर कोई बड़ा फैसला लेने से बचें। किसी भी योजना पर काम शुरू करने से पहले उसके फायदे और नुकसान समझ लें।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | शनिवार 24 अक्टूबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

स्वास्थ्य परीक्षण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

इंदौर। भारत सरकार की अटल वयो अभ्युदय योजना अंतर्गत स्टेट एक्शन प्लान वर्ष 2026-27 के तहत गुरुवार को आस्था वृद्धाश्रम, इंदौर में वरिष्ठजनों के लिए संवेदनशीलता एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयुष विभाग के चिकित्सकों द्वारा वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही सामाजिक न्याय विभाग द्वारा वरिष्ठजनों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वृद्धजनों को प्राथमिक उपचार, आपातकालीन परिस्थितियों में बरती जाने वाली सावधानियों, पोषण, सामान्य रोगों से बचाव तथा स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने के संबंध में किया जायेगा जागरूक

भोपाल। कृषि उत्पादन आयुक्त के.सी. गुप्ता की अध्यक्षता में यहां कृषि एवं संबंधित विभागों की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में खरीफ फसल वर्ष 2026 की समीक्षा तथा रबी वर्ष 2026-27 की तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही बैठक में प्रमुख फसलों के क्षेत्र विस्तार, उत्पादन एवं उत्पादकता निर्धारण सहित किसानों के हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में निर्देश दिये गये कि संभाग में अल्प वर्षा की स्थिति को देखते हुए किसानों को कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों एवं कम अवधि में पकने वाली किस्मों को अपनाने के लिये प्रेरित किया जाये। किसानों को परम्परागत फसलों और किस्मों के अलावा अन्य विकल्प भी सुझाए जाये।

श्रेष्ठ दुग्ध उत्पादक के पशुपालक को मिलेगा एक लाख का पुरस्कार

इंदौर। कृषि उत्पादन आयुक्त के.सी. गुप्ता की अध्यक्षता में आज पशुपालन एवं डेयरी विकास तथा संबंधित विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पशुपालन डेयरी एवं संबंधित विभागों की समीक्षा की गई। साथ ही पशु नस्ल सुधार, दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान, पशु उपचार , टीकाकरण,हरा चारा, कृत्रिम गभार्धान, किसान कार्ड वितरण, गोबर-गोमूत्र से जैविक खाद बनाना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, दुग्ध संकलन, साईलेज आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्री गुप्ता ने निर्देश दिये गये कि संभाग में पशुपालकों को पशुओं के नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाये। डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना को प्रोत्साहित किया जाये। पशुपालकों को उन्नत नस्ल के गोवंश के पालन को बढ़ावा देने के लिये विशेष प्रयास किये जाये।

कार्बाइड गन और लैम्प के उपयोग पर लगायें अंकुश



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आगामी तीज-त्यौहारों और सामाजिक एवं धार्मिक मेलों के दौरान सभी कलेक्टर्स-एसपी विशेष सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि सुनिश्चित करें कि त्यौहारों के दौरान कार्बाइड गन और कार्बाइड लैम्प का उपयोग नहीं हों, क्योंकि लोकल मेड कार्बाइड गन और कार्बाइड लैम्प मानवों के लिए बेहद खतरनाक होती हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली के दौरान पटाखों की अवैध बिक्री पर रोक लगायें। कहीं भी और किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होने पाये। किसी जिले में यदि किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति निर्मित होगी, तो इसके लिए कलेक्टर और एसपी ही जिम्मेदार माने जायेंगे। उन्होंने कहा कि तीज-त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर रखने की सभी तैयारियां अभी से कर लें। सुरक्षा और आकस्मिक प्रबंधन से जुड़े विषयों पर आपसी सामंजस्य से काम करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय भोपाल से सभी कलेक्टर्स, कमिश्नर्स और एसपी-आईजी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य सरकार की सभी फ्लैगशिप स्कीम्स एवं विकास कार्यक्रमों के फील्ड में क्रियान्वयन का फीडबैक लिया तथा आगामी माहों में सभी तीज-त्यौहारों में कानून-व्यवस्था की बेहतर से बेहतर तैयारी रखने के निर्देश भी दिए।

नैनो न्यूज

- **देवास:** देवास जिले के हाटपिपल्या को 98 करोड़ रुपये की लागत वाली नई सड़क की सौगात मिली है, जिससे क्षेत्र के करीब 70 हजार लोगों को सीधा फायदा होगा।
- **आगर मालवा:** आगर मालवा में जिला कलेक्टर ने कृषि अधिकारियों और किसानों के साथ बैठक कर कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली उन्नत फसलों को अपनाने की अपील की है।
- **शाजापुर:** शाजापुर जिले में नए कलेक्टर डॉ. परिक्षित संजयराव झाड़े ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है और कार्यभार संभालते ही उन्होंने मां राजराजेश्वरी के दर्शन किए।
- **सुसनेर:** सुसनेर के मोड़ी गांव में प्रशासन द्वारा आयोजित जनविश्वास शिविर में 23 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका अधिकारियों ने मौके पर ही तुरंत निराकरण कर दिया।
- **रतलाम:** रतलाम जिले में एक बेहद दुखद घटना सामने आई है, जहां घर के आंगन में खेल रही एक तीन वर्षीय मासूम बच्ची की आवारा कुत्ते के हमले में मौत हो गई।
- **मंदसौर:** मंदसौर और नीमच क्षेत्र के किसानों के लिए वर्ष 2026-27 की नई अफीम नीति जल्द ही जारी होने की संभावना है, जिसे लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने किसानों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

11 प्रमुख धार्मिक स्थलों के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया, टेंपल बांड पर गर्माई सियासत

200 करोड़ जुटाने की योजना पर कांग्रेस बोली- बंद हो धर्म का धंधा

उज्जैन के 11 प्रमुख धार्मिक स्थलों के विकास के लिए 1,124 करोड़ के मास्टर प्लान पर सियासी विवाद शुरू हो गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में मंदिरों के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए एक तरफ जहां देश के पहले टेंपल बांड के जरिए आमजन की सहभागिता से 200 करोड़ रुपए जुटाने की अनोखी योजना पर काम तेजी से चल रहा है, वहीं दूसरी ओर इस पर तीखा राजनीतिक विरोध भी शुरू हो गया है। पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता पी.सी. शर्मा ने इस पूरी योजना को आड़े हाथों लेते हुए इसे धर्म का धंधा करार दिया है।

योजना के बारे में यूडीए अध्यक्ष रवि सोलंकी ने बताया कि उज्जैन के 11 प्रमुख धार्मिक स्थलों के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए कुल 1124 करोड़ रुपए का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा देश में पहली बार ऐसा प्रयोग किया जा रहा है, जिसमें शेयर बाजार की तरह 11 मंदिरों के टेंपल बांड की ऑनलाइन खरीदी-बिक्री होगी। इसमें आम नागरिक भी सीधे सहभागी बन सकेंगे। आने वाले एक-डेढ माह में बांड जारी होने की प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है।

कुल 1124 करोड़ रुपए के इस प्लान में 308 करोड़ रुपए की सरकारी सब्सिडी (ग्रांट) शामिल है। इसके अलावा यूडीए की गारंटी पर 600 करोड़ रुपए बैंक से लोन लिया जा रहा है और बाकी 200 करोड़ रुपए के लिए ये टेंपल बांड लाए जा रहे हैं। इस योजना के तहत कालभैरव, मंगलनाथ, सिद्धवट, सांदीपनि आश्रम, मां बगलामुखी (नलखेड़ा), अंगारेश्वर महादेव, भूखी माता, गढ़कालिका, शनि मंदिर, नवग्रह मंदिर और 84 महादेव

पूर्व मंत्री ने सरकार को लेकर किए सवाल खड़े

इस योजना पर कड़ा ऐतराज जताते हुए पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा ने सरकार को आड़े हाथों लिया और कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। शर्मा ने आरोप लगाया कि मंदिरों के नाम पर बांड जारी करना धर्म का धंधा बन जाएगा। उन्होंने आशंका जताई कि जिसके पास ज्यादा बांड होंगे, वह मंदिर पर अपना एकाधिकार जताने लगेगा। उन्होंने अयोध्या में चढ़ावा चोरी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि वहां चढ़ावे की चोरी पर न तो कोई जांच हुई और न ही कोई कार्रवाई की गई। ऐसे में सरकार का यह नया हथकंडा सही नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार के पास मंदिरों के लिए खुद का पैसा नहीं है? सरकार कर्ज लेकर बांड इश्यू करवा रही है, जो सरासर गलत है। पूर्व मंत्री ने सुझाव दिया कि यदि सरकार के पास मंदिरों के लिए बजट नहीं है, तो वह सीधे भक्तों से कहे, श्रद्धालु अपनी श्रद्धा और दान से मंदिरों का निर्माण करवा देंगे। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यह धंधा नहीं रुका तो इन मुद्दों को लेकर भी भविष्य में बड़े स्तर पर आंदोलन और यात्राएं निकाली जाएंगी।

क्या-क्या सुविधाएं बढ़ेंगी

सिंहस्थ-2028 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इन मंदिरों में पार्किंग क्षेत्र, पेयजल व्यवस्था, यात्री सुविधा केंद्र, सड़क और मार्ग विकास, लाइटिंग तथा हाई-टेक सुरक्षा व्यवस्था के कार्य किए जाएंगे। इससे स्थानीय स्तर पर होटल कारोबार, परिवहन और रोजगार को बड़ा बूस्ट मिलेगा।

टेंपल बॉन्ड - इसके जरिए 200 करोड़ रुपए जुटाए जाएंगे। यह बॉन्ड 10 साल की अवधि के लिए होंगे। **अर्बन चैलेंज फंड -** यहां से 275 करोड़ की सहायता मिलेगी। **बैंक लोन:** शेष 625 करोड़ रुपए बैंकों के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। **विशेष मॉडल:** यह देश का पहला ऐसा मॉडल है, जहां निवेशकों को मिलने वाला रिटर्न और बॉन्ड की प्रतिपूर्ति पूरी तरह से मंदिरों को मिलने वाले दान और उनकी आय से की जाएगी। बॉन्ड जारी करने की प्रक्रिया 15 जुलाई तक पूरी किया जाना है।

आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक इंदौर में होगी

तीन दिनों में लिए जाएंगे कई बड़े रणनीतिक फैसले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक मध्य प्रदेश के इंदौर में 2 से 4 चार नवंबर तक आयोजित की जाएगी। इसे लेकर तैयारी शुरू हो गई है। आरएसएस की तरफ से बताया गया है कि यह तीन दिवसीय बैठक इंदौर में युगाब्द 5128 के दौरान होगी। वहीं, इस तीन दिवसीय मीटिंग में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, सभी छह सह-सरकार्यवाह, अखिल भारतीय विभागों के प्रमुख और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य शामिल होंगे।

साथ ही उम्मीद है कि संगठन के पूरे ढांचे से पदाधिकारियों के इसमें शामिल होने की उम्मीद है। इसमें सभी प्रांतों के प्रांत संघचालक, कार्यवाह और प्रचारक मौजूद रहेंगे। उनके साथ सह-स्तर के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इसी तरह से इस बैठक में 11 क्षेत्रों से संघचालक, कार्यवाह और प्रचारक के साथ सह-क्षेत्र स्तर के पदाधिकारी भी इसमें मौजूद रहेंगे। यह बैठक काफी अहम माना जा रहा है क्योंकि यह संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान देश भर में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के समापन के बाद हो रही है। इन कार्यक्रमों का समापन हाल ही में मनाए गए विजयादशमी उत्सव के साथ हुआ है।

ये मुद्दों पर हो सकती है चर्चा

इस बैठक में उन अहम मुद्दों पर चर्चा हो सकती है, जिन्हें आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने इसी साल अपने विजयादशमी संबोधन में उठाया था। साथ ही शताब्दी वर्ष के दौरान आयोजित किए गए कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा भी की जाएगी।

वहीं, आरएसएस की इस बैठक में संगठनात्मक मामलों के अलावा, कई समसामयिक मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा होने की उम्मीद है। इनमें नए मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े विषय और चुनौतियां, नशीले पदार्थों के सेवन को लेकर बढ़ी चिंताएं, भारत के आंतरिक मामलों में बाहरी हस्तक्षेप और बदलती वैश्विक परिस्थितियां शामिल हैं।

निर्णय लेने वाली कमिटी है यह

अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल आरएसएस की प्रमुख निर्णय लेने वाली इकाइयों में से एक है। इंदौर में होने वाली बैठक में, आंतरिक समीक्षाओं और बाहरी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए हैं। आने वाले समय के लिए संगठन की प्राथमिकताओं और कार्य योजनाओं को तय किए जाने की उम्मीद है।

वहीं, तीन दिनों तक चलने वाली इस बैठक में संगठन की प्रमुख रणनीतियों को अंतिम रूप दिए जाने और उभरती सामाजिक और राष्ट्रीय चुनौतियों से निपटने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश मिलने की संभावना है। साथ ही आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी आने वाले वर्षों में संघ की पहुंच बढ़ाने और वैचारिक कार्यों को और मजबूत करने पर भी चर्चा करेंगे। बैठक में विजयादशमी के अवसर पर मोहन भागवत द्वारा उठाए गए मुद्दों पर चर्चा होगी। साथ ही संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान संचालित गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। देश को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण विषय भी बैठक के एजेंडे में शामिल हैं। इनमें नशीले पदार्थों की बढ़ती चुनौती, देश के आंतरिक मामलों में बाहरी ताकतों का हस्तक्षेप तथा पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन प्रमुख हैं।

तकनीकी टीम ने ग्वालियर पहुंचकर शुरू की ट्रक की जांच

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ग्वालियर

शीतला माता मंदिर के पास हुए दर्दनाक हादसे में अब पुलिस ने जांच की रफ्तार तेज कर दी है। हादसे के कारणों की बारीकी से तकनीकी जांच (टेक्निकल इन्वेस्टिगेशन) करने के लिए पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) की एमटी (मोटर ट्रांसपोर्ट) शाखा की विशेष टीम ग्वालियर पहुंच गई है।

टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। एमटी शाखा की विशेषज्ञों की टीम ने हादसे से पहले ट्रक जिस रास्ते से होकर गुजरा था, उस पूरे रूट को गहराई से खंगाला। सड़क के ढलान, मोड़ और दुर्घटनास्थल तक के पूरे घटनाक्रम की कड़ी से कड़ी जोड़ी जा रही है। इसके साथ ही दुर्घटनाग्रस्त ट्रक की मैकेनिकल जांच भी की गई, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि हादसा ब्रेक फेल होने, किसी तकनीकी खराबी (मैकेनिकल फेलियर) या फिर चालक की लापरवाही के कारण हुआ था। पुलिस के अनुसार, तकनीकी टीम हादसे के हर पहलू की दोबारा जांच करेगी। इस दौरान एमटी शाखा की टीम वाहन के स्टीयरिंग, ब्रेक सिस्टम, स्पीड और भार क्षमता (ओवरलोडिंग) जैसे तकनीकी बिंदुओं पर अपनी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी। इस जांच रिपोर्ट के आधार पर ही हादसे की वास्तविक वजह सामने आ सकेगी और आगे की वैधानिक कार्रवाई तय की जाएगी।

शुक्रवार रात भगवान महाकाल मंदिर में आतंकियों से निपटने के लिए एनएसजी कमांडो ने तीन घंटे चलाया ऑपरेशन

ऑपरेशन महाकाल, तीन घंटे तक चला सुरक्षा अभ्यास

महाकाल लोक से त्रिनेत्र कंट्रोल रूम तक रिहर्सल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था परखने के लिए नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) के ब्लैक कैट कमांडो ने गुरुवार देर रात मॉक ड्रिल की। रात 11 से दो बजे तक चले इस अभ्यास में आतंकी हमले जैसी स्थिति से निपटने, काल्पनिक आतंकियों को निष्क्रिय करने और मंदिर परिसर में फंसे श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकालने का पूर्वाभ्यास किया गया। सुरक्षा एजेंसियों ने प्रमुख धार्मिक स्थलों और संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा तैयारियों को परखने के लिए यह अभ्यास किया। इसके तहत महाकाल लोक, मानसरोवर भवन और त्रिनेत्र कंट्रोल रूम के आसपास माक ड्रिल की गई। आधुनिक हथियारों से लैस कमांडो ने आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई और रेस्क्यू ऑपरेशन की प्रक्रिया का अभ्यास किया।

प्रवेश-निकास द्वारों और आपात रास्तों का किया अध्ययन

महाकाल मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। पर्वों और विशेष अवसरों पर भीड़ बढ़ने से सुरक्षा संबंधी चुनौतियां भी बढ़ जाती हैं। इसे देखते हुए कमांडो ने मंदिर के प्रवेश और निकास द्वारों, आपातकालीन रास्तों तथा रणनीतिक स्थानों का जायजा लिया। अभ्यास का उद्देश्य किसी भी अप्रिय स्थिति में कम से कम समय में कार्रवाई कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की तैयारियों को परखना था। उल्लेखनीय है कि महाकाल महालोक का निर्माण होने के बाद से उज्जैन में भगवान महाकाल मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। देश-विदेश से श्रद्धालु यहां दर्शन करने आ रहे हैं। ऐसे में यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की बड़ी जिम्मेदारी है।

सितंबर 2023 में भी हुआ था सुरक्षा अभ्यास

महाकाल मंदिर परिसर में इससे पहले 25 सितंबर 2023 की रात को भी एनएसजी कमांडो ने मॉक ड्रिल की थी। उस दौरान भी आतंकी हमले जैसी स्थिति से निपटने और श्रद्धालुओं के रेस्क्यू का पूर्वाभ्यास किया गया था।

18 करोड़ से संवरेगी शीप नदी की सूरत, रुकेगा गंदा पानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ श्योपुर

गंदे नालों की गंदगी डाले जाने से दुर्दशा का शिकार हो रही श्योपुर की जीवनदायिनी सीप नदी की सूरत 18 करोड़ रुपये की लागत से संवारी जाएगी। नदी को गंदे नालों और कचरे के दंश से मुक्ति दिलाने के लिए शहर के तीन अलग-अलग स्थानों पर तीन सीवर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जाएंगे। प्लांटों की मदद से नालों के दूषित पानी को उपचारित करने के बाद ही नदी में प्रवाहित किया जाएगा।

परियोजना के लिए टेंडर जारी हो चुके हैं और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। यहां बता दें कि, श्योपुर शहर में आबादी बढ़ने के साथ घरेलू गंदे पानी और नालों से आने वाले अपशिष्ट का दबाव नदी पर लगातार बढ़ता जा रहा है। नतीजतन, स्वच्छ जलधारा के बजाय इसके कई हिस्से गंदगी से प्रभावित होने लगे हैं। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए अब नगर पालिका श्योपुर सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करने की योजना पर काम आगे बढ़ाया जा रहा है। परियोजना के तहत शहर में तीन स्थानों पर प्लांट बनाए जाएंगे। इनमें बंजारा डैम, किले के निचले इलाके और वार्ड क्रमांक 10 को शामिल किया गया है। इन इकाइयों के निर्माण पर कुल 18 करोड़ रुपये खर्च किए जाने की योजना है। नगर पालिका ने इसके लिए टेंडर जारी कर दिए हैं।

भाजपा पार्षद कंचन गिदवानी ने कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष बंधन शुक्ला पर लगाए अभद्रता के आरोप

पेट्रोल खत्म होने पर रुकी पार्षद की गाड़ी, फिर हुआ विवाद!

समर्थकों के साथ पहुंचीं थाने; अभय वर्मा ने निष्पक्ष जांच की मांग उठाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर की राजनीति में वार्ड स्तर पर भाजपा और कांग्रेस के बीच टकराव का एक नया मामला सामने आया है। वार्ड क्रमांक 66 की भाजपा पार्षद कंचन गिदवानी और कांग्रेस के वार्ड अध्यक्ष बंधन शुक्ला के बीच पैलेस कॉलोनी में हुए विवाद ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। मामला उस समय शुरू हुआ, जब जनसंपर्क और नवनियुक्त वार्ड संयोजक व वार्ड पालक के स्वागत के लिए निकली पार्षद की गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया और वाहन मंदिर के बाहर रुक गया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होने की बात सामने आई है।

भाजपा पार्षद कंचन गिदवानी ने कहा कि वार्ड में जनसंपर्क के लिए निकली थीं। इस दौरान पैलेस कॉलोनी में नवनियुक्त वार्ड संयोजक और वार्ड पालक का स्वागत करने के लिए रैली के रूप में जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं का काफिला आगे निकल गया। इसी बीच पार्षद की गाड़ी का पेट्रोल खत्म होने के कारण वाहन कॉलोनी के मंदिर के बाहर रुक गया। पार्षद के अनुसार, उस समय उनके साथ एक महिला कार्यकर्ता भी मौजूद थीं।

कंचन गिदवानी का आरोप है कि इसी दौरान कांग्रेस के वार्ड अध्यक्ष बंधन शुक्ला वहां पहुंचे और उंगली दिखाकर उनसे अभद्र तरीके से बातचीत करने लगे। पार्षद का कहना है कि क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर सवाल उठाए गए, लेकिन बातचीत का तरीका आपत्तिजनक था।

मामले की निष्पक्ष जांच हो- अभय वर्मा

इस मामले में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अभय वर्मा भी भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में होने के कारण नहीं, बल्कि राजनीतिक विरोध के चलते उनके कार्यकर्ता को परेशान किया जा रहा है। वर्मा के अनुसार, उनका कार्यकर्ता क्षेत्र के कामों की जानकारी देने गया था, लेकिन अब उसके खिलाफ झूठे आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराने की कोशिश की जा रही है।

अभय वर्मा ने कहा कि इस मामले में अपना आवेदन दे रहे है और पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इंदौर में नगर निगम के 85 पार्षद हैं और जनप्रतिनिधियों के साथ बातचीत में मयार्दा बनाए रखना जरूरी है शहर में कोई भी नागरिक जनप्रतिनिधि के साथ हमारे अमर्यादित भाषा में बात नहीं करता है खासकर किसी महिला के साथ हालांकि एफआईआर दर्ज होने की स्थिति और शिकायतों में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है।

जाली लगाने के काम से शुरू हुई बात

पार्षद के मुताबिक, क्षेत्र में मंदिर पर जाली लगाने के काम को लेकर भी चर्चा हो रही थी। इसी दौरान बंधन शुक्ला ने क्षेत्र के अन्य कामों का उल्लेख करते हुए अधूरे कार्यों की ओर इशारा किया। पार्षद ने कहा कि वह इस पूरे घटनाक्रम को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंची हैं, ताकि शिकायत दर्ज कराई जा सके।

वहीं, मौके पर मौजूद कुछ महिलाओं ने कैमरे पर आने या खबर में अपना नाम शामिल करने से इनकार किया। हालांकि, उनके बयान और घटनाक्रम के स्वतंत्र सत्यापन के बिना विवाद की पूरी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है।

नशामुक्त विद्यालय अभियान

500 से अधिक विद्यार्थियों वाले संस्थानों में बनेंगी 'एंटी ड्रग समितियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश को मादक पदार्थों से मुक्त बनाने के लिए राज्य शासन के अनेक विभाग संयुक्त अभियान चलाये और शुरूआत में 500 से अधिक विद्यार्थी वाले उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षक, पालक, विद्यार्थी, उच्च शिक्षा, सामाजिक न्याय विभाग तथा पुलिस को समाहित कर एंटी ड्रग समितियों का गठन किया जायेगा। मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल मंत्रालय में पांचवी राज्य स्तरीय एनसीओआरडी बैठक में समीक्षा कर रहे थे। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित अनेक विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष नार्कोटिक्स और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

मुख्य सचिव बर्णवाल ने बैठक में कहा कि जिस प्रकार प्रदेश में नक्सलवाद को समाप्त किया गया है। उसी प्रकार आगामी दो तीन वर्षों में अवैध मादक पदार्थों के संपूर्ण रैकेट को खत्म करने के लिए संबंधित विभाग गंम्भीरता पूर्वक ऐसा अभियान चलाए जिसका समाज के सभी वर्गों तक सपष्ट संदेश जाए। सभी विभाग त्रि-वर्षीय विशेष अभियान के लिए अपने आंतरिक लक्ष्य निर्धारित कर कार्य-योजना बनायेंगे। मुख्य सचिव ने ड्रग नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए सूचना तंत्र को सदृढ़ करने के साथ ही नार्कोटिक्स वर्टिकल, एसआईबी और स्थानीय पुलिस के बीच बेहतर समन्वय करने के निर्देश दिए। ड्रग विनिष्टिकरण में मध्यप्रदेश पहले स्थान पर दो वर्ष में 2 लाख 74 हजार 405 किलो ड्रग विनिष्ट

मुख्य सचिव बर्णवाल ने मध्यप्रदेश में ड्रग विनिष्टिकरण की कार्रवाई में देश में मध्यप्रदेश के पहले स्थान पर रहने पर संतोष व्यक्त किया।

न्यूज कालम



जिला पंचायत सदस्य ने पीड़ित परिवार को भोजन के लिए राशन सामग्री दी

मनावर। आज मनावर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनेडिया में आग लगने से तीन परिवार का पूरा घर जल जाने की दुखद घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित परिवार से मुलाकात करी जिला पंचायत गणेश जर्मन जी उन्होंने हरसंभव सहायता एवं उचित मुआवजा दिलाने का और प्रधानमंत्री आवास योजना जल्द जल्द दिलाने का आश्वासन दिया इस संकट की घड़ी में पीड़ित परिवार अकेला नहीं है। उनके साथ खड़ा हूँ बात कही साथ हीं तत्काल ह्यस्त्रद्व महोदय जी और तहसीलदार महोदय जी को कॉल करके जल्द से जल्द पीड़ित आदिवासी परिवार को शासन प्रशासन से सहायता राशि के साथ उचित मुआवजा दिलाने को लेकर बात करी जिला पंचायत सदस्य गणेश जर्मन जी के द्वारा साथ हीं पीड़ित परिवार को भोजन के लिए राशन सामग्री दी गई है।

सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित सुदामा नगर के रहवासी, ग्राम पंचायत में शामिल करने की मांग

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा/मुंदी



पुनासा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 5 सुदामा नगर में रहने वाले नागरिकों ने अपनी समस्याओं को लेकर सामूहिक आवाज बुलंद की है। शासकीय भूमि मद में दर्ज होने के कारण वार्ड के रहवासियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाने की समस्या सामने आई है। इससे परेशान वार्डवासियों ने पुनासा नगर परिषद अध्यक्ष को आवेदन सौंपकर सुदामा नगर को नगर परिषद क्षेत्र से हटाकर पुनः ग्राम पंचायत में शामिल करने की मांग की है।

वार्डवासियों का कहना है कि नगर परिषद क्षेत्र में शामिल होने के बावजूद उन्हें सरकारी योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों के अनुसार, जब नगर परिषद क्षेत्र में शामिल होने के बाद भी उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, तो वार्ड को ग्राम पंचायत में परिवर्तित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

परिषद की बैठक

सुदामा नगर वार्ड क्रमांक 5 के समस्त रहवासियों ने एकजुट होकर नगर परिषद अध्यक्ष को आवेदन सौंपा और मांग की कि इस गंभीर विषय को आगामी परिषद बैठक के एजेंडे में शामिल किया जाए। वार्डवासियों ने सुदामा नगर को पुनः ग्राम पंचायत के अंतर्गत लाने के प्रस्ताव पर विचार कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग प्रमुखता से रखी।

वार्ड के नागरिकों का कहना है कि उनकी मांग किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के रहवासियों की समस्या से जुड़ी है। सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आ रही कठिनाइयों के समाधान के लिए सभी रहवासी एकजुट होकर अपनी बात प्रशासन और नगर परिषद के सामने रख रहे हैं।अब देखना होगा कि पुनासा नगर परिषद इस मांग को परिषद की बैठक में किस प्रकार प्रस्तुत करती है और सुदामा नगर के रहवासियों को राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं। फिलहाल वार्डवासियों की निगाहें नगर परिषद के निर्णय पर टिकी हैं।



राष्ट्रीय रेलवे मजदूर यूनियन ने लगाया रक्तदान शिविर, 26 यूनिट रक्त एकत्रित

बुरहानपुर। राष्ट्रीय रेलवे मजदूर यूनियन, शाखा बुरहानपुर द्वारा एक भव्य रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 26 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के ऑल इज वेल ब्लड सेंटर का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। ब्लड सेंटर की सहायता एवं मार्गदर्शन से शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं ने मानव सेवा की भावना के साथ इस नेक कार्य में योगदान दिया। राष्ट्रीय रेलवे मजदूर यूनियन, शाखा बुरहानपुर ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी रक्तदाताओं, आयोजकों एवं ऑल इज वेल ब्लड सेंटर की टीम का आभार व्यक्त किया।

तीन खिलाड़ी राष्ट्रीय करांते चैंपियनशिप में करेगे टीम का प्रतिनिधित्व



जावरा ।रतलाम एमेच्योर मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन के तीन खिलाड़ी ग्वालियर में 25 से 26 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली वॉरियर्स करांते चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश करांते टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे । जिला मार्शल आर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय पाटीदार ने बताया उक्त चयनित खिलाड़ी देवांश राठौर माही हाडा और वैष्णवी आर्य कोच मास्टर बलवंत सिंह देवड़ा के नेतृत्व में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला मार्शल आर्ट संगठन के संरक्षक विधायक डॉ राजेंद्र पांडे, हिंदू जागरण मंच प्रांत अधिकारी नेपाल सिंह डोडिया, संगठन उपाध्यक्ष रणवीर सिंह सोलंकी, मनीष मौर्य, सचिन सिसोदिया और जनपद सदस्या प्रिया कुंवर सिसोदिया ने खिलाड़ियों को बधाई दी ।



सेवा संकल्प अभियान के तहत 71वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

सेवा संकल्प अभियान की एक बार फिर शुरूआत करते हुए तहसील के ग्राम नंदावता, रिंगनोद के समीप, सरदार पटेल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 71वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सरदार पटेल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श किया गया। आवश्यकता अनुसार मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को अस्पताल के वाहन से सरदार पटेल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर लाया गया, जहां उन्हें शासन की निरामय आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में भारत विकास परिषद अध्यक्ष शेखर नाहर, सरदार पटेल हॉस्पिटल के मार्केटिंग हेड प्रेम बनोपा, अस्पताल प्रबंधक विकास जायसवाल एवं जनरंल फिजिशियन डॉ. सुनील राठौर ने मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। शिविर को सफल बनाने में अस्पताल के पीआरओ मेहमूद अली अब्बासी, सोहन बोड़ाना, नर्सिंग स्टाफ ग्लोरिया मैम एवं सुनीता सिस्टर सहित ग्रामीणजनों का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना तथा उन्हें समय पर उचित चिकित्सा परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराना है।

ग्राम डाबड़ी में जन-विश्वास शिविर आयोजित, कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार आमजन को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सहज, सरल और सुगम रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत ग्राम डाबड़ी के स्कूल परिसर में शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा उनके आवेदन प्राप्त किए। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जन-विश्वास अभियान का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना और पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है।

शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण की कार्रवाई की गई। इस शिविर के माध्यम से आजीविका मिशन के तहत समूह से जुड़ी महिलाओं ने शासन द्वारा दिए जा रहे आर्थिक सहायता एवं ऋण सुविधा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने व्यवसाय की जानकारी देकर अन्य महिलाओं को भी समूह से जुड़ने के लिए प्रेरित किया साथ ही शासन की ऋण सुविधा के लिय धन्यवाद ज्ञापित किया ।

शिविर में पेंशन योजना के अंतर्गत ग्राम बड़ी खट्टाली के श्री इंडला वास्कला, ग्राम बिलासा के श्री कुंवर गाड़रिया, श्रीमती शाहबाई गाड़रिया, श्रीमती वेस?ती चौहान एवं श्रीमती धनबाई चौहान, ग्राम सिंधी के श्री केकड़िया रावत, ग्राम भीमबयड़ा की श्रीमती अनबाई बामनिया, ग्राम उम्दा की श्रीमती भूरली बामनिया, ग्राम सालखेड़ा के श्री केसरी डुडवे तथा ग्राम डाबड़ी की श्रीमती भूरी बाई रावत को लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार शिविर में आयुष्मान भारत योजना के तहत ग्राम डाबड़ी के हितग्राहियों में झुमरी बाई बघेल , वेरसिंह वास्कला, सोमला टैगोर, सुरेश राठड़िया एवं रेलम बाई राठड़िया प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (उद्यानिकी विभाग) के अंतर्गत ग्राम इन्द्रवन, विकासखंड जोबट के हितग्राही श्री प्रताप सिंह को 57 हजार 375 रुपये की अनुदान राशि प्रदान की गई।

विभिन्न योजनाओं सहित आजीविका मिशन के तहत 12 समूहों को 64 लाख 50 हजार एवं मुद्रा लोन के तहत 2 समूहों को १ लाख के ऋण स्वीकृति पत्र एवं चेक सौंपे गए साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस शिविर में शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई।

इनामी स्थाई वारंटी झाबुआ जिले से गिरफ्तार

बडवानी। पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री बद्रीलाल अटोदे के मार्गदर्शन में फरार वारंटियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन हवालात के अंतर्गत थाना पानसेमल पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई।थाना प्रभारी निरीक्षक श्री रेवाराम चौहान के नेतृत्व में स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम द्वारा थाना पानसेमल के अपराध क्रमांक 239/2018, धारा 394, 395, 412 भादवि में पिछले 7 वर्षों से फरार चल रहे 2 हजार के इनामी फरारी वारंटी रमेश पिता रंगजी भील, उम्र 50 वर्ष, निवासी नेगड़िया, थाना कल्याणपुरा, जिला झाबुआ को झाबुआ जिले से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार वारंटी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रेवाराम चौहान, प्रधान आरक्षक भीमसिंह रावत एवं प्रधान आरक्षक घनश्याम बड़ोले की सराहनीय भूमिका रही।

लोक अदालत में समझौते से मिलता है सुलभ न्याय, रिश्तों में भी बनी रहती है मिठास



सनावद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंडलेश्वर के आदेश एवं तहसील विधिक सेवा समिति, सनावद के निर्देशानुसार न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में न्यायाधीश योगेश चालीसा एवं न्यायाधीश आकांक्षा गर्ग ने कहा कि लोक अदालत में न कोई हारता है, न कोई जीतता है। आपसी सहमति और सुलह-समझौते से प्रकरणों का निराकरण होता है। इससे न केवल सुलभ न्याय मिलता है, बल्कि आपसी संबंधों, मित्रता और रिश्तों में भी मधुरता बनी रहती है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका के जलकर एवं संपत्ति कर, बिजली बिल, पति-पत्नी विवाद, लड़ाई-झगड़े, संपत्ति एवं मेड़ संबंधी विवाद सहित राजीनामे योग्य प्रकरणों का लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की। शिविर में न्यायालय खंडपीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया एवं पलकेश धारे उपस्थित रहे।



11 माह से फरार नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

खरगोन। किशोरी से दुष्कर्म के मामले में 11 माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में ऊन थाना पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी अर्जुन पिता रुमला निवासी कड़वापानी पर पुलिस अधीक्षक ने तीन हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 25 नवंबर 2025 को फरियादी ने ऊन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी किशोरी बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला- फुसलाकर ले गया है। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता को ३० जनवरी को दस्तयाब किया। महिला थाना खरगोन में पीड़िता के बयान दर्ज किए। बयान के आधार पर अर्जुन के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। इस मामले में अर्जुन वारदात के बाद से ही फरार था। अर्जुन की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश भी दी गई, लेकिन वह बार-बार ठिकाने बदल रहा था। अंततः 22 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर वह गांव कड़वापानी स्थित घर से पकड़ा गया। न्यायालय खरगोन में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।



कलेक्टर ने खाटला बैठक में स्वामित्व रजिस्ट्री से संबंधित ग्रामीणों से किया जनसंवाद

आलीराजपुर, । मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने ग्राम इन्दवन में खाटला बैठक आयोजित कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने स्वामित्व रजिस्ट्री के कार्यों की जमीनी स्तर पर समीक्षा की तथा राशन वितरण, पेयजल और अन्य शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने ग्राम डाबड़ी के आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों को दी जा रही सुविधाओं एवं भोजन की गुणवत्ता की जांच की। इसके पश्चात उन्होंने डाबड़ी स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया तथा मरीजों से चर्चा कर स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने ग्राम डाबड़ी स्थित सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण कर कक्षाओं, शौचालयों, पेयजल व्यवस्था एवं भोजनशाला की व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान उन्होंने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं परीक्षा की तैयारियों के संबंध में चर्चा की।

वार्ड 22 में अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासनिक कार्यवाही शुरु

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

वार्ड क्रमांक 22 बीड़ में मकान के मुख्य द्वार के सामने टीन का टपरा रखकर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने को लेकर प्रशासनिक कार्रवाई शुरू हो गई है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उपखंड नेपानगर कार्यालय द्वारा 20 अगस्त को पत्र क्रमांक 851 जारी कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद नेपानगर को निर्देश दिए गए थे। पत्र में उल्लेख है कि आवेदक अखिलेश पिता मनोज यादव निवासी वार्ड नंबर २२ बीड़ रैयत नेपानगर द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई है कि अनावेदक हजरा बी पति स्व. इस्माइल द्वारा उनके घर के द्वार के सामने टप रखकर अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमण को तत्काल हटाकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया है। इसी संदर्भ में नगर पालिका परिषद नेपानगर कार्यालय द्वारा तहसीलदार नेपानगर को पत्र प्रेषित किया गया है।

पत्र में लेख है कि अनुविभागीय अधिकारी (रा) उपखंड नेपानगर द्वारा वार्ड क्रमांक 22 के निवासी अखिलेश यादव द्वारा प्रस्तुत शिकायत में वार्ड क्रमांक 22 के निवासी हजरा बी द्वारा शिकायतकर्ता के द्वार के सम्मुख टीन का टप रखकर अतिक्रमण किए जाने से उक्त अतिक्रमण को हटवाकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। नगर पालिका ने अनुरोध किया है कि जब भी उक्त अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही की जायेगी उसके पूर्व निकाय को अवगत करवाया जाए, ताकि उक्त कार्यवाही में निकाय का दल भी सहयोग हेतु समय पर उपस्थित रह सके।

अब 12 और ट्रेन सेवाओं को डीजल से इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन में बदल दिया



मालीगांव। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने 16 अक्टूबर, 2026 से 12 और ट्रेन सेवाओं को डीजल से इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन में बदल दिया है। यह कदम अधिक स्वच्छ तथा ऊर्जा-कुशल ट्रेन परिचालन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस बदलाव के साथ, चालू वित्त वर्ष में एनएफआरमें कुल 30 ट्रेन सेवाओं को इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पर स्थानांतरित किए गए है। इससे डीजल पर निर्भरता कम करने और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के प्रयासों को और ज्यादा मजबूती मिली है। डीजल से इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन में इंजन बदलने की प्रक्रिया में कमी आने से यात्रियों को भी फायदा होगा। यात्रा के समय में बचत होगी और समय की पाबंदी में सुधार आएगा। इसके अलावा, इलेक्ट्रिक इंजन में हेड-ऑन जनरेशन (एचओजी) की सुविधा होती है, जिससे इंजन से ही सीधे कोचों को विद्युत आपूर्ति की जा सकती है। इससे एलएचबीरेक में लगे जनरेटर कारों में डीजल की खपत कम होती हैऔर साथ ही शोर तथा वायु प्रदूषण को कम करने में भी मदद मिलती है। यह उपलब्धि महाप्रबंधक श्री चेतन कुमार श्रीवास्तव और प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर श्री सुधांशु कृष्ण दुबे के मार्गदर्शन मेंतथा मंडल टीम के समन्वित प्रयासों से हासिल की गई है। एनएफआरपूरे क्षेत्र में अधिक स्वच्छ, कुशल और विश्वसनीय रेल सेवाएं प्रदान करने के लिए इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन का विस्तार करने को प्रतिबद्ध है।

बिना लाइसेंस कारोबार करने वालों पर होगी कार्रवाई

खंडवा/मुंदी। नगर में व्यापारिक गतिविधियों को नियमानुसार संचालित करने और नगर परिषद के नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अब दुकानदारों के लिए ट्रेड लाइसेंस बनवाना अनिवार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर डीआईजी, कलेक्टर एवं एसपी ने किया कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 25अक्टूबर को बड़वानी जिले के ग्राम कलाल्दा (गायत्री धाम, थाना सेंधवा ग्रामीण) एवं ग्राम अजगरिया (थाना वरला) में आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित दौरे को पूर्णतः सुरक्षित, त्रुटिरहित एवं सुव्य वस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु शुक्रवार को वरिष्ठ अधि कारियों ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी (निमाड़ रेंज खरगोन) सुश्री सिमाला प्रसाद, कलेक्टर बड़वानी श्रीमती जयति सिंह एवं पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्म विलोचन शुक्ल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थलों, हेलिपैड, वीआईपी आगमन/गमन मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा घेरा (सर्कन), प्रवेश-निकास द्वार तथा विश्राम स्थलों का स्थल निरीक्षण कर तैयारियों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान डीआईजी सुश्री सिमाला प्रसाद एवं एसपी श्री पद्मविलोचन शुक्ल ने गायत्री धाम परिवार के श्री पंकज पाटीदार तथा श्री विश्वनाथ उर्फ बंटी जी पाटील से कार्यक्रम की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा कर आवश्यक जानकारी ली।

डीआईजी सुश्री सिमाला प्रसाद ने ड्यूटी पर तैनात होने वाले समस्त पुलिस बल को समय पर उपस्थित रहने, पूर्ण सतर्कता एवं उच्च स्तर का अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुचारू यातायात प्रबंधन, प्रभावी पार्किंग तथा सुगम प्रवेश-निकास मार्ग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूर्व से ही वैकल्पिक व्यवस्थाएं तैयार रखने एवं पाई गई कमियों को तत्काल समय रहते दुरुस्त करने के निर्देश जारी किए गए।कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने सभी संबंधित विभागों को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को त्रुटिरहित बनाने हेतु प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी को उनकी जिम्मेदारी दी जाए।



मां वैष्णोदेवी माता का विशाल भंडारा

बड़वानी। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी वैष्णोदेवी मंदिर स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया। जिसमें धार, खरगोन, बड़वानी सहित अन्य क्षेत्रों से मां के भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन की व्यवस्था सराहनीय रही।

जिला स्तरीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक संपन्न

बड़वानी। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद्,जिला बड़वानी द्वारा गुरुवार, 22 अक्टूबर को वाल्मीकि कल्याण आश्रम, भीलखेड़ा रोड, बड़वानी में नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के प्रत्येक विकासखंड से पांच-पांच नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समन्वयक सुश्री ज्योति वर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पूजन एवं माल्यार्पण कर किया गया।

मुख्यमंत्री माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण करेंगे

'मनावर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 24 अक्टूबर को 2,387.60 करोड़ रुपए की लागत की नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला-सरदारपुर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का धार जिले के सरदारपुर स्थित खेल परिसर में लोकार्पण करेंगे। 260 गांवों की 57,422 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित परियोजना से धार एवं झाबुआ जिले के कुल 260 गांवों की 57,422 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इसमें धार जिले की सरदारपुर तहसील के 66 गांवों की 25422 हेक्टेयर भूमि तथा झाबुआ जिले की विभिन्न तहसीलों के 194 गांवों की 32 हजार हेक्टेयर भूमि शामिल है।

न्यूज -कॉलम

जमीन विवाद में मारपीट करने वाले को 2 साल की सजा

उज्जैन। जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराने और पूरे पैसे लेने के बाद भी शुरू हुये विवाद में जेसीबी मशीन की सुपाी से हमला करने वाले आरोपी लक्ष्मणसिंह बंजारा निवासी ग्राम भीलखेड़ा चौकी पानबिहार थाना घट्टिया को नवम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा 2 साल की सजा सुनाई है। अभियोजन अधिकारी राजेन्द्र खाण्डेगर ने बताया कि भैरूलाल ने आरोपी लक्ष्मण बंजारा से आठ बीघा जमीन का 8 लाख 50 हजार रुपये में सौदा किया था। इसके लिए 29 अगस्त 2016 को पूरी राशि देकर तीन महीने में रजिस्ट्री कराने का करार हुआ था। आरोपी ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं की। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। 3 अगस्त 2017 को भैरूलाल मोटरसाइकिल से घर जा रहा था। आरोपी अपनी जेसीबी मशीन क्रमांक एमपी 13 डीए 0731 लेकर पहुंचा। उसने भैरूलाल को रोककर गाली-गलौज की। जमीन की मांग करने पर आरोपी ने जेसीबी की सुपाडी से उस पर हमला कर दिया। इससे भैरूलाल की दाहिनी जांघ और दाहिने हाथ में चोटें आईं और वह मौके पर गिर पडा। घटना के दौरान संजय कुमावत, संजय मालवीय सहित अन्य लोग भी वहां पहुंच गए। आरोपी ने जमीन का नाम लेने पर जान से खत्म करने की धमकी दी और भाग निकला था। भैरूलाल की शिकायत पर घट्टिया थाना पुलिस ने मामले में मारपीट की धारा में प्रकरण दर्ज किया था। लेकिन जांच के बाद गंभीर चोंट होने पर धारा 325 बडाई गई। पुलिस ने मामले में प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया था। लम्बी चली सुनवाई के बाद आरोपी को सजा सुनाई गई है। प्रकरण में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी हार्दिक देवकर ने पैरवी की।

एमडी ड्रग्स मामले में दूसरा आरोपी रिमांड पर

उज्जैन। सर्कल भ्रमण के दौरान चिमनगंज थाना पुलिस ने 19 अक्टूबर की रात गरोठ ब्रिज सर्विस रोड से कार क्रमांक एमपी 70 झेड बी 3948 में सवार सुरेश सिंह पिता कालूसिंह 28 वर्ष, निवासी ग्राम नारेला, थाना बड़ोद जिला आगर मालवा को गिरफ्तार किया था। जिसके पास से 21 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई थी। आरोपी को रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ में उसने अपने ही गांव के दिलीपसिंह चौहान से ड्रग्स लेना कबूल किया था। थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने एक टीम दिलीप की तलाश में आगर रवाना की। जहां से उक्त आरोपी भी हिरासत में आ गया। जिसे उज्जैन लाने के बाद शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे पूछताछ के लिये एक दिन की रिमांड पर लिया गया हैं। उसने एक अन्य आरोपी का नाम बताया है। जिसकी तलाश में एक टीम रात को रवाना की गई है। पूर्व में गिरफ्तार किये गये सुरेशसिंह का रिमांड खत्म होने पर उसे शुक्रवार केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेज दिया गया है। माना जा रहा है कि दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामले में मादक पदार्थ से जुड़े अन्य आरोपियों की चेन भी पुलिस को मिल सकती है, जो धार्मिक नगरी उज्जैन में ड्रग्स सप्लाय का काम कर रहे है।

मकान पर कब्जा लेने पहुंचे बैंक मैनेजर से मारपीट

उज्जैन। क्षीरसागर स्थित बैंक ऑफ बडौदा के मैनेजर सौरव पिता संजय कुमार न्यायालय से मिले आदेश के बाद गिरीराज रतन कालोनी में मकान पर कब्जा लेने पहुंचे थे। मकान में रहने वाले कमलसिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर बैंक द्वारा किये जा रहे कब्जे का विरोध किया और बैंक मैनेजर के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। बैंक मैनेजर की शिकायत पर चिमनगंज थाना पुलिस ने कमलसिंह और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने बैंक से लोन लिया था, लेकिन लम्बे समय से किश्त जमा नहीं कर रहा था। मामला न्यायालय में पहुंचा था, जहां से बैंक को कब्जे के आदेश मिल गये थे।

चालक की लापरवाही से हुई थी मजदूर युवक की मौत

उज्जैन। खाचरौद थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम खेडावदा में 26 सितंबर को जीतू पिता लालू खराडी 45 साल की हादसे में मौत होना सामने आया था। जीतू ट्रेक्टर-ट्राली में बैठा था, जिसकी गिरने पर जान चली गई थी। उसे रतलाम अस्पताल ले जाया गया था। मर्ग डायरी मिलने पर जांच शुरू की गई थी। इस दौरान सामने आया कि मृतक मजदूर था और कृष्णा कलौता निवासी ग्राम नरसिंहगढ़ की ट्रेक्टर-ट्राली में बैठकर मजदूरी पर जा रहा था। कृष्णा ने ट्रेक्टर तेजगति और लापरवाही पूर्वक चलाते हुये ब्रेक लगाये थे, ट्राली में बैठा जीतू गिरने के बाद पहिये की चपेट में आ गया था। जांच पूरी होने पर ट्रेक्टर चालक कृष्णा के खिलाफ धारा 106 (1) का प्रकरण दर्ज किया गया है। ट्रेक्टर-ट्राली जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

दिन	359-7	247-3
मेन बाजार	240-6	380-1
कल्याण नाइट	368-7	269-7
मिलन डे	145-0	900-9
मिलन नाइट	350-8	567-8
मधुर डे	669-1	279-8
मधुर नाइट	138-2	580-3
शुभांक	6 7	2

पुलिस टीम पर हमला करने वाले का निकाला जुलूस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पडोसी के साथ मारपीट करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पहुंची उन्हेल पुलिस टीम पर आरोपी परिवार ने हमला कर दिया था। मामले में हमला करने वालों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया गया था। शुक्रवार को हमले का मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जिसका जुलूस निकाला गया। पूर्व में 2 महिला गिरफ्तार हो चुकी थी।

उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम नागझिरी में बंजारा परिवार के 2 पक्षों में 8 दिन पहले विवाद हो गया था। कंचनबाई पति भावसिंह बंजारा ने पुलिस को पडोसी सरदार बंजारा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने सरदार बंजारा को तलब किया था, लेकिन वह थाने नहीं आ रहा था। 21 अक्टूबर को एसआई धारासिंह चावडा, आरक्षक अखिलेश यादव, पंकज खरते, विक्रम राघव और महिला आरक्षक नेहा भालसे उसके घर पहुंचे थे। उसी दौरान सरदार बंजारा ने परिवार के साथ मिलकर पुलिस पर पथराव कर दिया था और लाठी-



डंडो से मारपीट की थी। एसआई धारासिंह चावडा घायल हो गये थे। 2 आरक्षकों को चोंट आई थी। घायल एसआई चावडा की शिकायत पर उन्हेल थाना पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा की धारा 132, 121(1), 191(2), 191(3), 296(बी), 351(3) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया। 2 महिला आरोपियों सुगनाबाई पति सरदार बंजारा और पूजा पति बबलू बंजारा को गिरफ्तार कर लिया गया। सरदार बंजार और अन्य फरार चल रहे थे। शुक्रवार को सरदार बंजारा पुलिस की गिरफ्त में आ गया। गांव में जुलूस निकाला गया और न्यायालय में पेश किया गया। मामले में अब भी अवंताबाई उर्फ संगीता, माखन, राहुल, दिलीप और अन्य फरार है, जिनकी तलाश जारी है।

वसूलीबाज का कोर्ट मोहल्ला में जुलूस



कोर्ट मोहल्ला में 22 अक्टूबर को रिक्शा चालक मुकेश पिता शिशुपाल जटिया निवासी नामदारपुरा से रिक्शा चलाने के एवज में अवैध वसूली की मांग करने और मारपीट करने वाले बदमाश रवि वर्मा पिता ओमप्रकाश वर्मा 35 वर्ष निवासी अपंग आश्रम के पास, कोट मोहल्ला को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ 17 अपराधिक मामले दर्ज थे। कोर्ट मोहल्ला में वह काफी समय से दादागिरी कर रहा था। लोगों के बीच से उसकी दहशत कम करने के लिये महाकाल पुलिस ने उसका जुलूस निकाला। इस दौरान बदमाश कान पकड़कर अपराध नहीं करने की बात बोलता रहा। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने में एसआई के. के. मालवीय, प्रधान आरक्षक प्रकाश अलावा, आरक्षक शशांक और अरुण की भूमिका रही।

कैमरे में भागती दिखी महिला निकली बेग चोर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कैमरों की मदद से रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर नजर रख रही आरपीएफ टीम को बेग लेकर भागती महिला दिखाई दी। शंका होने पर तत्काल टीम को अलर्ट किया गया। महिला को पकडा गया तो वह बेग चोर होना सामने आई। आरपीएफ ने विवेचना के लिये महिला को जीआरपी के सुपुर्द किया है।

आरपीएफ से मिली जानकारी अनुसार रेल मदद रिफ्रेंस नम्बर पर मिली सूचना के बाद एएसआई महेश गोरसिया द्वारा सीसीटीवी कैमरों से प्लेटफार्म पर नजर रहे प्रधान आरक्षक गोपाल राणावत ने प्लेटफार्म नम्बर 4 पर महिला को बेग लेकर भागते देखा। तत्काल प्रधान आरक्षक बुद्धसिंह हाडा, मनीराम मीणा, आरक्षक लखनलाल सैनी और नंदसिंह राव को अलर्ट किया। टीम ने महिला का पीछा किया और उसे रोक लिया। महिला काफी घबरा गई थी। उसे आरपीएफ पोस्ट लाया गया। जहां महिला आरक्षक प्रतिभा शर्मा ने महिला से पूछताछ शुरू की, उसका नाम गीताबाई पति कमलकिशोर नायक 43 वर्ष, निवासी राम मंदिर मोहल्ला परसूलिया कला गेलाना, आगर मालवा सामने आया। बेग की तलाशी लेने पर उसमें एक हजार रूपये नगद और एक सैमसंग कंपनी का मोबाईल मिला। सख्त पूछताछ करने पर उसने सवारी गाडी संख्या 19303 इंदौर-भोपाल के कोच एस-4 से बैग को



चोरी करना कबूल कर लिया। आरपीएफ पोस्ट से महिला चोर के पकडाने पर जीआरपी को सूचना दी गई। जीआरपी द्वारा जिस यात्री का बेग चुराया गया था, उससे संपर्क कर आगे की विवेचना की जा रही है।

बेटी स्कूल से लौटी तो फंदे पर लटके मिले पिता

उज्जैन। फैक्ट्री से मजदूरी काम छोडने के बाद बेरोजगार घूम रहे युवक ने शुक्रवार को फांसी लगा ली। बेटी स्कूल से लौटी तो उसने पिता को फंदे पर लटका देखा। घटना के समय युवक घर पर अकेला था। पंवासा थाना क्षेत्र के मक्सीरोड पर रहने वाला जितेन्द्र पिता मदनलाल मालवीय 40 साल क्षेत्र की उद्योगपुरी फैक्ट्री में मजदूरी करता था। उसकी पत्नी नागझिरी स्थित फैक्ट्री में काम करती है। जितेन्द्र ने कुछ माह पहले काम छोड दिया था और बेरोजगार हो गया था। वह दिनभर घूमता रहता था और नशा कर लेता था। शुक्रवार को पत्नी काम पर चली गई थी, वहीं बेटी भी स्कूल गई थी। दोपहर में स्कूल की छुट्टी होने पर बेटी घर लौटी तो उसने पिता को घर के कमरे में वेंटिलेशन पर लटका देखा।

बेटी पंवासा थाने पहुंची और पुलिस को सूचना दी। प्रधान आरक्षक ब्रजनंदन मिश्रा ने बताया कि घटनास्थल से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल लाया गया। पत्नी भी काम से लौट आई थी, फिलहाल फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है। माना जा रहा है कि आर्थिक परेशानी और नशे की वजह से उसने आत्मघाती कदम उठाया है। पंवासा थाना क्षेत्र के मैत्रीकुंज कालोनी में गुरूवार रात अरूण पिता रामचंद्र 43 साल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस के अनुसार आसपास के लोगों ने उसे किराना दुकान में लटका देखकर सूचना दी थी। घटनास्थल पर जांच के दौरान सामने आया था कि मृतक अरूण के परिवार में कोई नहीं था, वह अकेला रहता था। संभवत: अकेलेपन की वजह से उसने मौत को गले लगाया है। रिश्तेदारों के आने पर शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया।

गुलाबी ठंड का स्वास्थ्य पर पड़ने लगा प्रभाव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अक्टूबर माह के कुछ दिन शेष बचे है और गुलाबी ठंड की दस्तक शुरू हो गई। जिसका असर स्वास्थ्य पर पड़ता दिखाई दे रहा है। सबसे ज्यादा बच्चे सर्दी-जुखाम से प्रभावित हो रहे है।

इस बार बारिश कम होने से ठंड का आगाज देरी से होता दिखाई दे रहा है। लेकिन पिछले चार-पांच दिनों से सुबह-शाम हल्की गुलाबी ठंड महसूस होने लगी है। गुरूवार-शुक्रवार रात न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री की गिरावट आई थी। वहीं शुक्रवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री दर्ज हुआ। शाम ढलने के बाद हवा 6 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटे की चल रही थी। मौसम विभाग की माने तो नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह बाद ठंड का आगाज हो सकता है। वैसे वर्तमान में मौसम बदला दिखाई देने लगा है। रात में हल्की गुलाबी ठंड महसूस होने लगी है। 18 अक्टूबर तक दिन का तापमान 36 डिग्री के आसपास दर्ज हो रहा था। वहीं रात का तापमान भी 21-22 डिग्री बना हुआ था। इधर तापमान



में आ रही कमी के चलते बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रभाव दिखाई दे रहा है। एक साल से 12 साल तक बच्चों में सर्दी-जुखाम के लक्षण दिखाई दे रहे है।

गर्म कपडो का सजने लगा बाजार

ठंड का आगाज होने से पहले गर्म कपडों का बाजार सजा दिखाई देने लगा है। आगररोड पर तिब्बत वूलन मार्केट में दुकाने लग चुकी है। जिसका शुभारंभ जल्द हो सकता है। शहर के शॉपिंग मॉल में भी जैकेट से लेकर स्वेटर तक की वैरायटी पहुंच चुकी है। लेकिन दिन में तापमान 34 डिग्री बना होने पर खरीददारी का सिलसिला शुरू नहीं हुआ है।

साइबर ठगों ने फिर 2 खातों से निकाले 3.50 लाख

उज्जैन। डिजीटल क्रांति के युग में ऑनलाइन ठगी के मामलों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। एक बार फिर 2 लोगों के खातों से 3.50 लाख निकाल लिये गये। साइबर हेल्पलाइन पर हुई शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की है।

माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि देसाईनगर में रहने वाले हितेश पिता अशोक अखंड के साथ 18 अक्टूबर को ऑनलाइन धोखाधडी होने का प्रकरण दर्ज किया गया है। हितेश के अनुसार उसने किसी को नाम तो ओटीपी बताया था ना ही पासवर्ड और जानकारी दी थी। बावजूद के खाते से एक बार में 50 हजार और दूसरी बार में 49 हजार 999 रूपये का ट्रांजेक्शन हो गया। पुलिस के अनुसार साइबर हेल्पलाइन पर हुई शिकायत के बाद मामले की जांच शुरू की गई है। दूसरा धोखाधड़ी का मामला नानाखेड़ा स्थित वेदा अस्पताल के सामने बसंत विहार में रहने वाले देवेन्द्र पिता शिवदयाल राय के साथ हुआ। उनके खाते से अलग-अगल 6 ट्रांजेक्शन हुये और 2 लाख 55 हजार से अधिक की राशि निकाल ली गई। मामले में नानाखेडा पुलिस ने हेल्पलाइन पर दर्ज हुई शिकायत के बाद प्रकरण दर्ज किया है। विदित हो कि पिछले 2 से 3 माह में जिले में करीब 80 से अधिक लोगों के साथ हुई ऑनलाइन धोखाधडी के मामले सामने आ चुके है। साइबर ठगों ने उज्जैन जिले के लोगों को अपने निशाने पर ले रखा है। वह हर दिन किसी ना किसी के खाते से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर रहे है। साइबर हेल्पलाइन पर तत्काल शिकायत होने पर राशि को होल्ड कराया जा रहा है जिसके चलते धोखाधडी करने वाले राशि निकाल नहीं पा रहे है और लोगों के खातो में वापस आ रही है। लेकिन जिस तरह से धोखाधडी हो रही है, उससे पुलिस की परेशानी बड गई है। पूर्व में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सचेत किया गया था। उसके बाद भी धोखाधडी के मामले कम नहीं हो रहे है।

दिल्ली की महिला ने लगाया वीडियो बनाने का आरोप

उज्जैन। महाकल मंदिर के पास माधव सेवा न्यास के भक्त निवास में ठहरी दिल्ली की महिला श्रद्धालु ने मोबाइल से एक युवक द्वारा उसका मोबाइल बनाने का आरोप लगाया और लिखित शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बताया जा रहा है कि दिल्ली की महिला श्रद्धालु परिवार के साथ गुरूवार को धार्मिक यात्रा पर आई थी। परिवार ने भक्त निवास के डॉरमेट्री में ठहरी थी। रात 8 बजे के लगभग वह बाथरूम गई थी, उसी दौरान एक युवक द्वारा मोबाइल से उसका वीडियो बनाया गया। महिला की नजर बाथरूम की खिडकी पर दिखे मोबाइल पर पडी तो उसके द्वारा शोर मचाया गया। भक्त निवास का कर्मचारी युवक भागता दिखाई दिया। मामले का पता चलते ही परिवार भी सामने आ गया। रात में मामला महाकाल थाना पुलिस के पास पहुंचा। महिला ने लिखित शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। महिला का कहना था कि युवक ने बाद में वीडियो डिलीट कर दिया था। मामला गंभीर होने पर माधव सेवा न्याय के कुछ लोग भी थाने पहुंचे थे। घटना का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरे देखने की बात कही गई। पुलिस ने शुक्रवार को कैमरों के फुटेज देखे लेकिन कुछ सामने नहीं आ पाया। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल का कहना था कि महिला ने शंका जताई कि उसका वीडियो बनाया जा रहा है। लेकिन प्रारंभिक जांच में मामला स्पष्ट नहीं हो पाया है। महिला भी पुलिस जांच से संतुष्ट दिखाई दी, वह शुक्रवार को वापस लौट गई है।

79वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का भव्य आगाज, सतगुरु माता सुदीक्षा जी ने दिया संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वास्तविक जागृति तभी आती है, जब मनुष्य हर पल परमात्मा की उपस्थिति का अहसास करते हुए आध्यात्मिकता को अपने जीवन में धारण करता है। यह विचार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने समालखा में आयोजित 79वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के प्रथम दिन मानवता के नाम संदेश कार्यक्रम में व्यक्त किए।

23 से 26 अक्टूबर तक चलने वाले इस चार दिवसीय समागम का शुभारंभ माता सुदीक्षा जी और निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में हुआ, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचे हैं।

सतगुरु माता जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, परिवार, समाज और देश के प्रति कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए एक जागरूक वैश्विक नागरिक बनना चाहिए। जाति-पाति, भाषा, क्षेत्र और स्वभाव के अंतर से ऊपर उठकर हर इंसान को प्रेम, सम्मान और अपनत्व के भाव से स्वीकार करना ही सच्ची मानवता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आध्यात्मिक जागृति केवल विचारों या दिखावे तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह हमारे व्यवहार और सामाजिक कर्तव्यों में भी झलकनी चाहिए। परिस्थितियां कैसी भी हों, परमात्मा की रजा को स्वीकार करते हुए प्रत्येक पल को प्रसन्नता, संतोष और कृतज्ञता के साथ जीना ही सच्ची आध्यात्मिकता है।

समागम स्थल पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी और राजपिता रमित जी को पुष्पों से सजी खुली पालकी में मुख्य मंच तक लाया गया। इस दौरान निरंकारी इंस्टीट्यूट ऑफ म्यूजिक एंड आर्ट्स के 600 से अधिक विद्यार्थियों ने भरतनाट्यम और स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। इससे पूर्व संत निरंकारी मंडल के जनरल सेक्रेटरी सुखदेव सिंह और प्रधान राजकुमारी ने माता जी का स्वागत किया। वहीं, राजपिता जी का अभिनंदन एसएल गर्ग और एचएस चावला ने किया। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन किया गया। इसमें देशभर से आए मीडियाकर्मियों को समागम की आध्यात्मिक विचारधारा, उद्देश्यों और जनकल्याणकारी संदेश की विस्तृत जानकारी दी गई। समागम में विभिन्न धर्मों, जातियों और भाषाओं के लोग सभी भेदभाव भूलकर मानव-एकता और विश्वबंधुत्व के सूत्र में बंधे नजर आए।

शरद उत्सव में गूंजेंगे शास्त्रीय संगीत और भजन

उज्जैन। महाराष्ट्र समाज द्वारा 24 अक्टूबर को शरद उत्सव मनाया जाएगा। इसमें पुणे और मुंबई के प्रसिद्ध कलाकार अपनी सांगीतिक प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के अंत में चंद्र देवता को दूध का भोग लगाकर दुग्ध महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक वसंत आपटे ने बताया कि शरद उत्सव में पुणे के प्रसिद्ध गायक अथर्व वैरागकर और मुंबई की ।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार वैभव चौधरी पिता संजीव चौधरी निवासी - ग्राम सिलनारदा खा. रतलाम हाल्टी के द्वारा ग्राम टुकलाव खा. मकड़ौन स्थित उज्जैन म.प्र. स्थित निम्नानुसार भूमियो को क्रय करने का सौदा का सौदा चिट्ठी मे पक्षकार ने लिखवा लिया है एवं अग्रिम भुगतान कर दिया है। जिस आधार पर मेरे पक्षकार द्वारा निम्नानुसार भूमि स्वामियो से निम्न भूमियो को विक्रय करने का सौदा किया जा रहा है।

क्र.	नाम	खसरा नंबर	रकबा हमारा
1.	रेवाबाई पति रतनलाल जाति भाटी	97/1, 97/2, 214/3	0.8000, 0.4000, 0.2000,
2.	भगवती चौधरी की वास्तविक जाति भाटी निवासी- दाऊखेड़ी, उज्जैन लेने विक्रेता सहि अनुबंधकर्ता- 1. लोकेश पिता इंद्रराज जोशवाल निवासी- 452122, मेन नगर विक्रेतागण के वास, इन्दौर 2. राजेश पिता मनोहर पटेल निवासी - 88, अन्नपूर्णा इन्दौर, इन्दौर, इन्दौर	218	1.0100

अगर उपरोक्त सम्पत्ति किसी का भी ऐसा, आपत्ति या कोई लेन-देन बकाया हो या किसी बैंक या संस्था में चालित हो तो 7 दिवस की अवधि में मय कागजातो के मुझे सूचित करे अन्यथा बाद-मैनेजर उपरोक्त सम्पत्ति की रजिस्ट्री में पक्षकार के हित में करवा ली जावेगी इसके बाद किसी को भी ऐसा या आपत्ति में पक्षकार पर जोखनदारी नहीं होगी सो सूचित होवे।

अभिनय जैन एडव्होकेट

पता:- एडव्होकेट चेम्बर नंबर 8, कलेक्टोरेट, इंदौर म.प्र. मो. नं. 98275-61563

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार वंडर होम फायनेंस लिमिटेड पता- 102 गोपाल प्लाजा ए.के. बिल्डिंग चौराहा फ्रीगंज उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक एल-07 स्थित क्रिस्टल प्रिमियम कॉलोनी ग्राम जीवनखेडी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफ ल 53.39 वर्गमीटर है जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में-भूखण्ड़ क्रं. ई-01 व ई-02 (तिरूपति क्रिस्टल ब्लॉक-सी), पश्चिम में - कॉलोनी का रोड़, उत्तर में- भूखण्ड़ क्रमांक एल-08, एवं दक्षिण में- भूखण्ड़ क्रमांक एल-06 स्थित हैं। उक्त संपत्ति कैलाश शर्मा पिता श्री बंशीलाल ने इसके पूर्वस्वमी हेंमत चौहान पिता बाबुलाल चौहान से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 17 आईजीआर 18842026 ए100067006 दिनांक 19/01/2026 के माध्यम से क्रय कि। एवं कैलाश शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 17/03/2026 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी मिनाक्षी शर्मा पति स्व. श्री कैलाश शर्मा ने अपना नामांतरण ग्राम पंचायत सिकन्दरी में दिनांक 26/05/2026 को अपना नाम दर्ज करवाया। तथा मिनाक्षी शर्मा ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबंध पायल माली पति हितेश कुमार माली से किया है तथा पायल माली के द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु वंडर होम फायनेंस लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर वंडर होम फायनेंस लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार वंडर होम फायनेंस लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

तेजपाल परिहार एडवोकेट

ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352

भक्ति की सर्वोच्च अवस्था



मनुष्य जिस लक्ष्य को अपने विचारों के केंद्र में रखता है, उसका प्रभाव उसके व्यक्तित्व और चेतना पर पड़ता है। यदि उसके विचार सीमित इच्छाओं और भौतिक सुखों तक सिमटे रहते हैं, तो उसका मानसिक विकास भी सीमित रह सकता है, लेकिन जब परमात्मा उसके चिंतन का केंद्र बन जाते हैं, तब उसकी चेतना व्यापक होने लगती है। आध्यात्मिक दर्शन के अनुसार, इस प्रक्रिया में मनुष्य का मन अंततः ब्रह्मांडीय चेतना के साथ एकाकार होने की दिशा में आगे बढ़ता है। इसे ही परम सत्ता का आकर्षण कहा गया है।

जब साधक का मन परम सत्ता की ओर बढ़ता है, तब उसकी आध्यात्मिक प्रगति सामान्य गति से भी तेज हो सकती है। इस तीव्र परिवर्तन के कारण ही कुछ साधकों की आंखों में आनंद के आंसू आ जाते हैं या नृत्य करने की इच्छा जैसी अनुभूतियां होती हैं। कुछ लोग इन भावनात्मक अभिव्यक्तियों के बिना भी आध्यात्मिक साधना में आगे बढ़ते हैं। इस दर्शन में परम सत्ता के आकर्षण से उत्पन्न भक्ति को वास्तविक भक्ति माना गया है। भौतिक संघर्ष से उत्पन्न भक्ति को स्थिर और मानसिक संघर्ष से उत्पन्न भक्ति को परिवर्तनशील प्रकृति का बताया गया है। इसके विपरीत, परम सत्ता के प्रति गहरे चिंतन से उत्पन्न भक्ति मनुष्य को सांसारिक इच्छाओं से ऊपर उठाती है। ऐसी भक्ति में साधक का उद्देश्य किसी लाभ को प्राप्त करना नहीं, बल्कि परम सत्ता से आत्मिक संबंध स्थापित करना होता है। इस आध्यात्मिक दृष्टिकोण के अनुसार, परमात्मा किसी भी जीव को अपने आकर्षण से अलग नहीं करते। मनुष्य को कभी यह अनुभव हो सकता है कि परमात्मा ने उसे भुला दिया है, पर दर्शन का मानना है कि प्रत्येक जीव ब्रह्मांडीय चक्र का हिस्सा है और परम सत्ता के प्रेम से जुड़ा हुआ है।

सुख और दुख, दोनों जीवन के अनुभव हैं। सच्चा साधक सुख मिलने पर परमात्मा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है और दुख में उनके सान्निध्य का अनुभव करने का प्रयास करता है। जैसे, किसी निर्दोष को न्यायालय से रिहाई मिलती है, तो वह इसे न्याय की विजय मानकर आभार व्यक्त करता है। वहीं, दोषी व्यक्ति दंड से अपनी गलतियों को सुधारने की प्रेरणा ले सकता है। इसका आशय यह नहीं है कि हर दुख को बिना प्रतिरोध स्वीकार कर लिया जाए, बल्कि कठिन स्थितियों में भी हम विवेक, आत्मचिंतन और आध्यात्मिक विश्वास को बनाए रखें।

भौतिक संघर्ष से शारीरिक, मानसिक संघर्ष से बौद्धिक और परम सत्ता के आकर्षण से आध्यात्मिक विकास होता है। साधना इन तीनों के बीच संतुलन स्थापित करने में सहायक होती है। इसकी सर्वोच्च भावना पूर्ण समर्पण है, जिसे सच्ची भक्ति कहा गया है।

सम्पादकीय

आंदोलन की हदें

भारत में तेज हुए विरोध-प्रदर्शनों में कुछ विराम आया दिख रहा है और यह सरकार व आम लोगों के लिए राहत की बात है। कॉकरोच जनता पार्टी अर्थात सीजेपी बनाने वाले अभिजीत दीपके ने भी आंदोलन में फिलहाल विराम की घोषणा करते हुए आग्रह किया है कि आंदोलन के समर्थक त्योहारों के दौरान कुछ समय अपने परिवार के साथ बिताएं। अब आंदोलन फिर कब जोर पकड़ेगा, इस बारे में कुछ भी नहीं कहा गया है। यहां यह ध्यान देने की बात है कि सीजेपी की भाषा पहले की तुलना में उदार हुई है और यह सकारात्मक बात है। उसके दो नेताओं की हिरासत से भी समीकरण बदले हों, तो आश्चर्य नहीं। चेतावनी की भाषा की जगह अब प्रार्थना के बोल सामने आ रहे हैं। नफरत को खुद पर हावी न होने देने का आग्रह भी सराहनीय है। शांति, करुणा और प्रेम को आंदोलन की ताकत बताया जा रहा है। खुशी होनी चाहिए कि जब अनेक देशों में युवा आगजनी-लूटपाट पर उतारू हैं, तब आंदोलनरत भारतीय युवा गांधीजी को याद कर रहे हैं।

सीजेपी के तल्ख तेवर के नरम पड़ने की चर्चा अवश्य होगी और होनी भी चाहिए। भारतीय शासन व्यवस्था के काम करने का अपना ढंग है। यह व्यवस्था विरोध-प्रदर्शन के मौके देती है, लेकिन चीजों को नियंत्रण से बाहर न जाने देने के तमाम इंतजाम भी करती रहती है। बहुत मुमकिन है कि 13 अक्तूबर को सीजेपी नेता सौरव दास और आशुतोष रांका के नेतृत्व में अगर जंतर मंतर पर कानून का उल्लंघन न हुआ होता, तो सीजेपी को ऐसी परेशानी नहीं होती। जंतर मंतर पर तिरंगा फहराने के लिए न केवल निषेधाज्ञा को तोड़ा गया, पहले पुलिस से किए गए अनुबंध या बांड की भी अवहेलना हुई। एक समय सीजेपी नेता यह भी कह रहे थे कि उन्होंने किसी बांड पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। समझना होगा, आंदोलन का कोई एक तरीका नहीं होता है और उसमें कई तरह की अभिव्यक्तियां संभव हैं, लेकिन जब मामला पुलिस या अदालत की परिधि में पहुंचता है, तब न्याय मांगने की अपनी स्थापित भाषा लागू हो जाती है। इस भाषा में भी अब सीजेपी नेता पारंगत हो रहे हैं और यह एक तरह से नौजवानों के लिए जरूरी भी है। बुधवार को रांका और सौरव दास को उच्च न्यायालय से अपनी याचिका वापस लेनी पड़ी है।

उम्मीदों के उड़ते हवाई बादल

किसी के नहीं, जनता के चाहने से ही बदलेगी रिजीम

रिजीम चेंज की बात प्रशांत भूषण ने तो अभी कही लेकिन देश की जनता तो पिछले एक साल से ही महसूस कर रही थी कि विपक्ष चाहे वह कांग्रेस हो या आम आदमी पार्टी या समाजवादी पार्टी या वामपंथी हो, सब के सब सत्ता परिवर्तन चाहते हैं। यह बात तो तब ही स्पष्ट हो गई थी जब तिलचट्टों की पार्टी सीजेपी ने पहला आंदोलन कर जंतर मंतर



डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

पर सरकार को दबाव में लाकर तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लेने में सफलता पाई थी। आशंका तो यह थी कि यदि सरकार इस प्रोटेस्ट के आगे झुकती नहीं तो तिलचट्टे बांग्लादेश जैसे हालात बनाने की जुगत में थे। विपक्ष खास तौर से सीजेपी के आका अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस पार्टी के सर्वेसर्वा इस बात से बहुत खुश थे कि ऊंट पहाड़ के नीचे आ ही गया और ये जब चाहेंगे अपनी मांगे मनवा लेंगे। इसी भ्रम में एसआईआर के बहाने को ढाल बनाकर दूसरे आंदोलन की तैयारी शुरू हुई थी। सीजेपी और कांग्रेस को यह लग रहा था कि पहले जंतर मंतर से प्रधान का इस्तीफा लेने में सफलता मिली ठीक उसी तरह इस बार वे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा ले लेंगे और इसी दबाव में वे मोदी को सत्ता से बेदखल करने की राह बना लेंगे। इसी गलतफहमी में सरकार विरोधी दोनों धड़े श्रेय लेने में एक बार फिर दिल्ली को बंधक बनाने की कोशिश में जुटे दिखाई दिए। बड़ी-बड़ी बातें की गईं। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया। कहा कि ऐसा नहीं होगा तो देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। इसकी शुरूआत सीजेपी संस्थापक दीपके ने 2 अक्टूबर को मुंबई के शिवाजी पार्क में आधिकारिक रूप से की। इन्हें भरोसा था कि सरकार डर कर मुख्य चुनाव आयुक्त पर दबाव बना ज्ञानेश कुमार से इस्तीफा दिला देगी और सीजेपी की यह उपलब्धि उनके आंदोलन को व्यापक स्वीकृति दिलवा देगी। घोषणा की गई कि 10 एवं 11 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर एक बड़ा प्रदर्शन और मार्च आयोजित कर प्रधान की तरह ही ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा लिया जाएगा। इसकी पूरी तैयारी की गई और अलग-अलग शहरों से लोगों को दिल्ली भेजने की शुरूआत हुई। इन तिलचट्टों को लग रहा था कि बस एक-दो दिन नारेबाजी कर अराजकता कर सरकार को डरा लेंगे लेकिन वह भूल गए कि उनके पहले आंदोलन को सरकार ने जो महत्व दिया था वह अब मिलना आसमान के तारे तोड़ने जैसा है। सीजेपी यह भी भूल गई कि पहले आंदोलन में सरकार के प्रतिनिधि केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह थे जिन्होंने विनम्र भाव से स्थितियों को हैंडल किया था। उनकी उदारता का परिणाम एक अच्छे और योग्य मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के रूप में सरकार को भुगतना पड़ा। लेकिन आंदोलन 2.0 को सुलटाने की कमान इस बार देश के गृहमंत्री अमित शाह के हाथों में थी जो वे कहते हैं, करते हैं चाहे वह नक्सल आंदोलन हो या धारा 370 हटाना हो या कोई और। सरकार का यही निर्णय सीजेपी के आकाओं और संस्थापक अभिजीत दीपके, प्रवक्ता सौरभ दास और आशुतोष रांका को भारी पड़ा। सच्चाई तो यह है कि अमित शाह की रणनीति ने विपक्ष के आत्मविश्वास के गुब्बारे की हवा निकाल दी। 10 अक्टूबर को मुंबई से चले दीपके , दास और रांका को हवाई जहाज से उतरने के साथ ही हिरासत में लिया गया। जिसने अराजकता वादियों के मंसूबों में पलीता लगा दिया गया। तो दूसरी ओर अन्य प्रदर्शनकारियों को भी हिरासत में लेकर सरकार ने संदेश दे दिया कि वे दिन हवा हुए जब खलील मियां फाख्ते उड़ाया करते थे। प्रतिबंधित जंतर मंतर पर तिरंगा रैली के आरोप में रांका और दास को हिरासत में लिया गया तो कोर्ट ने 5 दिन की रिमांड पर जेल भेज दिया। दोबारा बेल एप्लीकेशन को रिजेक्ट कर दो दिन और रिमांड बढ़ा दी। जिसका परिणाम है कि इनका दशहरा जेल में मना। जो भी हो सीजेपी को समझ आ गया होगा कि चीफ इलेक्शन कमिश्नर का इस्तीफा कोई रसगुल्ला नहीं। सच्चाई तो यह है कि उनके आंदोलन तांडव को जिस खूबसूरती से अमित शाह और दिल्ली पुलिस ने ध्वस्त किया वह अपने आप में एक मिसाल है। पहले आंदोलन में तिलचट्टों ने जिस तरह दिल्ली पुलिस को सड़कों पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा था इस बार सीजेपी पदाधिकारी ऐसे धराए कि मीडिया के सामने आंसू बहाते देखे जा रहे थे। दूसरा धड़ा कांग्रेस का है जो वोट चोरी का शोर मचा कर लगातार धरना प्रदर्शन कर रहा है। राहुल गांधी का नेतृत्व कितना प्रभावी रहा यह तो तब मालूम पड़ेगा जब चुनाव होंगे अभी तो उनके ही लोग राहुल का विरोध करते देखे गए। आईसा अध्यक्ष वामपंथी नेहा बोहरा को राहुल ने जिस तरह अपने संगठन के एनएसयूआई के युवाओं के विरुद्ध तरजीह दी उसका असंतोष खुलकर पदाधिकारियों ने व्यक्त किया। वे इस बात से नाराज हैं कि प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए उन्होंने जी तोड़ मेहनत की और राहुल गांधी ने नेहा बोहरा को आगे कर पूरा राजनीतिक श्रेय वामपंथियों को दिलवा दिया। सच्चाई तो यह है कि राहुल गांधी नेहा बोहरा से अत्यधिक प्रभावित नजर आ रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान तो कई बार ऐसा भी लगा कि राहुल गांधी खुद नेतृत्व नहीं कर रहे थे बल्कि वे नेहा बोहरा के नेतृत्व में प्रदर्शन के एक सामान्य कार्यकर्ता की हैसियत से प्रियंका और नेहा के पीछे उनके कंधे पर हाथ रखकर चल रहे थे। उनकी यह भूमिका किसी हास्य कलाकार से कम नहीं थी, जो भी हो इस प्रदर्शन में दिल्ली में कुछ हजार लोगों की भीड़ जुटना कोई बड़ी बात नहीं रही। ऐसे कई प्रदर्शन जनता ने देखे हैं जिसमें शामिल होने वाले लोग लालच में भीड़ में इजाफा कर देते हैं। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और जिसका शासन प्रशासन संवैधानिक प्रावधानों से चलता है ना कि फीलिंग के आधार पर। विपक्ष के पास ना तो कोई मुद्दा है और ना प्रमाण ही कि वह पुख्ता सबूत के साथ सुप्रीम कोर्ट में वोट चोरी के आरोपों को प्रमाणित कर पाए। यही नहीं राष्ट्रपति महोदय ने भी कांग्रेस के ज्ञापन के समय राहुल गांधी से प्रमाण बताने को कहा था किंतु राहुल दाएं बाएं झांक कर वापस हो लिए थे। सच्चाई तो यह है कि उनके सामने बांग्लादेश और नेपाल तथा अभी-अभी अल्बानिया और फ्रांस की अराजकता के उदाहरण हैं जिन्होंने इन देशों में सत्ता परिवर्तन के लिए खूनी होली का तांडव किया है। लगातार सड़कों पर दबाव बनाने के पीछे सीजेपी,वामपंथियों या कांग्रेस की मंशा यही थी कि इस बार पुलिस या सुरक्षा बल गोली चलाए और दो-चार लोग गोलीबारी के शिकार हों और पूरे देश में गुंडे और असामाजिक तत्व युवाओं के नाम पर खून की होली खेलें लेकिन ये लोग भूल जाते हैं कि जनता सब जान रही है कि मोदी सरकार यदि सत्ता में है तो उनके वोटो से ही है ना कि वोट चोरी के दम पर। वह जानती है कि 2014 में 282 सीटों पर जीत हासिल करने वाली मोदी सरकार अपने अच्छे परफॉर्मेंस के आधार पर ही 2019 में 303 सीटें जीती और वह यह भी जानती है कि यदि मोदी सरकार वोटों की चोरी कर रही होती तो 2024 में 240 सीटों पर नहीं सिमटी होती।

वो 14 नंबर का लिफाफा

हमारे देश के मध्यमवर्गीय पिताओं की एक अजीब सी बीमारी होती है। वे अपनी तकलीफों का बीमा नहीं करवाते, उन्हें छुपाने के लिए किसी कोने में चुपचाप बैठ जाते हैं। पापा को झूठ बोलने की कोई खास आदत नहीं थी, पर सच बताने में उन्हें हमेशा ऐसा लगता था जैसे सरकार सीधे 28% जीएसटी काट लेगी। उनका मानना था कि घर में अगर सबको सब कुछ पता चल जाए, तो घर घर नहीं रहता, नगर निगम का पूछताछ केंद्र बन जाता है। पापा तीन साल पहले बिजली विभाग से रिटायर हुए थे। रिटायरमेंट के बाद आम आदमी पार्क जाता है, कबूतरों को दाना डालता है या न्यूज चैनल पर एंकर के साथ मिलकर देश का संविधान सुधारता है। पर पापा का रूटीन अलग था। वे रोज सुबह ठीक नौ बजे कड़क इस्त्री की हुई वही पुरानी आसमानी शर्ट पहनते, पुराने चेतक स्कूटर की किक मारते और गंभीर चेहरा बनाकर कहते, एक जरूरी सरकारी काम से निकल रहा हूँ, लंच टाइम तक लौटूँगा। शुरूआत में हमने सोचा पेंशन का कोई लफड़ा होगा। फिर लगा शायद किसी दोस्त के साथ प्रॉपर्टी डीलिंग का पार्ट-टाइम जुगाड़ भिड़ा रहे हैं। लेकिन जब यह सिलसिला दो साल तक बिना एक भी छुट्टी के चलता रहा, तो घर में फुसफुसाहटें क्राइम पेट्रोल के बैकग्राउंड म्यूज़िक में बदलने लगीं।

मम्मी ने एक दिन दाल में छौंक लगाते हुए धीमे से कहा, पता करो... बुढ़ापे में कहीं किसी सत्संग वाली मंडली के चक्कर में सारी जमा-पूँजी तो नहीं लुटा रहे? असली रहस्य तब गहराया जब पिछले महीने पापा बाजार में चक्कर खाकर गिर पड़े। हॉस्पिटल की इमरजेंसी में डॉक्टर ने स्टेथस्कोप गले में लटकाते हुए जो पहली बात कही, उसने हम सबके पैरों के नीचे से जमीन खिसका दी, इनके शरीर में भयंकर कुपोषण और डिहाइड्रेशन है। ऐसा लगता है जैसे इन्होंने पिछले छह-आठ महीनों से दोपहर का खाना ही नहीं खाया।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 24अक्टूबर 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:23सूर्यास्त 17:48
आश्विन मास शुक्ला पक्ष
राहुकाल - 09:30 से 10:30 तक
तिथि - त्रयोदशी 11:30 उपरांत चतुर्दशी
नक्षत्र - उत्राभाद्रपद 19:53 उपरांत रेवती
योग - व्यघात20:22 उपरांत हर्षण
करण - तैतिल
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मीन मे रहेगा
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 12मास तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में आपकी सक्रियता और ऊर्जा रंग लाएगी। नए सौदों से व्यापार में बड़ा फायदा होगा।

वृषभ- मित्रों का सहयोग मिलेगा, संबंध मधुर रहेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, लाभ के योग हैं।

मिथुन- सेहत अच्छी रहेगी, स्फूर्ति महसूस होगी। माता लक्ष्मी को गुलाबी फूल अर्पित करें।

कर्क- अधिकारियों से प्रोत्साहन और सम्मान मिलेगा। व्यापार में विस्तार होगा।

सिंह- पारिवारिक जीवन में सौहार्द और खुशहाली रहेगी। फंसा हुआ धन वापस मिल सकता है।

कन्या- स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, ताजगी बनी रहेगी। शिवलिंग पर कच्चा दूध और जल चढ़ाएं।

तुला- पदोन्नति या नए अधिकार मिलने के योग हैं। काम में बहुत फायदा होगा।

वृश्चिक- दांपत्य जीवन में मधुरता और प्यार रहेगा। धन आगमन का मार्ग सुगम होगा।

धनु- स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, प्रसन्नता रहेगी। कनकधारा स्तोत्र का पाठ करें। व्यापार में ग्राहक जुड़ेंगे, बिक्री बढ़ेगी।

मकर- कार्यक्षेत्र में धैर्य से काम लें, तरक्की मिलेगी। व्यावसायिक लिखा-पढ़ी में स्पष्टता रखें। कार्यस्थल पर आपकी बातों का प्रभाव बढ़ेगा।

कुंभ- परिवार में पुराने विवाद सुलझ सकते हैं। फालतू खर्चों पर रोक लगाने से राहत मिलेगी।

मीन- विश्राम करें, थकावट महसूस हो सकती है। सफेद मिठाई का दान किसी मंदिर में करें। मांगलिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

धन प्राप्ति के कई मार्ग खुलेंगे।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,46,600 रवा- 1,46,400 चांदी-टंच- 2,06,000 पाट- 2,05,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

कविता

दशहरा पर्व से लेकर दीपावली तक त्यौहारों के विशेष रंग



दशहरे ने शंख बजाया, विजय का संदेश सुनाया,
सत्य की शक्ति ने फिर, असत्य को धूल चटाया।
राम के आदर्शों से जग में, सदाचार का दीप जले,
हर मन से रावण मिट जाए, हर घर खुशियों से खिले।

शरद ऋतु की छटा निराली, चाँदनी का अनुपम रूप,
प्रकृति ओढ़े चाँदी की चुनरी, मन में जागे प्रेम का स्वरूप।
उत्सव की इस पावन बेला में, रिश्तों में मिठास घुले,
अपनों के संग हँसते-गाते, जीवन के हर रंग खिले।

करवा चौथ का पर्व सुहाना, प्रेम-समर्पण की पहचान,
चाँद सितारों की साक्षी में, खिल उठे विश्वास की मुस्कान।
मेहँदी रचे हाथों में सजती, स्नेह और सौभाग्य की लाली,
प्रेम के पावन बंधन से, हर शाम लगे निराली।

अहोई अष्टमी का पर्व, ममता का सम्मान,
संतान की सुख-समृद्धि हेतु, माँ का पावन अरमान।
आँगन-आँगन गूँज उठे फिर, हँसी-खुशी के मधुर तराने,
ईश्वर सबके जीवन में भर दे, सुख के नए खजाने।

धनतेरस लेकर आती, मंगलमय उपहार,
धन-धान्य और आरोग्य से, समृद्ध बने परिवार।
बाजारों में रौनक छाए, जगमग हों हर द्वार,
शुभता और संपन्नता से, महके सारा संसार।

रूप चतुर्दशी की बेला, सौंदर्य का त्योहार,
स्वच्छता, सादगी, प्रसन्नता से, दमके घर-परिवार।
दीपों की आहट कहती है, अब दूर करो अँधियारा,
प्रेम और सद्भाव से सज जाए, जीवन का हर किनारा,

फिर आई दीपावली, दीपों का त्योहार महान,
लक्ष्मी-गणेश की वंदना से, पावन हो हर स्थान।
दीप जले तो आशा जागे, मुस्कानों की हो बरसात,
हर चौखट पर खुशियाँ नाचें, मंगलमय हो हर रात।

रंगोली के रंग पुकारें, आओ खुशियाँ बाँटें,
प्रेम-प्यार के दीप जलाकर, मन के आँगन छाँटें।
मिठाई की मिठास घुले और रिश्तों में हो प्यार,
हर निर्धन के घर भी पहुँचे, खुशियों का उपहार।

दशहरे से दीपावली तक, उत्सव की बहती धार,
संस्कृति, संस्कार और सद्भाव का, अनुपम है संसार।
बुराई पर अच्छाई जीते, अज्ञान पर ज्ञान का प्रकाश,
हर जीवन में सुख बरसे, हर हृदय में हो उल्लास।
आओ मिलकर दीप जलाएँ, प्रेम का संदेश फैलाएँ,
भारत की गौरवशाली संस्कृति के, सुंदर रंग सजाएँ।
दशहरे से दीपावली तक, खुशियों का हो विस्तार,
हर दिन मंगल, हर पल शुभ हो – यही हमारी मनुहार!

मुकेश चौरासिया

पेट की समस्याओं को दूर करने में फायदेमंद है सिंघाड़ा

आमतौर पर सर्दी के मौसम में हरी सब्जियों के साथ ही सिंघाड़ा भी बाजार की रौनक बढ़ाता है। केवल स्वाद ही नहीं बल्कि सेहत और स्वास्थ्य के लिए भी सिंघाड़ा बेहद फायदेमंद है। इसका सेवन नवरात्रि में खूब किया जाता है। आपने सिंघाड़े का सेवन जरूर किया होगा, लेकिन क्या आपने कभी इसके औषधीय गुणों के बारे में जानतें है। आपको बता दें कि सिंघाड़े में पॉलिफेनल्स और फ्लेवोनॉयड जैसे कई गुणकारी तत्व होते हैं। इसे एंटी ऑक्सीडेंट, एंटी-वायरल, एंटी बैक्टीरियल , एंटी कैंसर और एंटी फंगल माना जाता है। इसका सेवन शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है। यह कई तरह की बीमारियों का इलाज भी करता है। आइए आपको सिंघाड़े के सेवन से होने वाले फायदों के बारे में बताते हैं।



हड्डियों और दांतों को मिलेगी मजबूती

सिंघाड़े में कैल्शियम की भरपूर मात्रा होती है, इसलिए इसके सेवन से हड्डियों और दांतों को मजबूती मिलती है। इसके अलावा यह शारीरिक कमजोरीयों को भी दूर करता है।

अस्थमा के मरीजों के लिए फायदेमंद

सिंघाड़े का सेवन अस्थमा के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद होता है। अदर आपको सांस से जुड़ी समस्या है, तो आपको सिंघाड़े का सेवन जरूर करना चाहिए। इससे सास संबंधी समस्या जल्द खत्म होती है।

पेट की समस्याओं से दिलाए निजात

सिंघाड़े का सेवन पेट से जुड़ी समस्या जैसे- गैस, एसिडिटी, कब्ज और अपच से राहत दिलाता है। इसके साथ ही दस्त की समस्या में भी मददगार होता है। इसके अलावा आंतों के लिए भी फायदेमंद है।

गले की समस्या के लिए मददगार

यह गले की कई समस्याओं को दूर करता है, क्योंकि इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो कि गले की खराश और टांसिल आदि से छुटकारा दिलाता है। इसके अलावा सिंघाड़े के सेवन से अनिद्रा की समस्या भी खत्म होती है।

धर्म-आस्था

शरद पूर्णिमा रात्रि में चंद्र चांदनी का महत्व

शरद पूर्णिमा का महत्व चंद्रमा और उसकी शीतल चांदनी से बढ़ जाता है` आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन समुद्र मंथन के दौरान माँ लक्ष्मी प्रकट हुई थी`चंद्रमा इस दिन विशेष रूप से धार्मिक,स्वास्थ्य, के साथ समुद्र की लहरों पर भी अपना प्रभाव रखता है`मान्यता है की इस दिन रात्रि को चंद्रमा रात 10 बजे से 12 बजे तक चरम सीमा पर होता है` ऊर्जा पृथ्वी पर ज्यादा फैलाता है` कहने का तातपर्य ये है कि शीतल चांदनी में बैठना ,चंद्रमा को निहारना और हो सके तो चांदी के पात्र में खुले आसमान के नीचे रखी खीर का सेवन करने पर पित्तशामक ,शीतल सात्विक होने से श्वास एवं दमे के प्रकोप को ये चाँदनी कम करती है `चांदी का पात्र विषाणु दूर करने की क्षमता रखता है`शरद पूर्णिमा की रात को चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से पृथ्वी पर अमृत ऊर्जा की किरणे बिखेरता है`गाय के दूध की खीर उसमें दिव्य औषधि मिलाकर कई सामाजिक संगठनो ,मंदिरों आदि के द्धारा श्वास एवं दमे के मरीजों को निशुल्क वितरण कर पुण्य का कार्य करती है` इस दिन रात्रि



को भजन कीर्तन,कवि सम्मेलन ,काव्य गोष्ठी के आयोजन भी होते है` जिस प्रकार सूर्य के उदय,अस्त का महत्व है ठीक उसी प्रकार चंद्र दर्शन का भी महत्व है` चांद से सौंदर्य की जाती है ` फिल्मों में चांद ,चांदनी पर फिल्म बनाई जाती रही और गीत भी लिखे जाते रहे` खगोल विज्ञान ग्रह ,उपग्रहों में चांद के चारो और होने का उल्लेख मिलता है` चांद पर मानव भेजने का और वहां पर खोज अभियान अंतर्गत एलियन की बस्ती,पानी,और अन्य अनजानी चीजों का पता लगाने हेतु वैज्ञानिक हर देश के प्रयासरत है` ज्योतिष के आधारों में चंद्रमा का भी विशेष महत्व है`इन्ही आधारों में शरदपूर्णिमा भी एक है`

चांदनी

चौखट की ओट से
जब तुम्हारी निगाहे निहारती
लगता सांझ को इंतजार हो
रोशनी का
राह पर गुजरते अहसास
दे जाते तुम्हारी आँखों मे
एक अजीब सी चमक
पूनम का चाँद
देता तुम्हारे चेहरे पर
चांदी सी रोशनी
तुम्हें देख लगता
चांदनी शायद इसी को तो कहते
दरवाजे बंद हो तो
लग जाता चंद्रग्रहण
लोग कहाँ समझते
चांदनी का महत्व
करवा चौथ
शरद पूर्णिमा
तीज
चाँदनी बिना अधूरे
वैसे तुम भी हो
रातों में चाँद की चाँदनी का
खिलने का इंतजार
फूल भी करते
जैसे उपासक करते तुम्हारे
चौखट पर खड़े रहने का
इंतजार ही कुछ ऐसा
जो चांदनी की रोशनी में
कर देगा मदहोश।



प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाया शहीद दिवस

शाजापुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन शासकीय महाविद्यालय शाजापुर में अमर शहीद शिवदयालसिंह चौहान रामगढ़ का शहीद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शहीद शिवदयाल सिंह चौहान की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला रहीं। इस दौरान शहीद चौहान के बलिदान पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर विजयपाल सिंह डोडिया, करणी सेना जिलाध्यक्ष सोनू बना सांपखेड़ा, महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य प्रो. मीनू गिडवानी सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

हनुमान मंदिर मार्ग का किया भूमि पूजन



शाजापुर। हनुमान मंदिर के खस्ताहाल मार्ग पर सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन किया गया। शहर के डांसीपुरा हनुमान मंदिर तक जाने वाले जर्जर मार्ग का गुरूवार को नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम जैन ने सीसी रोड के लिए भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के बाद ही निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया। इस मौके पर वार्ड पार्षद सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

चार दिन बाद प्याज मंडी में पहुंची, दिखी रौनक



शाजापुर। त्योहारी सीजन के चलते लगातार चार दिनों तक बंद रही शाजापुर की कृषि उपज मंडी में गुरुवार को एक बार फिर से रौनक लौट आई। हालांकि, छुट्टियां खत्म होने के बाद मंडी खुलने के पहले दिन प्याज की आवक उम्मीद से कम रही, वहीं इसके दामों में भी नरमी देखने को मिली। नवरात्रि, दशहरा और सरकारी अवकाश के कारण मंडी में थोक नीलामी का कामकाज पूरी तरह से ठप था। गुरुवार को नीलामी प्रक्रिया फिर से शुरू हुई और इस दिन मंडी में केवल 10 हजार कट्टे प्याज ही पहुंचा। एक तरफ जहां आवक कम रही तो वहीं दूसरी ओर प्याज के भाव में 2 रुपए प्रति किलो तक की गिरावट दर्ज की गई। यही कारण रहा कि जो प्याज छुट्टियों से पहले 40 रुपए प्रति किलो के स्तर पर बिक रहा था वह घटकर करीब 38 रुपए प्रति किलो के भाव पर आ गया।

शाजापुर में अवैध पटाखों और कार्बाइड गन पर रोक



शाजापुर। शाजापुर जिले में अवैध पटाखों और कैल्शियम कार्बाइड के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। कलेक्टर डॉ. परीक्षित संजयराव झाड़े ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं। ये आदेश 22 अक्टूबर से 21 दिसंबर 2026 तक प्रभावी रहेंगे। आदेश के मुताबिक, तेज आवाज वाले अवैध पटाखों, कार्बाइड गन और लोहे या ढश्उ पाइप से बने पटाखों के निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री और वितरण पर रोक रहेगी। कैल्शियम कार्बाइड को दुकानदार या लाइसेंसधारी व्यक्ति सीधे आम लोगों को या खुले बाजार में नहीं बेच सकेंगे। इसे केवल लाइसेंस वाली जगह पर रखा और इस्तेमाल किया जा सकेगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों का लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। साथ ही पेट्रोलियम अधिनियम 1934 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बामनघाट का पंप फि र बिगड़ा, नहीं हुआ मंडी क्षेत्र में जल प्रदाय

पिछले छह माह में पांच-छह बार आ चुकी तकनीकी खराबी, जलापूर्ति ठप, स्थायी समाधान की दरकार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



शहर में पेयजल व्यवस्था बार-बार तकनीकी खामी की भेंट चढ़ रही है। बामनघाट स्थित मोटर पंप में खराबी आने से गुरुवार को शुजालपुर मंडी क्षेत्र में जलापूर्ति नहीं हो सकी। पहले से ही दो दिन के अंतराल के बाद तीसरे दिन मिलने वाले पानी के इंतजार में बैठे नागरिकों को अब और परेशानी का सामना करना पड़ा। पंप में बार-बार खराबी आने से जल वितरण व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

तीसरे दिन पानी, उसमें भी बाधा

शहर में पहले से ही दो दिन के अंतराल के बाद तीसरे दिन नलों से पानी मिलता है। ऐसे में निर्धारित दिन पर ही पंप में खराबी आने से मंडी क्षेत्र के रहवासियों को जलापूर्ति नहीं मिल सकी। पेयजल की सीमित उपलब्धता के बीच आपूर्ति बाधित होने से घरेलू जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया। नगर पालिका की ओर से भी सूचना भी जारी नहीं की जाती है, जिसके कारण परेशानी और बढ़ जाती है।

मरम्मत कर स्थायी समाधान जरूरी

तेज बारिश के बाद बामनघाट स्थित मोटर पंप में खराबी आने की बात सामने आई है। हालांकि तकनीकी खराबी का वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। नागरिकों का कहना है कि बार-बार पंप खराब होने की समस्या का स्थायी समाधान किया जाना चाहिए। पंप की तकनीकी जांच, नियमित रखरखाव और आवश्यकता पड़ने पर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि एक ही पंप में खराबी आने से पूरे क्षेत्र की जलापूर्ति प्रभावित नहीं हो। नागरिकों ने नगर पालिका से पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

बार-बार खराबी, हर बार परेशानी

बामनघाट स्थित मोटर पंप में खराबी आने का यह पहला मामला नहीं है। बताया जा रहा है कि पिछले छह माह में पंप, स्टार्टर आदि में पांच से छह बार खराब हो चुका है। बार-बार तकनीकी खराबी आने से जलापूर्ति प्रभावित होती है और नागरिकों को पानी की वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ती है। हर बार मरम्मत के बाद व्यवस्था बहाल होने की उम्मीद रहती है, लेकिन समस्या दोबारा सामने आने से परेशानी बनी हुई है।

शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बरकरार

हर दिन हो रहे हमले, अब मासूम सहित कई लोगों को नोचा अस्पताल में भर्ती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



शहर में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन राहगीरों, बुजुर्गों और बच्चों को अपना शिकार बना रहे इन कुत्तों के कारण शहरवासियों का सड़कों पर निकलना दुश्वार हो गया है। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते हर दिन कुत्तों के काटने की घटनाएं अब आम बात हो गई हैं। ताजा और खौफनाक मामला शहर के मुगलपुरा और जमातखाना इलाके से गुरूवार को सामने आया है। यहां एक आवारा कुत्ते ने जमकर उत्पात मचाते हुए सात से अधिक लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। आनन-फानन में सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हमले का सबसे दर्दनाक शिकार 5 वर्षीय मासूम अमाईजा हुई। बच्ची अपने घर के बाहर ही खेल रही थी, तभी आवारा कुत्ते ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्ची को इतनी बुरी तरह नोंचा कि उसके पैर में गहरे घाव हो गए हैं। खून से लथपथ बच्ची को घबराए परिजन तुरंत अस्पताल लेकर भागे। अमाईजा के अलावा कुत्ते के हमले में घायल हुए अन्य लोगों में विनोद कल्याणी 45 वर्ष, रोहित, जितेंद्र, वेदांश, दिलीप, जैनब, मोहम्मद लतीफ और पूजा शामिल हैं। कुत्ते के काटने के बाद इन सभी को भी जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इनका उपचार किया गया।

शहर में आवारा कुत्तों की लगातार बढ़ती संख्या और हर दिन हो रहे इन हमलों से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। घटना के बाद रहवासियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि नगर पालिका के जिम्मेदार इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इन आवारा कुत्तों को पकड़ने और ठोस कार्रवाई करने की मांग की है।



मोबाइल चोरी से इंटरस्टेट गैंग का खुलासा 5 राज्यों में फैला था नेटवर्क

देवास। देवास पुलिस ने शहर के अपना स्वीट्स और तिवारी स्वीट्स पर हुई मोबाइल चोरी की दो घटनाओं की जांच करते हुए एक अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। यह गिरोह मध्यप्रदेश समेत पांच राज्यों के 22 जिलों में सक्रिय था।

पुलिस ने मनीष पारदी, सूरज सिंह पारदी और शुभम राठौर को गिरफ्तार किया। शुभम को चोरी के मोबाइल का मुख्य रिसीवर बताया गया है। आरोपियों के पास से करीब 1.50 करोड़ रुपए के 400 मोबाइल फोन और 6 लाख रुपए नकद जब्त किए गए हैं। जब्त सामान की कुल कीमत 1.56 करोड़ रुपए बताई गई है।

जांच में यह आशंका भी सामने आई है कि चोरी के मोबाइल इंदौर में इकट्ठा कर एजेंटों के जरिए विदेशों में भेजे जाते थे। पुलिस इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों और सप्लाई चेन की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, इंदौर में एकत्रित किए गए चोरी के मोबाइल अन्य एजेंटों के माध्यम से विदेशों में तस्करी कर भेजे जाने की आशंका है। हालांकि, इस संबंध में जांच जारी है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों, मोबाइल की खरीद-फरोख्त और संभावित अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की जानकारी जुटा रही है।

रावण दहन देखकर लौट रहे ग्रामीण से मारपीट, तीन पर आरोप

- गाली-गलौज कर दी जान से मारने की धमकी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

गांव में रावण दहन देखकर घर लौट रहे एक ग्रामीण के साथ सड़क से मोटरसाइकिल हटाने की बात पर विवाद हो गया। आरोप है कि तीन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मामले में ग्राम भुगोर निवासी उदय सिंह राठोड़ ने शुजालपुर मंडी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। फ रियादी उदय सिंह राठोड़ ने पुलिस को बताया कि 20 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे वह गांव के गोरधन सिंह राठोड़ और गोपाल राठोड़ के साथ रावण दहन देखकर घर लौट रहा था। गांव के सरकारी स्कूल के पास सड़क पर रमेश सूर्यवंशी और उसके बेटे अंकित व मोहित मोटरसाइकिल खड़ी कर खड़े थे। उदय सिंह ने उनसे मोटरसाइकिल सड़क से किनारे करने को कहा तो तीनों कथित तौर पर गाली-गलौज करने लगे। फ रियादी के अनुसारए गाली देने से मना करने पर तीनों ने उसके साथ झूमाझटकी कर थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की। इससे उसकी पीठ और दोनों गालों पर चोट आई। मौके पर मौजूद गोरधन सिंह और गोपाल सिंह ने बीच-बचाव किया। इसके बाद आरोपियों ने दोबारा कुछ कहने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। उदय सिंह ने बताया कि त्योहार होने के कारण वह उसी दिन थाने नहीं पहुंचा। बाद में थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले में कार्रवाई शुरू की है।

नर्सिंग छात्रा ने जून में घर की दराज में रखे थे जेवर

92 हजार के सोने के जेवर गायब, सहेली पर संदेह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

तुलसी नगर में एक नर्सिंग छात्रा के घर की दराज में रखे सोने के जेवर गायब होने का मामला सामने आया है। गायब जेवरों की कीमत करीब 92 हजार रुपए बताई गई है। छात्रा ने घर आने-जाने वाली अपनी एक सहेली पर संदेह जताया है। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी और गृहभेदन से संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की है। पुलिस को दिए बयान में छात्रा सिमोन सिंह पिता मकरंद सिंह ने बताया कि वह देवास के अमलतास कॉलेज से नर्सिंग प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। उसके पास सोने की चेन, लॉकेट, अंगूठी और कान की बालियां थीं। वह इन जेवरों को कभी-कभार पहनती थी और अधिकांश समय अपने कमरे में डबल बेड की बिना ताले वाली दराज में रखती थी। जून 2026 में उसने जेवर दराज में रखे थे। इसकी जानकारी उसके माता-पिता को भी थी।

छात्रा के अनुसार 7 सितंबर को जेवर पहनने के लिए उसने दराज खोली तो उसमें आभूषण नहीं मिले। इसके बाद उसने माता-पिता को जानकारी दी। परिवार ने घर में काफी तलाश की, लेकिन जेवरों का पता नहीं चला। छात्रा ने बताया कि जून से सितंबर के बीच उसकी एक सहेली कई बार घर आई थी। वह कभी-कभी लगातार तीन दिन तक भी घर पर रहती थी। इस कारण उसे घर के भीतर रखे सामान और उनकी जगह की जानकारी थी।


सहेली के आने-जाने पर जताया संदेह

छात्रा ने पुलिस को बताया कि उसकी सहेली करीब चार साल से परिचित है और पहले भी घर आती-जाती रही है। उसके अनुसार जेवर गायब होने की जानकारी सहेली को देने के बाद उसने घर आना बंद कर दिया। छात्रा ने सहेली पर जेवर ले जाने की आशंका जताई है। उसने यह भी बताया कि संबंधित अवधि में सहेली द्वारा महंगे सामान खरीदने और जन्मदिन पर अधिक खर्च किए जाने की जानकारी उसे मिली थी। हालांकि इन बातों के आधार पर चोरी की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने शिकायत की जांच के दौरान छात्रा संदेह के दायरे में आई सहेली और उसके मंगेतर के बयान दर्ज किए। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

बोमा तकनीक और हेलीकॉप्टर से हांका जा रहा

गावड़ी में दो दिन में 188 कृष्णमृगों का रेस्क्यू, अबतक 851 कृष्णमृग कुनो अभयारण्य पहुंचाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया



शाजापुर के गुलाना तहसील क्षेत्र के गावड़ी में दो दिन में 188 कृष्णमृगों को सुरक्षित पकड़ा गया। दक्षिण अफ्रीका की विशेषज्ञ टीम हेलीकॉप्टर और बोमा तकनीक की मदद से उन्हें कुनो अभयारण्य पहुंचा रही है।

कालापीपल और शुजालपुर विधानसभा क्षेत्रों में अब तक 851 कृष्णमृगों का रेस्क्यू किया जा चुका है।

शुजालपुर विधायक और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार की मांग पर प्रदेश सरकार ने गुलाना क्षेत्र में कृष्णमृगों को सुरक्षित स्थानांतरित करने के लिए अभियान शुरू कराया है।

क्षेत्र में कृष्णमृगों की बढ़ती संख्या से किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा था। किसान लंबे समय से इन्हें सुरक्षित स्थान पर भेजने की मांग कर रहे थे। इसके बाद वन विभाग ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया।

दक्षिण अफ्रीका की विशेषज्ञ टीम जंगल में कपड़ों और जालियों की मदद से बड़ा घेरा तैयार करती है। इसके बाद हेलीकॉप्टर से कृष्णमृगों को तय रास्ते से घेरे की ओर हांका जाता है। जमीन पर मौजूद टीम भी इसमें सहयोग करती है।

कृष्णमृगों का झुंड घेरे के अंदर पहुंचने पर टीम प्रवेश मार्ग बंद कर देती है। इसके बाद विशेषज्ञों की निगरानी में उन्हें सुरक्षित पकड़ा जाता है।

फिर विशेष वाहनों से कुनो अभयारण्य भेजा जाता है। इस तकनीक का उद्देश्य कृष्णमृगों को कम से कम जोखिम के साथ सुरक्षित स्थानांतरित करना है।

दो हजार कृष्णमृगों को स्थानांतरित करने का लक्ष्य

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, अभियान के दूसरे चरण में कुल 2 हजार कृष्णमृगों को सुरक्षित स्थानांतरित करने का लक्ष्य है। इसी के तहत गावड़ी और आसपास के क्षेत्रों में रेस्क्यू किया जा रहा है। शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र में यह अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। कृष्णमृगों के स्थानांतरण से फसलों को हो रहे नुकसान में कमी आने की उम्मीद है।

वैन की टक्कर से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान हुई मौत, रिश्तेदार घायल

देवास। खरगोन के आछलवाड़ी निवासी 23 वर्षीय अजय पिता ग्यारसिंह की गुरुवार रात देवास के अमलतास अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। 16 अक्टूबर को अजय की बाइक की सामने से आ रही वैन से टक्कर हो गई थी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अजय अपने रिश्तेदार राहुल के साथ बाइक से केली गांव बाल कटवाने जा रहे थे। रास्ते में सामने से आ रही वैन से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में अजय को गंभीर चोटें आईं, जबकि राहुल को मामूली चोट लगी। हादसे के बाद घायल अजय को इलाज के लिए खरगोन ले जाया गया था। यहां शुरूआती उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें देवास के अमलतास अस्पताल भेजा गया। वहां 16 अक्टूबर से उनका इलाज चल रहा था।



पहली बार पुलिस बैंड ने की मां दुर्गा की अगवानी: पूर्व सैनिकों ने किया सैल्यूट

देवास। देवास में गुरुवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन चल समारोह की शुरूआत हुई। सयाजी द्वार पर पहली बार पुलिस बैंड ने मां की अगवानी की। पूर्व सैनिकों ने भी मां को सैल्यूट कर श्रद्धा जताई। रेड कारपेट बिछाकर और पुष्पवर्षा के साथ प्रतिमाओं का स्वागत किया गया। दोपहर करीब 1:30 बजे मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा की पूजा-अर्चना के बाद समारोह शुरू हुआ। विधायक गायत्री राजे पवार ने सयाजी द्वार पर दोनों प्रतिमाओं की आरती उतारी। चल समारोह में मां दुर्गा के कई अलग-अलग स्वरूप देखने को मिले। इनमें बाल स्वरूप और झूले पर विराजित प्रतिमाएं खास आकर्षण का केंद्र रहीं। सयाजी द्वार से एमजी रोड तक सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए मौजूद थे। शहर में 100 से ज्यादा मंचों से सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं ने प्रतिमाओं का स्वागत किया। आरती, पुष्पवर्षा और जयकारों के बीच यह चल समारोह आगे बढ़ता रहा। इसी बीच हल्की बूंदाबांदी भी हुई, लेकिन बारिश की फुहारों के बीच भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। भक्त नाचते-गाते मां के दर्शन करते रहे और चल समारोह के साथ आगे बढ़ते रहे। चल समारोह के मद्देनजर शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। एमजी रोड पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था संभालने के लिए पुलिसकर्मी लगातार मुस्तैद हैं। चल समारोह से पहले एसडीएम अभिषेक शर्मा, सीएसपी सहित अन्य अधिकारियों ने रूट का जायजा लिया और डीजे संचालकों को समझाइश दी।

500 साल पुरानी परंपरा, 26 अक्टूबर को निकलेगी मां लालबाई फू लबाई की शाही सवारी

शुजालपुर। अनुविभाग शुजालपुर की तहसील अवंतिपुर बड़ोदिया में मां लालबाई फू लबाई की शाही सवारी को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। करीब 500 वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार 26 अक्टूबर को ब्रह्ममुहूर्त में माता की शाही सवारी निकाली जाएगी। सुबह 4 बजे षोडशोपचार पूजन के बाद सोलह श्रृंगार से सजे युवक को रथ में विराजित कर नगर भ्रमण कराया जाएगा। इस दौरान हाथों में जलती मशालें लेकर चलने वाले श्रद्धालु माता के जयकारे लगाएंगे। आयोजन में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों सहित अन्य प्रदेशों से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। परंपरा के अनुसार शाही सवारी से पहले माता का विधि-विधान से पूजन किया जाएगा। इसके बाद रथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगा। मशालें लेकर चलने वाले भक्त और माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय होगा। सवारी के दर्शन के लिए हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। कई भक्त अपनी मनोकामनाएं लेकर माता के दरबार में हाजिरी लगाते हैं। मंदिर के इतिहास के संबंध में लिखित प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं। ग्रामीणों के अनुसार माता की पाषाण प्रतिमा प्राचीन काल में नेवज नदी के तट पर एक चबूतरे पर स्वतः प्रकट हुई थी। उस समय यहां आसपास कोई बस्ती नहीं थी।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार मोहम्मद आदिल पिता गोश मोहम्मद, निवासी मोचीवाड़ा, शंकराचार्य मार्ग, उज्जैन, के होकर के सबसे छोटे पुत्र मोहम्मद कामिल मेरे पक्षकार व उसके पूरे परिवार से संबंध विच्छेद करते हुए अपने ससुराल में उस्मान शेख निवासी- बड़वाली चौकी, इंदौर के साथ विगत चार माह से निवास कर रहा है व उक्त अवधि में मेरे पक्षकार के परिवार से कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा है। मेरे पक्षकार के पुत्र मोहम्मद कामिल द्वारा अपनी स्वेच्छा व राजी मर्जी से मेरे पक्षकार व उसके परिवार का परित्याग कर दिया गया है व मेरे पक्षकार के पुत्र मोहम्मद कामिल के व्यवहार, आचरण व आदतों के कारण मेरे पक्षकार ने उसके पुत्र कामिल को स्वयं की संपूर्ण चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है तथा मेरे पक्षकार की स्व-अर्जित चल, अचल संपत्ति में उसके पुत्र मोहम्मद कामिल का किसी प्रकार का कोई हक अथवा स्वत्व नहीं रहा है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी अथवा किसी के द्वारा मेरे पक्षकार के पुत्र मोहम्मद कामिल से कोई संव्यवहार आदि किया जाता है तो वह व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगा जिसमें मेरे पक्षकार व उसके परिवार के अन्य सदस्यों का कोई उत्तरदायित्व नहीं रहेगा। मेरे पक्षकार के उसके पुत्र मोहम्मद कामिल से सारे संबंध समाप्त हो चुके हैं वह उससे किसी प्रकार का कोई भी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष संबंध नहीं रहा है। इति दिनांक 23/10/2026

उमेश शर्मा एडवोकेट
पता-चेम्बर नं. 55, नवीन अधिवक्ता बिल्डिंग, जिला न्यायालय कोठी रोड़ उज्जैन मोबा-98272-17353

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी भुपेन्द्र सिंह पिता श्री पीरूलाल जी, उम्र 37 वर्ष, निवासी- ग्राम जगोटी, पोस्ट घट्टिया जिला उज्जैन से उनके अपने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 6/2 रकबा 0.350 हेक्टर, सर्वे नम्बर 135/3 रकबा 0.530 हेक्टर, सर्वे नम्बर 136/4 रकबा 0.440 हेक्टर, सर्वे नम्बर 5/2 रकबा 0.240 हेक्टर, सर्वे नम्बर 5/3 रकबा 0.030 हेक्टर, सर्वे नम्बर 6/1 रकबा 0.180 हेक्टर, सर्वे नम्बर 135/1 रकबा 0.520 हेक्टर, सर्वे नम्बर 135/2 रकबा 0.520 हेक्टर, सर्वे नम्बर 136/2 रकबा 0.550 हेक्टर, सर्वे नम्बर 136/3 रकबा 0.580 हेक्टर, कुल किता 10 कुल रकबा 3.940 हेक्टर भूमि, स्थित ग्राम सुतारखेड़ा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्ज व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभाव शून्य रहेगी। सो सूचित हो। इतिः दिनांक-23/10/2026

पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट
ऑफिस-D-12 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन,
मोबाईल नम्बर- 94248 78460

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग उज्जैन, ग्रामीण संयुक्त प्रशासनिक संकुल प्रथम तल द. कक्ष क्रमांक 132 जिला उज्जैन
क्रं 3318/रीडर-1/2026/ **उज्जैन दिनांक 22/10/2026**

विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील उज्जैन अंतर्गत ग्राम चंदेसरी स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 237/1 रकबा 4.82 हे. पर होम्योपैथीक महाविद्यालय नविन भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन किये जाने का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में जिला आयुष अधिकारी जिला उज्जैन द्वारा नजूल निर्वतन नियम 2020 अंतर्गत प्रारूप 1 में भूमि आवंटन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिस हेतु ग्राम चंदेसरी स्थित सर्वे क्रमांक 237/1 रकबा 4.82 हे. पर होम्योपैथीक महाविद्यालय नविन भवन निर्माण हेतु शासकीय मद में अभिलिखित किया जाना प्रस्तावित है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति / समूह/संस्था को आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षरकार्ता के कार्यालय में नियत समयावधि 06/11/2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अनुभाग उज्जैन

पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, पति-पत्नी समेत 7 की मौत

सीवान। बिहार के सीवान में पटाखा बनाने के दौरान हुए ब्लास्ट में पति-पत्नी और उनकी बेटी समेत 7 की मौत हो गई।जामो थाना क्षेत्र के अलमापुर गांव के एक मकान में पटाखे बनाए जा रहे थे। इसी दौरान अचानक धमाके होने लगे। इस धमाके में पूरा मकान उड़ गया। लोगों के शव सड़क पर बिखर गए।स्थानीय लोगों के मुताबिक, करीब डेढ़ घंटे तक रुक-रुककर धमाके होते रहे। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर एसडीओ आशुतोष गुप्ता, महाराजगंज एसडीपीओ अमन और बड़हरिया, जामो, गोरेयाकोठी समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची है। अधिकारी घटनास्थल की जायजा ले रहे हैं। एसडीपीओ ने बताया कि दमकल की गाड़ियां की मदद से आग बुझाने की कोशिश की जा रही है। आग पर काबू पाने के बाद मामले की जांच की जाएगी।

थरूर बोले- भाजपा को सलाह राहुल को गंभीता से ले

नईदिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शुक्रवार को भाजपा को सलाह दी। उन्होंने कहा कि भाजपा को राहुल गांधी को गंभीरता से लेना चाहिए, क्योंकि पिछले कुछ महीनों में राहुल ने युवा मतदाताओं में पॉपुलैरिटी हासिल की है।थरूर कार्यक्रम समिट में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भाजपा ने राहुल पर ध्यान दिया है, इसलिए वह उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रही है।एक दिन पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा था कि पता नहीं कब तक कांग्रेस अपने फेल प्रोडक्ट की लॉन्चिंग के लिए देश को दांव पर लगाती रहेगी।प्रोग्राम में थरूर ने कांग्रेस से अलग विचार रखने पर भी बात की, लेकिन कहा कि वे पार्टी की नीतियों का पूरा समर्थन करते हैं।1. इमरजेंसी के दौरान विपक्ष एकजुट, आज भी वही- पीएम मोदी अक्सर इमरजेंसी और उसे खत्म किए जाने की बात करते हैं। इमरजेंसी कैसे खत्म हुई थी? विपक्ष के एकजुट होने से, जिसमे और भाजपा समाजवादियों और वामपंथियों के साथ आए थे। सभी ने मिलकर इमरजेंसी लगाने वाली सरकार को हराया था। यह भारत का हालिया राजनीतिक इतिहास है, महज आधी सदी पुरानी बात है।

दिल्ली- चेन्नई इंडिगो फ्लाईट को धमकी

नई दिल्ली। चेन्नई जा रही इंडिगो की फ्लाइट को शुक्रवार दोपहर धमकी का संदेश मिला। इसके बाद विमान दिल्ली एयरपोर्ट पर वापस बे में लौट आया। विमान के एक टॉयलेट में यह संदेश लिखा मिला- डू नॉट फ्लाय 6श्व 6091 फ्लाइट 6.6091 ने उड़ान नहीं भरी। उडान करीब 3ः15 बजे रवाना होने वाली थी। सूत्रों के मुताबिक, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को फ्लाइट के लिए धमकी के संदेश की जानकारी देने वाला कॉल आया था। विमान उड़ान भरने की तैयारी में था और पुशबैक कर चुका था। इसके बाद उसे एंटी-सबोटाज जांच के लिए आइसोलेशन बे में ले जाने का फैसला हुआ।सूत्रों ने बताया कि विमान के एक टॉयलेट में यह संदेश मिला- डू नॉट फ्लाय 6श्व 6091 यानी 6श्व 6091 को उड़ान न भरने दें। यह संदेश कागज पर लिखा था या टॉयलेट की दीवार पर, इसकी तुरंत पुष्टि नहीं हो सकी।विमान में कितने यात्री सवार थे, इसकी जानकारी भी तुरंत नहीं मिल सकी। इंडिगो ने घटना पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है।

पेरिस में हमलावर ने राह चलते लोगों पर गोलियां चलाई

पेरिस। फ्रांस के पेरिस के पास शुक्रवार को हुई फायरिंग में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। मेयर के मुताबिक, हमलावर ने अलग-अलग जगहों पर लोगों पर गोलियां चलाईं। फ्रांस में इस साल गोलीबारी का यह 11वां मामला है। पुलिस ने ट्रैप शहर के पास से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ की जा रही है। हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चला है कि फायरिंग क्यों की गई और इसके पीछे क्या वजह थी।गोलीबारी के बाद पुलिस अलर्ट पर है। फ्रांस की आतंकवाद से जुड़े मामलों की जांच करने वाली एजेंसी भी मामले पर नजर रख रही है।

बांग्लादेश की जेलों में करीब 250 भारतीय कैदी फंसे

नई दिल्ली/ढाका। बांग्लादेश की जेलों में 238 भारतीय कैदी बंद हैं। इनमें 168 ऐसे हैं, जिनकी सजा पूरी हो चुकी है, लेकिन वे अब तक भारत नहीं लौट पाए हैं। इनमें से कई कैदियों की भारतीय नागरिकता साबित नहीं हुई है। बांग्लादेश सरकार ने करीब 120 कैदियों की सूची भारत को भेजी और कहा कि ये लोग भारतीय हैं। लेकिन भारतीय हाई कमीशन के मुताबिक, सूची में ज्यादातर कैदियों की जानकारी अधूरी है। बांग्लादेश के अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, वहां 15 देशों के कम से कम 407 विदेशी कैदी बंद हैं। इनमें सबसे ज्यादा भारतीय हैं।

मिलावट के विरूद्ध अभियान

गुना। आगामी त्यौहारों के मद्देनजर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को मिलावट के विरूद्ध कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा बाहर से आने वाले मावा पर लगातार नजर रखी जा रही है। अधिकारियों द्वारा बसों से आने वाले मावा की चैकिंग एवं निगरानी की जा रही है। खाद्य सुरक्षा विभाग को मिली मुखबिर की सूचना के आधार पर विभाग की टीम द्वारा ग्राम बिलोनिया के पास, पिकअप वाहन क्रमांक एमपी08 जीए 2203 का निरीक्षण किया। उक्त वाहन में 5 कट्टे मावा, मात्रा 2.5 क्विंटल के रखे हुए पाये, जो वाहन मालिक रामसेवक शर्मा द्वारा ग्वालियर से अशोकनगर ले जाना बताये गये। अधिकारियों द्वारा उक्त मावा की गुणवत्ता जांच हेतु मावा के 2 नमूने जांच हेतु लेकर लैब को भेजे गए हैं। बचे हुए शेष मावा को अधिकारियों द्वारा जब्त कर लिया गया। पनीर की जांच हेतु बसों की चैकिंग कार्यवाही जारी है। कलेक?टर श्री कन?याल के निर्देशानुसार मिलावट के

किसानों ने आरोन मंडी गेट पर लगाया जाम

गुना। मक्का की बंपर फसल के चलते मंडियों में कृषि उपज की आवक बढ़ गई है। वहीं, त्योहारी सीजन में दीपावली मनाने के लिए घर लौटने की तैयारी कर रहे किसानों की परेशानी भी बढ़ गई है। नवरात्रि और दशहरा के बाद लगातार तीन दिन की मंडी छुट्टी के चलते किसान अपनी उपज बेचने के लिए मंडियों में रुकने को मजबूर हैं। शुक्रवार को आरोन मंडी में डाक नीलामी से छूट जाने से परेशान किसानों ने मंडी गेट पर जाम लगा दिया।

सूचना मिलने पर एसडीएम आरोन मंजूषा खत्री, मंडी सचिव रामकृष्ण लोढ़ा, थाना प्रभारी रविंद्र सिंह सिकरवार, नगर पालिका सीएमओ दिनेश कुमार सोनी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इस दौरान अधिकारियों ने किसानों से चर्चा कर जाम खुलवाया, लेकिन किसान मंडी में उपज की डाक शुरू कराने की मांग पर अड़े रहे। किसानों का कहना था कि वे कई दिनों से अपनी उपज बेचने का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में मंडी में नीलामी नहीं होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। देर शाम तक किसानों की समस्या के समाधान के लिए भारसाधक अधिकारी, मंडी प्रबंधन और पुलिस अधिकारियों के बीच चर्चा चलती रही। किसानों की परेशानी को देखते हुए आरोन मंडी प्रशासन ने राहत देने का निर्णय लिया है। इसके तहत शुक्रवार को मंडी में पहुंचे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की गिनती कर पर्चियां वितरित की जाएंगी। इन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में लाई गई उपज की डाक नीलामी शनिवार को की जाएगी। इसके बाद व्यापारियों द्वारा किसानों को उनकी उपज का भुगतान मंगलवार को किया जाएगा।मंडी प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि इसके बाद ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की नई एंट्री पूरी तरह बंद रहेगी। प्रशासन के इस फैसले से मंडी में पहले से मौजूद किसानों की उपज की नीलामी का रास्ता साफ हुआ है। वहीं, दीपावली से पहले उपज बेचकर घर लौटने की तैयारी कर रहे किसानों को भी राहत मिलने की उम्मीद है।

स्वामित्व रजिस्ट्री से ग्रामीणों को मिलेगा बैंक ऋण का लाभ, कलेक्टर ने किया शिविर का निरीक्षण

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शुक्रवार को चांचौड़ा के ग्राम रमड़ा में स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री संबंधी कार्य के लिए आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में चल रहे कार्यों की जानकारी ली तथा ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री होने से ग्रामीणों को बैंक से ऋण प्राप्त करने में सुविधा होगी, जिससे वे मकान निर्माण सहित अन्य आवश्यकताओं के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकेंगे।

कलेक्टर श्री कन्याल ने ग्रामीणों को योजना के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि सरकार ग्रामीणों के हितों और उनकी आर्थिक प्रगति के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीणों को उनकी संपत्ति से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे उन्हें बैंक ऋण जैसी सुविधाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। शिविर के दौरान जानकारी दी गई कि ग्राम में कुल 36 रजिस्ट्रियों के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 21 रजिस्ट्रियों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। कलेक्टर ने शेष कार्य को भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूर्ण करने के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने ग्रामीणों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने तथा पारंपरिक खेती के साथ नई कृषि पद्धतियों की संभावनाओं पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया, ताकि कृषि उत्पादन और आय में वृद्धि हो सके। इस दौरान चांचौड़ा विधायक श्रीमती प्रियंका पैंची, एसडीएम अमित सोनी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी श्री शशीर टायटस पिता श्री स्व. पन्नालालजी टायटस, निवासी-शिवांस पैराडाईस एक्सटेंशन 1, आर. डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज के पास, ग्राम सुरासा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में भवन क्रमांक-17 का दक्षिण दिशा वाला भाग जो कि संतराम सिंधी कॉलोनी गली क्रमांक-5 उज्जैन (म. प्र.) स्थित है। भवन वर्तमान में दो मंजिला तल मंजिल गार्डर फर्शी एवं प्रथम मंजिल आर. सी. सी. की छत का निर्मित है। भवन की पैमाईश में लम्बाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम दोनों ओर समान 50.00 फीट, चौड़ाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण दोनों ओर समान 15.00 फीट होकर भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-750.00 वर्गफीट है। भवन की चर्तु: सीमा में पूर्व दिशा में सडक, पश्चिम दिशा में-सडक, उत्तर दिशा में-भवन क्रमांक-17 का भाग शैलेन्द्र टायटस का एवं दक्षिण दिशा में भीवनदास मांगपानी का मकान स्थित है। उक्त पैंमाईश व चर्तु:सीमा के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भवन स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है शेष राशि का भुगतान कर, विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक-23.10.2026

राजकुमार प्रजापत एडवोकेट
कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन
मो. 94259-46659

in thecourt of ii Additional District and Session judge, District court, Agar Malwa

presiding officer: श्री मधुसूदन जंघेल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (आरसीए/0000018/2024)
नरेन्द्र राठौर.............वादी
विरूद्ध
मेसर्स पुनम सेल्स सर्विस सेंटर.......... प्रतिवादी
प्रोसेस आईडी-/2026
पेशी दिनांक 03/11/2026

प्रेषिती-(1) मेसर्स पुनम पम्प एण्ड सेल्स सर्विस सेंटर द्वारा प्रोप्रायटर बी.एल. पाटील पिता स्व. सोमाजी पाटील पता उज्जैन रोड, टोल नाके के पास, आगर मालवा, जिला आगर मालवा

यह कि प्रार्थी नरेन्द्र राठौर पिता दिनेश राठौर, आयु 24 वर्ष, निवासी 7/63 नयापुरा मानस भवन रोड, तराना, जिला उज्जैन ने आपके विरूद्ध आरसीए, अपील अंतर्गत धारा 96 सहपठित आदेश 41 नियम 1 सी.पी.सी. के तहत वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के नियत दिनांक के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 15 अक्टूबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें- । यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायालय की मुद्रा **न्यायाधीश**
मधुसूदन जंघेल
द्वितीय जिला न्यायाधीश , आगर
जिला आगर-मालवा (म.प्र.)

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार बंधन बैंक लिमिटेड शाखा आफिस क्रमांक एफ-8 प्रथम मंजिल सिटी सेंटर छावनी नाका आगर मालवा म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 91 जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 91/1 मीन-14 स्थित वार्ड नं 23 विवेकानंद कॉलोनी छावनी आगर तहसील आगर जिला आगर मालवा में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 69.65 वर्गमीटर है। तथा चर्तुसीमा इस प्रकार है- पूर्व में-रास्ता कॉलोनी का, पश्चिम में - अन्य का भूखण्ड, उत्तर मे- भवन कैलाशचन्द शर्मा का , दक्षिण में -भवन रानु जैन का स्थित है। उक्त संपत्ति नन्दंकिशौर पिता श्री सिध्दनाथ ने इसके पूर्वस्वामि डोला जी पिता श्री कला जी से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ए-1443 दिनांक 16/11/1989 के माध्यम से क्रय कि। एवं नन्दंकिशौर का स्वर्गवास दिनांक हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी कमल किशौर कुम्भकर , महेश कुमार कुम्भकर ,राजेश कुम्भकर ,मुकेश कुमार कुम्भकर पुत्रगण नन्दंकिशौर जी ,एंव लीला बाई पति स्वं श्री नन्दंकिशौर है एंव कमल किशौर कुम्भकर ,राजेश कुम्भकर, महेश कुम्भकर पुत्रगण नन्दंकिशौर लीला बाई पति श्री नन्दंकिशौर ने अपना अपना हिस्सा श्री महेश कुमार कुम्भकर के हित मे हकत्याग दस्तावेज क्रमांक एमपी 20ŒÝ16612026ए 100981816 दिंनाक 10/08/2026 को किया है। तथा महेश कुमार कुम्भकर ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु बंधन बैंक लिमिटेड आगर में आवेदन किया हैं अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई न्यायालीन विवाद हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर बंधन बैंक लिमिटेड आगर द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार बंधन बैंक लिमिटेड आगर का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो । दिनांक 23/10/2026

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रंमाक 87/3
तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री विमला खण्डेलवाल पति श्री महावीर प्रसाद जी निवासी 24, श्री विशाला, जौहरी का बगीचा, उज्जैन म.प्र से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का फ्लेट क्रमांक 605 ओम सांई ओम मल्टी फ्लेटेड टाउनशीप मे निर्मित अपार्टमेंट सिल्वर ए की छटी मंजिल पर स्थित है जिसका कुल बिल्टअप एरिया 41.64 वर्गमीटर है जिसका कुल सुपर बिल्पअप एरिया 54.13 वर्गमीटर व फ्लेट ऋमांक 606 ओम सांई ओम मल्टी फ्लेटेड टाउनशीप मे निर्मित अपार्टमेंट सिल्वर ए की छटी मंजिल पर स्थित है जिसका कुल बिल्टअप एरिया 41.64 वर्गमीटर है जिसका कुल सुपर बिल्पअप एरिया 54.13 वर्गमीटर है उक्त दोनों फ्लेट क्रमांक 605 व 606 को क्रय करने का सौदा संपत्ति स्वामी से किया गया है यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था इति आदि का भार, बोझा, गिरवी, हित, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो व इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति पंजीकृत डाक से प्रेषित करें, अवधि पश्चात सदर संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा एवं कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही रहेगी।

महेन्द्र मालवीय (एड्व्होकेट)
कार्यालय: ऑफिस नं. 143, प्रथम तल, सी-21 मॉल नानाखेडा, उज्जैन

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार Aadhar Housing Finance Limited की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि म्युनिसिपल पार्सल नं.339, भवन जो कि भुमि सर्वे कमांक 2282, 2283, व 2284 का भाग स्थित नगर पंचायत सिमा उन्हेल के वार्ड क्रमांक 15 के अनुसार लसुडीया के रास्ते पर रोड से अन्दर उन्हेल, तहसील नागदा जिला उज्जैन (म.प्र.) है। जिसका कुल क्षेत्रफल 22.26 वर्गमीटर है। जिसकी चर्तु:सीमा पूर्व में गोकुल ढोली का मकान, पश्चिम में रामाजी चोकीदार का मकान, उत्तर में कालु मैकेनीक का प्लाट व दक्षिण में रास्ता स्थित है। उक्त संपत्ति के वर्तमान स्वामी रानी गोयल पति दिपक गोयल निवासी कालोनी उन्हेल तहसील नागदा जिला उज्जैन (म.प्र.) है उक्त संपत्ति को संपत्ति के वर्तमान स्वामी ने इसके पुर्व स्वामी गट्टाबाई पति अम्बाराम जी से जर्ये ई-विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 43172021ए11659001 दिनांक 03.08.2021 के माध्यम से क्रय किया है तभी से उक्त संपत्ति पर वर्तमान स्वामी का स्वामित्व एवं आधिपत्य निरंतर चला आ रहा है। उक्त सम्पत्ति के पुर्व का लिंक डाक्युमेंट विक्रय पत्र क्रमांक 1311 दिनांक 19.06.2012 कि मुल प्रति पुर्व स्वामी द्वारा विक्रय पत्र के निष्पादन के समय मुझे दी गई थी उक्त पुर्व का मुल विक्रय पत्र क्रमांक 1311 दिनांक 19.06.2012 की कापी मेरे द्वारा कही गुम हो गई है तथा उक्त संपत्ति पर संपत्ति के वर्तमान स्वामी रानी गोयल पति दिपक गोयल द्वारा ऋण प्राप्त करने Aadhar Housing Finance Limited में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त पुर्व के लिंक डाक्युमेंट वसीयत व पावर आफ अटार्नी को लेकर किसी प्रकार कि कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर Aadhar Housing Finance Limited द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 23-10-2026

कमलेश बामनिया (एड्व्होकेट)
210, प्रथम मंजिल कलवानी टावर फ्रीगंज उज्जैन (म.प्र.)
मो. नं. 6260038664, 9575990464

प्रथम दस्तावेज गुम हो जाने की जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री शंकर पिता श्री गोर्धनदासजी भाटिया निवासी 116/1, रविन्द्रनाथ टेगौर मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 94 क्षेत्र फल 92.72 वर्गमीटर व 95 क्षेत्रफल 92.72 वर्गमीटर सेक्टर बी, ''आदिनाथ रेसीडेन्सी'' ग्राम हामूखेडी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है जिनका कुल संयुक्त क्षेत्रफल 185-44 वर्गमीटर होकर उक्त भूखण्ड वर्णित भूखण्डों को शंकर पिता श्री गोर्धनदास भाटिया ने विक्रेता कार्पोरेट डेवलपर्स (इण्डिया) प्रायवेट लिमिटेड द्वारा मैनेजिंग डायरेक्टर- श्रीमती अलका केसरिया पति स्व.श्री अनिल केसरिया से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज पंजीयन क्रमांक 3882 (ख) व 3883 (ख) पंजीयन दिनांक 28/03/2014 के द्वारा क्रय किया था, उक्त भूखण्ड क्रमांक 94 व 95 का मूल दस्तावेज शंकर पिता श्री गोर्धनदास भाटिया को प्राप्त हुआ था, वह मूल दस्तावेज शंकर पिता श्री गोर्धनदास भाटिया से कही गुम हो गया है उक्त मूल दस्तावेज को काफी तलाशने पर भी नही मिला है और शंकर भाटिया का स्वर्गवास हो चुका है, और नगर पालिक निगम उज्जैन में शंकर भाटिया के वारिसान को नामांतरण हो चुका है, जिसकी विधिवत गुम हो जाने की सूचना मेरे पक्षकार द्वारा थाना मे दी जा चुकी है उक्त भूखण्ड क्रमांक 94 व 95 की प्रथम रजिस्ट्री को लेकर कोई भी किसी प्रकार का व्यवहार ना करें। यदि उक्त प्रथम दस्तावेज का मेरे पक्षकार द्वारा कही दुरूपयोग नही किया है और ना किसी बैंक शाखा सोसायटी में गिरवी आदि रखा है। अगर किसी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज प्राप्त हुये है कृपा वह मुझसे से सम्पर्क करके उक्त दस्तावेज मुझे प्रदान करने के लिये सम्पर्क कर सकता है।

इति दिनांक:- 23/10/2026

श्रीमती नीलम अग्रवाल (एडवोकेट)
एम.ए.एल.एल.बी.
61, महाकाल सिंधी कॉलोनी उज्जैन
मो. 98264-44002

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार नरेन्द्र पिता श्यामलाल पाटीदार जाति कुलमी निवासी 50 लोकमान्य तिलकपथ कोर्ट के सामने बडनगर जिला उज्जैन ने श्रीमती योगिता तेली पति रवि राठौड़ जाति तेली निवासी बख्तावर मार्ग बदनावर जिला धार से एक भूखण्ड स्थित कस्बा बड़नगर (आदिनाथ परिसर) भुखण्ड क्रमांक बी-46 तहसील बड़नगर जिला उज्जैन मे होकर भुखण्ड का कुल क्षेत्रफल 1226-64 वर्गफिट का विक्रयपत्र दिनांक 11/07/2016 के माध्यम से कय किया था, जिसका पुर्व भुमिस्वामि का विक्रयपत्र जिसमें विक्रेतागण मुकेश जैन पिता शंकरलाल जैन जाति जैन वैगरा से श्रीमति योगिता तेली पति रवि राठौड़ जाति तेली निवासी बख्तावर मार्ग बदनावर जिला धार ने दस्तावेज क्रमांक अ1/242 दिनांक 27/04/2010 को उप पंजीयक कार्यालय बड़नगर में विक्रय पत्र के माध्यम से कय किया था, वह असल दस्तावेज विक्रयपत्र त्रुटीवश, भुलवश कही गुम हो गया है जिसकी काफी खोजबीन करने के उपरांत उक्त दस्तावेज नहीं मिला है। जिसकी सुचनार्थ पुलिस थाना बडनगर में की गई है उक्त दस्तावेज के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था बैंक तथा शासकिय अर्द्धशासकीय संस्था का ऋण भार बकाया हो या किसी भी व्यक्ति को आपत्ती हो तो वह इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय मे आपत्ती प्रस्तुत करे। बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी। दिनांक 23/10/2026

अर्जुन राठौड़ (पटेल) अभिभाषक
कार्यालय कोर्ट परिसर बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र.
मो. 7000749457, 9165979120

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी बहादुर पिता श्री हजारी निवासी-ग्राम रनाहेडा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर-49/2 रकबा 0.410 हेक्टयर भूमि जो कि ग्राम रनाहेड़ा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-97 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने ऋय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। दिनांक-23-10-2026

राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट
कार्या. - बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन मो. 9993079516-94250 94349

जाहिर सूचना

सूचित हो, कि मेरे पक्षकार श्री प्रेमशंकर जायसवाल पिता ओंकारलाल निवासी 1 माँ शारदा पैलेस, मेघदूत रिसोर्ट के पास तिरूपति विहार उज्जैन की स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन / भूखण्ड 10 भूमि सर्वे ऋमांक 93/1, 93/2, 95/6 का भाग तिरूपति विहार ग्राम डेन्डिया तहसील व जिला उज्जैन पर मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित हैं। उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार की पत्नी स्व.श्रीमती राधा जायसवाल पति प्रेमशंकर जी जायसवाल ने श्री राजकुमार भूतड़ा पिता श्री आनंदीलाल भूतड़ा से ऋय कर बजर्ये विक्रय पत्र जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय उज्जैन में दस्तावेज क्रमांक एमपी432022024ए 11039417 दिनांक 16.08.2024 पर दर्ज होना पाया गया है। जिसके पश्चात मेरे पक्षकार की पत्नी श्रीमती राधा जायसवाल ने अपने पति श्री प्रेमशंकर जायसवाल के हित में नोटराइजड वसीयतनामा दिनांक 10.10.2024 को बनवाया गया था। जिसके पश्चात स्व. श्रीमती राधा जायसवाल का स्वर्गवास दिनांक 03.12.2024 हो चुका हैं। तदुरांत उक्त संपत्ति के स्वामित्व अभिलेखों में मेरे पक्षकार श्री प्रेमशंकर जायसवाल का नाम बहैसियत स्वामी दर्ज चला आ रहा हैं। उक्त संपत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा ICICI BANK LTD उज्जैन से ऋण प्राप्त किया जा रहा हैं। यदि उक्त संपत्ति पर किसी को अधिकृत (पॉवर ऑफ अटर्नी) किया गया हो या किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन 03 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें, उपरोक्त वर्णित संपत्ति को उक्त कम्पनी द्वारा बंधकग्रस्त कर निष्पादन एवं पंजीयन अपने हित में करवा लिया जावेगा व अवधि समाप्ति पश्चात की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी।

फौजिया काज़ी सर्विस प्रोवाईडर
कार्यालय- साईधाम कॉलोनी, उज्जैन
मो. 9713309134

न्यूज-कॉलम

महाराजा अजमीढ़ जयंती महोत्सव 25 को धूमधाम से मनेगी

मन्दसौर। भगवान श्री पशुपतिनाथ की पावन नगरी मन्दसौर में श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा संस्थापक व आराध्यदेव महाराजाधिराज अजमीढ़ देवजी महाराज की जयंती रविवार, 25 अक्टूबर को नालछामाता मंदिर रोड़ स्थित स्वर्णमहल रिसॉर्ट में धूमधाम से मनाई जाएगी।स्वर्णकार समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कारूलाल सोनी, जिला अध्यक्ष अजय सोनी, शहर पंचायत अध्यक्ष अर्जुन डाबर, जनकूपुरा पंचायत अध्यक्ष विजय सोनी एवं जनकूपुरा ट्रस्ट के अध्यक्ष शांतिलाल सोनी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि 25 अक्टूबर को दोपहर 12.15 बजे से महिला मण्डल द्वारा सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिताएं प्रारंभ होंगी। सायं 5 बजे से महाप्रसादी का आयोजन होगा, जिसके लाभार्थी अमरनाथजी योगी बफानीं रहेंगे। जयंती समारोह के दौरान वर्ष 2026 के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं, खेलकूद में नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं और समाज की 75 वर्ष से अधिक उम्र की मातृशक्तियों का विशेष बहुमान किया जाएगा।

पलसोड़ी में आवारा कुत्ते के हमले से तीन वर्षीय बच्ची की मौत

रतलाम। समीपस्थ गाँव पलसोड़ी में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार शाम को गाँव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहाँ घर के आँगन में खेल रही तीन वर्ष की मासूम बच्ची पर एक आवारा कुत्ते ने जानलेवा हमला कर दिया। कुत्ते के हमले में गंभीर रूप से घायल हुई बच्ची की आखिरकार मौत हो गई। इस घटना से पूरे गाँव में शोक की लहर दौड़ गई है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, घटना पलसोड़ी गाँव की है। शाम करीब 5 बजे तीन वर्षीय मासूम मनीषा अपने घर के आँगन में खेल रही थी। इसी दौरान अचानक एक आवारा कुत्ता वहाँ पहुँचा और उसने बच्ची पर हमला कर दिया। कुत्ते के अचानक हमले से बच्ची चीखने-चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुँचे और कड़ी मशक्कत के बाद कुत्ते को भगाया। हालांकि, तब तक कुत्ता बच्ची को बुरी तरह से घायल कर चुका था।

शरद पूर्णिमा पर सुगम संगीत का होगा भव्य आयोजन

मन्दसौर। शरद पूर्णिमा (कोजागिरी) पर महाराष्ट्र समाज उन्नयन समिति मंदसौर द्वारा सुगम संगीत के विशेष कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। मंदसौर महाराष्ट्र समाज उन्नयन समिति के अध्यक्ष दिनेश कोरान्ने एवं सचिव सुधीर चांदेकर ने बताया कि 25 अक्टूबर रविवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर प्रसिद्ध गायक जयंत तारे का सुगम संगीत कार्यक्रम मारुति मंदिर प्रेम कॉलोनी पर रात्रि 8 बजे आयोजित किया है। इस सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में हॉर्टिकल्चर कॉलेज मंदसौर के डीन डॉ. दीपक हरि रानडे उपस्थित रहेंगे।

कृषि उपज मंडी में आज से तीन दिन बंद रहेगा नीलामी कार्य

मंदसौर। स्थानीय कृषि उपज मंडी समिति में आज से आगामी तीन दिनों तक मंडी प्रांगण में नीलामी कार्य पूरी तरह स्थगित रहेगा। अवकाश के इन दिनों में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए मंडी प्रशासन ने उन्हें अपनी कृषि उपज विक्रय हेतु मंडी प्रांगण में न लाने की अपील की है। मंडी प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, आज 24 अक्टूबर को माह का चतुर्थ शनिवार, 25 को रविवार और 26 को महर्षि वाल्मीकि जयंती होने से मंडी में अवकाश रहेगा।

अवैध खनिज परिवहन पर कलेक्टर की सख्ती

नीमच। जिले में अवैध खनन, खनिजों के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत पांच प्रकरणों में संबंधित वाहन मालिकों पर कुल 12 लाख 57 हजार 341 रुपये की शास्ति अधिरोपित की है।

ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध-विधायक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने तथा आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को ग्राम सावन में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार एवं कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार समय-सीमा में निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार ने कहा की शिविरों के माध्यम से जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं। विधायक श्री परिहार ने ग्राम सावन में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए रिंग रोड, सामुदायिक भवन, डोम निर्माण एवं बीस भुजा माता मंदिर के जीर्णोद्धार संबंधी कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सावन से भादवामाता तक सड़क निर्माण से श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिली है।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत प्रशासनिक अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुन रहे हैं तथा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का जायजा ले रहे हैं। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचे।

स्वामित्व योजना के संबंध में कलेक्टर ने बताया कि ग्राम सावन का राजस्व नक्शा स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जा चुका है। डिजिटल नक्शा प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं, सुझावों एवं शासकीय योजनाओं से संबंधित आवेदनों को समाधान शिविर में प्रस्तुत करें, ताकि उनका परीक्षण कर नियमानुसार समय-सीमा में निराकरण किया जा सके।

शिविर में गंभीर तीव्र कुपोषण से प्रभावित बच्चों की माताओं को बच्चों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए न्यूट्री बास्केट वितरित की गईं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार ने उपस्थित ग्रामीणों को नशे से दूर रहने तथा नशामुक्त भारत एवं नशामुक्त मध्यप्रदेश के निर्माण में सहभागी बनने की शपथ दिलाई।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

शिविर के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अमन वैष्णव,अपर कलेक्टर श्री बी.एस.कलेश, एसडीएम नीमच श्री पराग जैन,डिप्टी कलेक्टर सुश्री श्रुति भायडिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान अंतर्गत चंदवासा में नई टप्पा तहसील का शुभारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को गरोठ व शामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों एवं कस्बों में विकास और जन-कल्याण कारी कार्यक्रम आयोजित किये रही।

गरोठ क्षेत्र के चंदवासा में नई टप्पा तहसील का शुभारंभ विधायक हरदीपसिंह डंग और कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा किया गया। विधायक ने कहा कि इससे ग्रामीणों के समय व धन की बचत होगी और कार्य तेजी से होंगे। कार्यक्रम को नीलकमल मेहता ने भी संबोधित किया, जिसमें एसडीएम राहुल चौहान सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

इसके साथ ही शामगढ़ के आईटीआई परिसर में आयोजित उद्यम संवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिव्यांकसिंह के समक्ष शासन की योजनाओं से लाभान्वित सफल उद्यमियों ने अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं। साथ ही, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत हितग्राहियों को लाखों रुपये के ऋण चेक वितरित किए गए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन और जीएमडीआईसी मंगल रैकवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। अभियान के तहत अधिकारियों ने ग्राम भटूनी पहुंचकर उन्नत कृषक विनोद पाटीदार के खेत में लगभग 25 बीघा भूमि में लहलहा रही संतरा की फसल का अवलोकन किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने कृषक की सराहना करते हुए उन्हें अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बताया और किसानों से शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

नपा अधिकारी व पूर्व पार्षद में विवाद, सीसीटीवी फुटेज की जांच की मांग



मंदसौर । बस स्टैंड स्थित पं. दीनदयाल रसोई योजना के टेंडर से जुड़े दस्तावेजों की मांग को लेकर पूर्व पार्षद दिनेश नाई और नगरपालिका अधिकारी अजय शर्मा के बीच विवाद गहरा गया है। पूर्व पार्षद द्वारा आरटीआई के तहत टेंडर की नोटशीट और पूरी नस्ती की प्रमाणित प्रतियां मांगे जाने और नगर पालिका द्वारा आवेदन निरस्त किए जाने के बाद यह पूरा घटनाक्रम सामने आया है। इस मामले के विरोध में शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हनीफ शेख सहित कई कांग्रेस नेताओं ने सीएमओ रोहित राणावत से मुलाकात की। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अनुसार, दिनेश नाई ने 21 सितंबर 2026 को आवेदन देकर वर्ष 2020 तथा वर्ष 2023 से 2026 तक के टेंडरों की जानकारी मांगी थी, जिसे नगर पालिका ने 16 अक्टूबर 2026 को यह कहते हुए निरस्त कर दिया कि मांगी गई जानकारी प्रश्नात्मक है। इसके बाद अधिकारी अजय शर्मा ने थाने में धक्का-मुक्की करने और रुपए मांगने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की निष्पक्ष जांच कराने और आरटीआई के तहत नियमानुसार रुकी हुई जानकारी आवेदक को उपलब्ध कराने की मांग की। सीएमओ ने अधिकारी अजय शर्मा को बुलाकर चर्चा की, जबकि सीएमओ रोहित राणावत का कहना है कि जवाब से असंतुष्ट आवेदक नियमानुसार प्रथम अपील कर सकता है।

गोल्ड्क्रेस्ट सीमेंट ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट का किया शुभारंभ

नीमच। गोल्डक्रेस्ट सीमेंट ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट की आयकामुक लॉन्च कर दिया है। कंपनी के बढ़ते वै बुजमा वि और ब्रओढ़ जा पहली पहचान को मजबूत करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। अब ग्राहक वेबसाइट पर आन्का यादों की जानकारी, फैक्ट्री प्रोजेक्ट की प्रगति और उद्योग संबंधी विस्तृत जानकता प्राप्त कर सकेंगे। कंपनी ने यह कदम डिटिल्ल सुविधा को बढ़ावा देने और ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में से संते हुए उठाया है। वेबसाइट पर सीमेंट उत्पादों की गुणवत्ता, तकनीकी विवरण, संपर्क जानकारी और हेलपर्वतन विकल्पण की सुविधा भी उपलब्ध है। गोल्ड्क्रेस्ट सीमेंट के आधिकारियों ने बताया कि यह पहल कंपनी की डिटिटल इंडिया अभियन से जुडी दुखाटि का हिस्या है। और महानाय सेवा पहुंचाने के लिए की गई है। लॉन्च के अवसर पर कंपनी के प्रतिनिधिधों ने कहा कि यह आमार्णी समय में औद्योगिक भारत की जनतीं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



यातायात पुलिस ने बिना हेलमेट हाईवे पर चलने और गलत पार्किंग करने वालों पर शिकंजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए रतलाम पुलिस द्वारा लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) विवेक कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राकेश पंद्रो के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस ने विशेष अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की है।

डीएसपी यातायात आनंद सोनी के नेतृत्व में यातायात थाना प्रभारी रक्षित निरीक्षक हेमंत पाटीदार और उनकी टीम ने शहर और हाईवे पर नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ यह कार्रवाई की।

शहर से हाईवे की ओर जाने वाले मार्गों पर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 60 चालान बनाकर 18 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। पुलिस का उद्देश्य चालकों को हेलमेट के प्रति जागरूक करना और दुर्घटना के समय गंभीर चोटों से बचाना है। शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने और सड़कों पर अवैध रूप से खड़े वाहनों की पहचान करने के लिए आधुनिक तकनीक यानी ड्रोन कैमरों की मदद ली जा रही है। ड्रोन से मिली फुटेज के आधार पर अव्यवस्थित खड़े वाहनों को चिह्नित कर 10 वाहन चालकों के चालान बनाए गए। यातायात पुलिस द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत कुल 87 चालान काटकर 44600 का शमन शुल्क वसूला गया। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा गुणवत्तायुक्त हेलमेट पहनें, अपने वाहनों को केवल निर्धारित और उचित स्थानों पर ही पार्क करें और सभी यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें।

पिपलियामंडी को मिलेगी करीब 3 करोड़ की सड़क की सौगात, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा करेंगे भूमिपूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलियामंडी



नगर के विकास को एक और नई गति मिलने जा रही है। मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं मल्हारगढ़ विधायक जगदीश देवड़ा 24 अक्टूबर शनिवार को पिपलिया मंडी नगर को करीब 3 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़क की सौगात देंगे। इस सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन दोपहर 1 बजे श्री सांवलिया सेठ मंदिर परिसर में आयोजित होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रस्तावित सड़क टीलाखेड़ा श्मशान घाट से प्रारंभ होकर श्री सांवलिया सेठ मंदिर होते हुए प्रस्तावित नवीन कृषि उपज मंडी, गुड़भेली बाईपास तक बनाई जाएगी। इस सड़क के निर्माण से मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं, नवीन कृषि उपज मंडी सहित क्षेत्र में आवागमन सुगम होने के साथ ही नागरिकों एवं किसानों को भी सुविधा मिलेगी। नगर परिषद पिपलियामंडी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा सहित अन्य अतिथिगण शामिल होंगे।

नगर परिषद ने किया आमंत्रित कार्यक्रम को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया, उपाध्यक्ष भारत सिंह सोनगरा, समस्त सभापति, पार्षद एवं वरिष्ठ पार्षदों ने नगरवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

सीए इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में मंदसौर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

मंदसौर। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा आयोजित सीए इंटरमीडिएट सितंबर 2026 परीक्षा के परिणाम 22 अक्टूबर को घोषित किए गए। जिसमें मंदसौर परीक्षा केंद्र का परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। सीए शाखा मंदसौर के अध्यक्ष सीए विनय अग्रवाल ने बताया कि मंदसौर परीक्षा केंद्र से कुल 114 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 30 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। प्रथम ग्रुप में 54 विद्यार्थियों में से 16 विद्यार्थी व द्वितीय ग्रुप में 23 विद्यार्थियों में से 9 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। वहीं, दोनों ग्रुप की परीक्षा में सम्मिलित 37 विद्यार्थियों में से 5 विद्यार्थियों ने दोनों ग्रुप उत्तीर्ण किये। मंदसौर परीक्षा केंद्र पर अवनि पालीवाल ने प्रथम स्थान, तनुश्री राठी ने द्वितीय स्थान, सम्यक जैन ने तृतीय स्थान तथा गौरव पाटीदार ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। श्री अग्रवाल ने बताया कि शाखा की मैनेजमेंट कमेटी द्वारा सफल विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि के लिए सम्मानित किया जाएगा।

21 क्विंटल डोडाचूरा की तस्करी करने वाले दो तस्करों को 14-14 वर्ष का सश्रम कारावास

नीमच।, विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) जिला-नीमच द्वारा ट्रक में 2168 किलो 600 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने वाले दो तस्करों मोतीलाल पिता नाथुलाल भील, उम्र-28 वर्ष, निवासी-ग्राम दांता, तहसील कपासन,जिला-चित्तौड़गढ (राजस्थान) एवं बोथमल पिता हीरालाल जाट, निवासी-ग्राम करूकड़ा, तहसील कपासन, जिला चित्तौड़गढ (राजस्थान) को धारा 8/15(सी) एन.डी.पी. एस. एक्ट के अंतर्गत 14-14 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2-2 लाख रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 20.03.2023 को कार्यालय उपनारकोटिक्स आयुक्त नीमच में मुखबिर गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक में लगभग 20-25 क्विंटल अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा झारखण्ड से जयपुर-आगरा हाईवे होते हुवे जयपुर (राजस्थान) जाने वाला हैं। मुखबीर सूचना पर से निवारक दल का गठन कर उसको मुखबीर द्वारा बताये गये स्थान सिकन्दरा टोल प्लाजा पर तैनात किया गया। रात्री लगभग 9.45 बजे निवारक दल को मुखबीर द्वारा ट्रक आता हुवा दिखाई दिया, जिसको रोककर उसकी तलाशी लिये जाने पर उसमें गोभी व गाजर के कट्टों के नीचे कुल 100 कट्टों में 2168.600 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा रखा हुवा मिला। निवारक दल द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से ट्रक मध्यप्रदेश ईकाई के सबसे नजदीकी कार्यालय नीमच में लाकर विस्तृत तलाशी लेकर डोडाचूरा व ट्रक को जप्त किया गया तथा आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया। इसके पश्चात सभी आवश्यक अनुसंधान उपरांत परिवाद माननीय विशेष न्यायालय, नीमच में प्रस्तुत किया गया।विचारण के दौरान सी.बी.एन. के विशेष लोक अभियोजक श्री सुशील ऐरन द्वारा सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की अंतर्राज्यीय तस्करी किये जाने के अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किया।

न्यूज कालम



आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के धरने को कांग्रेस नेताओ ने दिया समर्थन

पिपलीया सटेशन।आजाद कोटवार कर्मचारी संघ द्वारा अपनी जायज मांगो को लेकर 22 से 28 अक्टूम्बर तक एसडीएम कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण ठंग से टेंट लगाकर धरना दिया जारहा है।शुक्रवार को जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,कांग्रेसनेता दिनेश गुप्ता ने धरने को अपना समर्थन दिया।इस मौके पर कोटवारसंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि हमारी मुख्य 3 मांगे है जिनमे हमे शासकीय कर्मचारी घोषित करे, सेवा भूमि-माल गुजारा भूमि का भूमि स्वामी घोषित किया जाय साथ ही कोटवार वर्दी की राशि पूर्व की तरह कोटवारों के खाते के माध्यम से भुगतान करने एवं कोटवारों को घटिया वर्दी घोटाले की निष्पक्ष जांच कर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाय।शर्मा ने कोटवारसंघ के पदाधिकारियों की समस्याओं को ध्यान से सुना व कहा कि सरकसर कोटवारों से काम तो जमकर करवा लेती है पर सुविधाओं के नाम पर उन्हें कुछ भी नही दिया जाता है।शर्मा ने कहा कि वर्तमान में कोटवारो को दीगई वर्दी व जूते घटिया होकर पहनने लायक नही है।शर्मा ने आश्वश्त किया कि आपके हकों की लड़ाई कांग्रेस पूरी ताकत के साथ लड़कर आपको न्याय दिलाएगी।आपकी जायज मांगो को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी को भी अवगत कराया जाएगा।

इनरव्हील क्लब मन्दसौर ने छात्रा को स्कूल फीस प्रदान की



मंदसौर। इनरव्हील क्लब मंदसौर द्वारा सेवा, समर्पण एवं सामाजिक सद्भाव के उद्देश्य से दो सराहनीय पहल की गईं। क्लब द्वारा स्व. महेंद्र सिंह सुराणा की स्मृति में डॉ. हंसा सुराणा एवं सुराणा परिवार के सहयोग से कक्षा 6टी की एक छात्रा को पांच माह की स्कूल व बस फीस प्रदान की गई। इसी प्रकार आईएसओ उषा कुमावत द्वारा भजन कीर्तन कार्यक्रम में क्लब द्वारा किन्नर समाज की अध्यक्ष अनीता दीदी का सम्मान किया। कार्यक्रमों के दौरान क्लब अध्यक्ष अंजना पटेल, पूर्व अध्यक्ष आशा काबरा, शकुंतला पोरवाल, हेमला हिंगड़, प्रीति छाबड़ा, सोनिया खिमेसरा, विजेता परिहार आदि सदस्याएँ उपस्थित रहीं।

विकसित भारत युवा संसद के लिए आवेदन आमंत्रित, युवा उठाएंगे आवाज

मन्दसौर। मेरा युवा भारत द्वारा युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने और संसदीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली से परिचित कराने के उद्देश्य से च्विकसित भारत युवा संसद 2027 के आठवें संस्करण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पहल च्विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 के अंतर्गत आयोजित की जा रही है, जिससे युवाओं को नीति-निर्माण की प्रक्रिया को समझने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में 17 अगस्त 2026 तक 18 से 25 वर्ष की आयु वाले युवा भाग ले सकते हैं। इसमें विद्यार्थियों के साथ गैर-विद्यार्थियों, ग्रामीण युवाओं, महिलाओं तथा वंचित वर्गों के युवाओं को भी भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। तीन चरणों में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के प्रथम चरण में 31 अक्टूबर से 10 नवंबर तक जिला स्तरीय प्रतियोगिताएँ होंगी, जहाँ प्रतिभागियों को एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर तीन मिनट का भाषण देना होगा। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर और तत्पश्चात 9 व 10 जनवरी 2027 को नई दिल्ली स्थित संविधान सदन में आयोजित राष्ट्रीय दौर में भाग लेंगे। मेरा युवा भारत, मंदसौर ने जिले के इच्छूक युवाओं से 30 अक्टूबर तक आधिकारिक पोर्टल पर पंजीकरण कराने की अपील की।

प्रभुलाल सूर्यवंशी को मिलेगा सरदार पटेल गौरव अवार्ड



मन्दसौर। जयपुर में आगामी 31 अक्टूबर को भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली एवं प्रदेश अध्यक्ष मेघवाल समाज विकास परिषद म.प्र. तथा प्रमुख समाजसेवी श्री प्रभुलाल सूर्यवंशी (मैनेजर) को उनके उल्लेखनीय सामाजिक योगदान के लिए सरदार पटेल गौरव अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच के संयोजक डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा, एडवोकेट ने बताया कि 25 राष्ट्रों के नैतिक समर्थन व सानिध्य में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में संपूर्ण भारत की 85 विशिष्ट प्रतिभाओं का अभिनंदन किया जाएगा, जिनमें श्री सूर्यवंशी भी शामिल हैं।

झूले से गिरकर छात्र घायल, परिजनों ने की कार्रवाई की मांग

सुसनेर। स्थानीय विद्यालय में झूले से गिरने से एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। छात्र के हाथ की हड्डी टूटने पर ऑपरेशन कर दो रॉड डाली गई हैं। परिजन दिनेश जैन ने बताया कि विद्यालय में लगे झूले पर एक साथ कई बच्चे झूल रहे थे। हादसे के बाद विद्यालय प्रबंधन ने बच्चे को तत्काल अस्पताल पहुंचाने के बजाय परिजनों को सूचना दी, परिजनों के आने के बाद ही उसे अस्पताल ले जाया गया। मामले की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से की गई है।उधर, स्टेट बैंक में परिवार बीमा होने से पीड़ित परिवार ने बीमा दावा किया था। शाखा प्रबंधक के अनुसार 42 हजार रुपये की राशि स्वीकृत कर भुगतान कर दिया गया है। परिजनों ने बैंक का आभार व्यक्त करते हुए प्रशासन से विद्यालय प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग की है।

डामर रोड के साइड मिट्टी बही, हादसे की आंशका

सारंगपुर। सारंगपुर से बडौदिया होते हुए आगर मार्ग की हालत बहुत खराब है। सड़क पर जगह-जगह बडे गड्ढे हो गए हैं और डामर भी उखड गया है। इससे वाहन खराब हो रहे हैं और लोगों को सफर में ज्यादा समय लग रहा है। स्थानीय निवासी सुनील वर्मा ने बताया कि सडक के दोनों ओर पटरी पर मिट्टी का भराव नहीं है। इस वजह से साइड देते समय वाहनों का संतुलन बिगड रहा है और हादसे हो रहे हैं। सडक संकरी होने के कारण टूटी हुई पटरी हादसों की वजह बन रही है। वर्मा ने यह भी बताया कि सडक किनारे पेडों की टहनियों की कटाई भी नहीं हो रही है, जिससे आने-जाने में और दिक्कत हो रही है। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग का निर्माण साल 2004-2005 में हुआ था। इसके बाद सिर्फ पैच वर्क ही किया गया है। जानकारी के मुताबिक, पिछले डेढ महीने में इस मार्ग पर 20 से ज्यादा हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने अभी तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया है।

डॉ. डोडिया प्रदेश सहसचिव एवं परिहार जिला उपाध्यक्ष नियुक्त



नागदा। अखिल भारतीय क्षत्रिय खारोल समाज समिति, मध्यप्रदेश में संगठनात्मक नियुक्तियों के तहत नागदा के डॉ. अमृतलाल डोडिया को प्रदेश सहसचिव तथा अर्जुन परिहार को उज्जैन जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष तेजूलाल चौहान एवं प्रदेश संरक्षक बिहारीलाल हाड़ा की सहमति से डॉ. अमृतलाल डोडिया की नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रदेश सहसचिव पद पर की गई। वहीं, जिला अध्यक्ष डॉ. प्रहलाद सिंह डोडिया ने अर्जुन परिहार को उज्जैन जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। दोनों नियुक्तियों पर समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर चौहान मेडिकल, नागदा में समाज के सदस्यों एवं मित्रों ने प्रसन्नता व्यक्त की। शुभकामनाएं देने वालों में नंदकिशोर नागदा, शिव चौहान (गुडभेली), ओमप्रकाश, जितेन गोंड, दशरथ सोलंकी एवं राहुल खारोल सहित अन्य समाजजन शामिल रहे।

विजयादशमी पर संघ का विशाल पथ संचलन

सारंगपुर। विजयादशमी पर्व के अवसर पर मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा सारंगपुर नगर में विशाल पथ संचलन निकाला गया। नगर की विभिन्ना बस्तियों से स्वयंसेवकों ने अलग-अलग स्थानों से संचलन प्रारंभ किया। अनुशासित कदमताल करते हुए स्वयंसेवक निर्धारित मार्गों से आगे बढे। विभिन्ना बस्तियों के संचलन का परशुराम चौराहे पर एकत्रीकरण हुआ। इसके बाद सभी स्वयंसेवक अस्पताल रोड और बदलीपुरा होते हुए शास्त्री स्कूल पहुंचे, जहां मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। संत रविदास एवं विवेकानंद बस्ती का पथ संचलन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से, सुदर्शन नगर बस्ती का संचलन माता मंदिर से तथा महाकाल एवं खेडापति बस्ती का संचलन शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर से प्रारंभ हुआ।

विद्यालय के सांस्कृतिक समारोह में दिखी लघु भारत की मनोहारी झलक

लोकनृत्य, लोकगीत व पारंपरिक वेशभूषा से विद्यार्थियों ने मंच पर साकार की भारतीय संस्कृति की विविधता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा



एगोशदीप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल परिसर में 22 अक्टूबर 2026 को वार्षिक सांस्कृतिक समारोह के प्रथम दिवस का भव्य एवं गरिमामय आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

इस वर्ष समारोह की विषयवस्तु भारतीय संस्कृति की विविधता पर आधारित रही। सांस्कृतिक मंच को चार प्रमुख क्षेत्रों—उत्तर की गौरव गाथा, दक्षिण दर्शन, पश्चिम के रंग और पूरब की परंपरा में विभाजित किया गया। विद्यार्थियों ने लोकगीतों, लोकनृत्यों और पारंपरिक वेशभूषा के माध्यम से विविधता में एकता की भावना को साकार करते हुए लघु भारत की मनोहारी झलक प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में भारतीय जनता पार्टी के नागदा नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, श्री राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी मध्य प्रदेश की महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती वर्षा मेहता, ब्राह्मण समाज एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल की अध्यक्ष तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष, खाचरौद नगर श्रीमती मनीषा शर्मा, नागदा की प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं प्रसिद्ध रूपसज्जा विशेषज्ञ श्रीमती संगीता शरद गुप्ता तथा भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी एवं इंटरनेट प्रभावक अभिषेक पोरवाल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों और उनके परिश्रम की सराहना की। अपने संबोधन में विजय पटेल ने कहा कि एगोशदीप विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों के माध्यम से संपूर्ण भारत की सांस्कृतिक छवि को एक ही मंच पर साकार कर दिया है। अन्य अतिथियों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि किताबी शिक्षा के साथ सांस्कृतिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों में भागीदारी व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

समारोह में असम, पंजाब, गुजरात, राजस्थान, बिहार, तेलंगाना, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक परंपराओं को मंच पर जीवंत किया गया। तेलुगु नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति के साथ मालवी लोकगीतों और छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं बिहार एवं उत्तर प्रदेश की आराध्य देवी छठी मैया को समर्पित प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। विभिन्न राज्यों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने मानो संपूर्ण भारत की सांस्कृतिक छटा को एक ही मंच पर समेट दिया।



कलेक्टर ने किया पीएम श्री विद्यालय श्यामपुरा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं

सुसनेर। कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना गुरुवार को सुसनेर विकासखंड के पीएम श्री विद्यालय श्यामपुरा के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। उन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों से संवाद कर पढ़ाई, शिक्षकों की उपलब्धता, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला का निरीक्षण कर उपकरणों एवं प्रयोग सामग्री की उपलब्धता देखी। कलेक्टर ने प्राचार्य एवं शिक्षकों को निर्धारित समय-सारणी के अनुसार नियमित अध्यापन कराने और विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम बेहतर बनाने के निर्देश दिए। विद्यालय में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लगभग 650 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी, जिला शिक्षा अधिकारी नितेश पांडे सहित अन्य अधिकारी एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

चौमहला में सड़क हादसे में सुसनेर विधायक भैरोसिंह परिहार घायल

सुसनेर। सुसनेर विधायक भैरो परिहार गुरुवार शाम राजस्थान के चौमहला क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल हो गए। निपानिया झाला फंटे के पास उनकी निजी कार और इलेक्ट्रिक स्कूटर के बीच टक्कर हो गई। हादसे में विधायक परिहार के साथ स्कूटी सवार युवक भी घायल हो गया। जानकारी के अनुसार विधायक भैरूसिंह परिहार कार से चौमहला से कुंडला की ओर जा रहे थे। इसी दौरान निपानिया झाला फंटे के पास सामने से आ रहे इलेक्ट्रिक स्कूटर से उनकी कार की भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों ने दोनों घायलों को चौमहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद विधायक को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रैफर कर दिया गया, जबकि स्कूटी सवार रुनडी निवासी लालसिंह (26) का चौमहला अस्पताल में उपचार जारी है। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।



बदलते मौसम से बढ़ा वायरल का प्रकोप, सर्दी-खांसी के मरीज बढ़े

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।



दिन में तेज धूप और गर्मी, जबकि सुबह और देर रात में ठंडक मौसम का यही दोहरा मिजाज अब लोगों की सेहत पर भारी पडने लगा है। तापमान में आए इस अचानक उतार-चढाव के कारण क्षेत्र में मौसमी बीमारियों और वायरल इंफेक्शन का प्रकोप तेजी से बढा है। घर-घर में लोग सर्दी, खांसी, जुकाम, बदन दर्द और बुखार से पीडित हो रहे हैं। अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं, जिससे स्वास्थ्य विभाग की चिंताएं भी बढ गई हैं।

मौसम में आए बदलाव के कारण सारंगपुर सिविल अस्पताल की ओपीडी में रोजाना मरीजों की भारी भीड उमड रही है। आंकडों के मुताबिक, इन दिनों प्रतिदिन लगभग 600 से 700 मरीज इलाज और परामर्श के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। इनमें अधिकांश मरीज वायरल बुखार, गले में खराश, तेज खांसी और बदन दर्द की शिकायतों से ग्रस्त हैं। डॉक्टरों का कहना है कि तापमान में दिन और रात के अंतर के कारण शरीर की इम्युनिटी (प्रतिरोधक क्षमता) कमजोर पड जाती है, जिससे वायरल बैक्टीरिया और वायरस तेजी से हमला करते हैं।

बदलते मौसम का सबसे पहला और गहरा असर छोटे बच्चों पर देखने को मिलता है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित यादव के अनुसार अचानक मौसम बदलने से बच्चों में वायरल बुखार, निमोनिया, खांसी और जुकाम के मामले बढ जाते हैं। ऐसे में अभिभावकों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। 12

नरवाई प्रबंधन की दिशा में पहल, ग्राम रामगढ़ में ज्वार की खेती को बढ़ावा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-

विकासखंड सारंगपुर के ग्राम बिलोदापाल के कृषक घनश्याम पाल और ग्राम लाटाहेड़ी के कृषक रामबाबू वर्मा ने फसल कटाई के पश्चात खेत में बची नरवाई का उचित प्रबंधन करते हुए रोटावेटर की सहायता से खेत में मिट्टी में मिला दिया। जिससे पर्यावरण संरक्षण एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा मिलेगा। नरवाई को खेत की मिट्टी में मिलाने से मृदा में जैविक पदार्थों की मात्रा बढ़ाने तथा मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में मदद मिलती है। साथ ही, नरवाई जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण को रोकने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान मिला है।

विकासखंड जीरापुर के ग्राम रामगढ़ के कृषक जालू राम के खेत पर ज्वार की फसल की खेती की है। कृषि विभाग की राष्ट्रीय मिलेट मिशन योजना के अंतर्गत कृषक को 30 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से ज्वार का बीज वितरित किया। इसी क्रम में क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी बाबूलाल वर्मा ने कृषक के खेत का निरीक्षण कर ज्वार की फसल की स्थिति का जायजा लिया। जिस का उद्देश्य किसानों को पारंपरिक फसलों के साथ मोटे अनाज की खेती के लिए प्रोत्साहित करना तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना है। कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से किसानों को मिलेट्स की खेती के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में मोटे अनाज की खेती को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही कृषि पद्धतियों में विविधता लाने के प्रयासों को भी गति मिल रही है।

घर में घुसकर पानी की मोटर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया



ब्यावरा। राजगढ़ जिले में चोरी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु ुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी बोडा उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में बोडा पुलिस ने कार्रवाई की। रात्रि को ग्राम कड़िया सासी निवासी फरियादी दीपक सिसोदिया के घर से अज्ञात व्यक्ति पानी की मोटर चोरी कर ले गया था। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 339/2026, धारा 305(4), 331(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच एवं संदेही से पूछताछ की। विवेचना के दौरान सोनू पिता लखपत सासी निवासी कड़िया सासी ने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई पानी की मोटर कीमत 20 हजार रु बरामद कर उसे गिरफ्तार किया तथा न्यायालय के समक्ष पेश किया।

दशहरा मिलन समारोह में राज्यमंत्री ने पंचायतों की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया



सारंगपुर। विजयादशमी के पावन पर्व के अवसर पर सारंगपुर स्थित एबी रोड के सेवा सदन कार्यालय में मध्य प्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के मंत्री एवं सारंगपुर विधायक डॉ. गौतम टेटवाल की उपस्थिति में दशहरा मिलन एवं स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्ना ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने सहभागिता कर मंत्री डॉ. टेटवाल से आत्मीय मुलाकात की और क्षेत्र के विकास एवं जनसमस्याओं से जुडे विषयों पर चर्चा की। समारोह के दौरान मंत्री डॉ. टेटवाल ने सरपंचों से उनके ग्राम पंचायतों की समस्याओं, विकास कार्यों की प्रगति तथा ग्रामीणों की आवश्यकताओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जनहित से जुडे विषयों को गंभीरता से सुनते हुए समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय और संवाद को आवश्यक बताया। मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। ग्राम पंचायतें विकास की महत्वपूर्ण इकाई हैं और सरपंच ग्रामीण जनता की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। जनप्रतिनिधियों के आपसी सहयोग और समन्वय से गांवों में विकास कार्यों को गति दी जा सकती है तथा आमजन की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी का पर्व असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। ऐसे पर्व हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ करने के साथ ही समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द, सहयोग और एकता की भावना को भी मजबूत करते हैं। दशहरा मिलन जैसे आयोजन जनप्रतिनिधियों के बीच आत्मीय संबंधों को प्रगाढ बनाने और जनसेवा के संकल्प को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं।

नरसिंहगढ़ के लिए आवागमन सुगम होगा

नरसिंहगढ़ में कंतोड़ा बाईपास बनने से लोगों को मिली बड़ी राहत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-

राजगढ़ जिला अपने ऐतिहासिक महलों, प्राचीन मंदिरों, बांधों और पर्यटन स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। जिले का नरसिंहगढ़ क्षेत्र अपनी प्राकृतिक सुंदरता, चिड़ी खो झील, नरसिंहगढ़ किले, वन्यजीव अभयारण्य और प्राचीन मंदिरों के कारण मालवा का कश्मीर कहा जाता है।

नरसिंहगढ़ शहर में आवागमन को सुगम बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा कंतोड़ा बाईपास का निर्माण और चौड़ीकरण कराया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व और लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह के प्रयासों से प्रदेश में सड़कों के विकास का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में नरसिंहगढ़ शहर क्षेत्र में सागपुर बाईपास से छतरी चौराहा, बाराद्वारी होते हुए कंतोड़ा बाईपास तक सड़क का उन्नयन किया गया है।

बारिश के दिनों की समस्या होगी समाप्त

लोक निर्माण विभाग ने इस परियोजना पर 1,782.53 लाख रुपये, यानी करीब 17.82 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह सड़क लगभग 4.40 किलोमीटर लंबी और 11.5 मीटर चौड़ी है। सड़क का निर्माण आरसीसी से किया गया है, जिससे बारिश के दिनों में होने वाली जलभराव की समस्या काफी हद तक समाप्त हो गई है।

मंडी में किसानों के शेडो पर व्यापारियों का माल, सड़क पर भी किया कब्जा

■ पूछने पर सचिव ने दिए गोलमोल जवाब।

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर

राजगढ़ जिले की प्रमुख कृषि उपज मंडियों में शामिल जीरापुर कृषि उपज मंडी में व्यवस्थाओं को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। किसानों की सुविधा के लिए बनाए गए शेडों में व्यापारियों का माल रखा हुआ है, वहीं मंडी परिसर की सड़क भी माल रखने के उपयोग में ली जा रही है। पूर्व में भी इस समस्या को समाचार पत्रों के माध्यम से उठाया गया था। इसके बाद जांच हुई और कुछ समय तक व्यवस्था में सुधार भी दिखाई दिया, लेकिन अब हालात फिर पहले जैसे नजर आने लगे हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर बार-बार सामने आने वाली इस समस्या का स्थायी समाधान क्यों नहीं हो पा रहा है?

मंडी परिसर में किसानों के लिए बनाए गए शेडों और सड़क पर व्यापारियों का माल रखे होने के संबंध में जब मंडी सचिव से सवाल किया गया, तो स्पष्ट जानकारी मिलने के बजाय गोलमोल जवाब मिला। वहीं, मंडी के गोदामों की व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चाएं बनी हुई हैं। किसानों की उपज की आवक और मंडी में उनकी आवाजाही को देखते हुए शेडों तथा सड़कों का व्यवस्थित रहना जरूरी है। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि मंडी प्रशासन इस स्थिति को सुधारने के लिए क्या कदम उठाता है।

गुरुवार को मंडी कार्यालय में अकाउंटेंट की अनुपस्थिति का मामला भी सामने आया। संवाददाता कार्यालय पहुंचे तो अकाउंटेंट अपनी सीट पर मौजूद नहीं थे।

व्यवस्थाओं में स्थायी सुधार की जरूरत।

जीरापुर कृषि उपज मंडी क्षेत्र के किसानों और व्यापारियों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र है। ऐसे में मंडी परिसर में किसानों के लिए निर्धारित शेडों में व्यापारियों का माल रखा होना, सड़क पर माल का जमाव और कार्यालयीन व्यवस्थाओं से जुड़े सवाल गंभीरता से ध्यान देने योग्य हैं। पूर्व में समस्या उठने और जांच होने के बाद भी यदि स्थिति दोबारा बन रही है, तो केवल अस्थायी सुधार से काम नहीं चलेगा।

ढोल बजाने से मना करने पर विवाद के बाद जमकर पथराव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



अग्रेंजी शराब दुकान पर ढोल बजाने से मना करने पर आरोपियों ने विवाद शुरू कर दिया और देखते ही देखते विवाद पथराव में बदल गया। घटना में वाहनों के कांच फूटने के साथ ही चार लोग भी घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब 11.30 बजे थाना कोतवाली से कुछ दूरी पर स्थित शराब दुकान के पास ढोल बजाने की बात पर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज होने लगी और फिर डंडों तथा पत्थरों से हमला शुरू हो गया। करीब 20 मिनट तक चले पथराव से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान वहां खड़े दो वाहनों को भी नुकसान पहुंचा। घटना में बिट्टू राव, सोनू राव, आनंद यादव और विनोद सौराष्ट्रीय घायल हो गए। सभी घायलों को शाजापुर निवासी बताया गया है।

ढोल बजाने से मना किया तो विवाद

पीड़ित बिट्टू राव ने बताया कि वे ग्राम पनवाड़ी में माता विसर्जन के कार्यक्रम में ढोल बजाने के बाद शाजापुर स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान वे शराब दुकान के पास रुके, जहां पहले से मौजूद अमित और उसके साथियों ने उन्हें ढोल बजाने के लिए कहा।

श्मशान की दुर्दशा पर नगरपालिका ध्यान दें

महिदपुर। नगर का प्रमुख व 95 प्रतिशत शव दाह संस्कार स्थल सत्या श्मशान स्थल जो न.पा. परिषद महिदपुर के नियंत्रण में है अपनी दुर्दशा व लापरवाही का शिकार होकर नगरवासी जो हर वर्ग से दाह संस्कार करने आता है, वह वहां की हालत पर अत्यंत परेशान है। दाह संस्कार स्थल पर उतरने वाली सीढ़िया करीबन एक से सवा फिट की ऊंचाई वाली है जिससे अर्थी लेकर अंतिम क्रिया दाह संस्कार स्थल पर ले जाने पर अर्थी को कंधा देने वाले के गिरने की पूर्ण संभावना बनी रहती है। शोकाकुल उपस्थित नागरिकों की वषार्काल व ग्रीष्मकाल में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से दाह संस्कार में उपस्थित नागरिक बैठने की जगह ढूंढते रहते है। अर्थी की राख को क्षिप्रा नदी में विसर्जित करने के स्थल पर ठोस बेरिकेट नहीं होने से अस्थी विसर्जन करने वाले परिवार के नदी में गिरने की पूर्ण संभावना बनी रहती है।

नागदा में निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर 25 अक्टूबर को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

मेदांता हॉस्पिटल, इंदौर के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ अब नागदा में भी मिल सकेगा। स्वर्गीय ओमप्रकाश मोहता की स्मृति में लायंस क्लब नागदा एवं वैश्य महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में 25 अक्टूबर को विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। लायन एस. एस. शर्मा की अध्यक्षता एवं लायन मुकेश मोहता के संयोजन में शिविर स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला, जवाहर मार्ग, नागदा में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक आयोजित होगा।

शिविर में मेदांता हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. यतेंद्र पोरवाल, डॉ. वरुण कटारिया, डॉ. एच.पी. यादव, डॉ. प्रांजल मांडोलोई एवं डॉ. अंशुल अग्रवाल अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर में हृदय रोग, मस्तिष्क रोग, पेट संबंधी रोग, मूत्र रोग एवं कैंसर सहित विभिन्न बीमारियों के संबंध में विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया जा सकेगा। शिविर में शामिल होने वाले नागरिकों से अपील की गई है कि वे दिए गए क्यूआर कोड के माध्यम से पूर्व पंजीयन कराएं तथा निर्धारित समय पर पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें।

इस अवसर पर वरिष्ठ लायन मदन माहेश्वरी, गोविंद मोहता, दिलीप सिंह शेखावत, डॉ. पंकज मारू, बसंत मालपानी, डॉ. एस.आर. चावला, अरविंद नाहर, डॉ. अनिल दुबे, डॉ. सुनील चौधरी, सुनील नरूला, रवि शर्मा एवं सदस्यों ने नागरिकों से शिविर में अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर लाभ लेने का आग्रह किया है।

आधुनिक मशीनों से होंगी विभिन्न जांचें

स्वास्थ्य शिविर में मुख कैंसर की स्क्रीनिंग के साथ आधुनिक मशीन से फैटी लिवर की जांच, हड्डियों की मजबूती एवं कैल्शियम संबंधी जांच, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर तथा ईसीजी जैसी महत्वपूर्ण जांचों की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। शिविर का उद्देश्य आमजन को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि समय रहते बीमारियों की पहचान कर उचित उपचार की दिशा में कदम उठाए जा सकें।

पदाधिकारियों ने की अपील

शिविर का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील रीजन चेयरमैन ला. वीरेंद्र मालपानी, लायंस क्लब नागदा अध्यक्ष ला. एस.एस. शर्मा, सचिव घनश्याम राठी, कोषाध्यक्ष ला. मनोज सोनी, शिविर संयोजक ला. मुकेश पंकज मोहता एवं शिविर सलाहकार ला. डॉ. हरीश तिवारी ने की है।



खाने की चीज का लालच देना पड़ सकता है भारी

बच्चों से अपनी बात मनवाने या उन्हें कोई काम करने के लिए तैयार करने के लिए कई माता-पिता चॉकलेट, खिलौने और आइसक्रीम जैसी चीजों का लालच देते हैं। लेकिन हर बार किसी काम के बदले इनाम देने की आदत बच्चों की सोच और व्यवहार को प्रभावित कर सकती है।

कई माता-पिता अक्सर अपने बच्चों से कोई काम करने या अपनी बात मानने के लिए चॉकलेट, खिलौने और आइसक्रीम जैसी चीजों का वादा कर देते हैं। शुरूआत में यह तरीका आसान लगता है, क्योंकि बच्चे जल्दी बात मान लेते हैं। लेकिन अगर हर छोटी-बड़ी जिम्मेदारी पूरी करने के बदले उन्हें कुछ देने का वादा किया जाए, तो वे काम को अपनी जिम्मेदारी समझने के बजाय इनाम से जोड़ सकते हैं। ऐसे में बच्चे बिना किसी चीज की उम्मीद किए काम करने में कम रुचि दिखा सकते हैं। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि बच्चों को कभी इनाम देना ही गलत है। जरूरी है कि माता-पिता इनाम और प्रोत्साहन के बीच संतुलन बनाए रखें, बच्चों के प्रयासों की तारीफ करें और उन्हें धीरे-धीरे अपनी जिम्मेदारियां समझना सिखाएं।

बच्चों से हर काम करवाने के लिए टॉफी, चॉकलेट या खिलौनों का लालच देना उनकी आदतों को प्रभावित कर सकता है। धीरे-धीरे बच्चे हर काम के बदले किसी इनाम की उम्मीद करने लगते हैं। जब उन्हें उनकी पसंद की चीज नहीं मिलती, तो वे काम करने से मना कर सकते हैं या जिद करने लगते हैं। ऐसे में कई बार माता-पिता बच्चे की जिद के आगे झुककर उनकी मांग पूरी कर देते हैं। इससे बच्चे को यह समझ आ सकता है कि जिद करने पर उसकी बात मान ली जाएगी। इसलिए माता-पिता को हर काम के बदले चीजें देने के बजाय बच्चों को प्यार से समझाना और उनकी अच्छी कोशिशों की सराहना करना चाहिए।

गलत आदतों की छूट, भविष्य पर चोट

बच्चों को गलत काम करने से रोकने के लिए टॉफी या दूसरे इनाम का लालच देना उनकी आदतों पर नकारात्मक असर डाल सकता है। धीरे-धीरे बच्चे सही व्यवहार को अपनी जिम्मेदारी समझने के बजाय इनाम से जोड़ने लगते हैं। ऐसे में भविष्य में वे अपनी गलती को सही ठहराते हुए कह सकते हैं कि जब उन्हें कुछ मिला ही नहीं, तो उन्होंने गलत काम क्यों न किया? इसलिए बच्चों को केवल इनाम का लालच देने के बजाय सही और गलत के बीच का अंतर समझाना जरूरी है, ताकि उनमें जिम्मेदारी और आत्म-अनुशासन की भावना विकसित हो सके।

बड़े होने पर निराशा का कारण बन सकता है लालच

बचपन से ही हर काम के बदले इनाम पाने की आदत बच्चों की सोच और व्यवहार को प्रभावित कर सकती है। बड़े होने पर जब उन्हें हर काम के लिए कोई इनाम या फायदा नहीं मिलता, तो वे निराश महसूस कर सकते हैं। कई बार उन्हें लग सकता है कि उनकी मेहनत की कद्र नहीं हो रही है। ऐसी स्थिति उनके आत्मविश्वास और मनोबल पर असर डाल सकती है। इसलिए माता-पिता के लिए जरूरी है कि वे बच्चों को बचपन से ही जिम्मेदारी निभाने, बिना किसी इनाम की उम्मीद के प्रयास करने और अपनी मेहनत का महत्व समझने की सीख दें। इससे बच्चों के व्यक्तित्व के विकास में मदद मिल सकती है।

बच्चे का टिफिन हो हेल्दी

कुछ भी खा लेने से उसकी सेहत नहीं बनेगी। हाल ही में राजस्थान हाईकोर्ट, जस्टिस अनूप कुमार ढांड की बेंच ने एक ऐसा आदेश दिया है जिसने पूरे देश के पेरेंट्स को जगा दिया है।

बच्चे के टिफिन में क्या है उस पर बहुत हद तक उसकी सेहत निर्भर करती है। अभी तक आप सोचती थी कि अगर बच्चा टिफिन नहीं ले जा रहा है तो भी स्कूल में कुछ तो खा ही लेता है। लेकिन अब सोच बदलिए। कुछ भी खा लेने से उसकी सेहत नहीं बनेगी। हाल ही में राजस्थान हाईकोर्ट, जस्टिस अनूप कुमार ढांड की बेंच ने एक ऐसा आदेश दिया है जिसने पूरे देश के पेरेंट्स को जगा दिया है।

कैंटीन में ताला नहीं मेन्यू बदलेगा: समोसा, कचोरी, बर्गर, पिज्जा, फ्रेंच फ्राइज, पैकेट वाले चिप्स, कुरकुरे, कोल्ड ड्रिंक, एनर्जी ड्रिंक जैसे अनहेल्दी चीजें बैन होंगी। अब कैंटीन में सिर्फ ह्वाईट राइटह्व वाला खाना मिलेगा। **स्कूल के बाहर 50 मीटर तक लक्ष्मण रेखा होगी।** स्कूल गेट से 50 मीटर के दायरे में कोई भी दुकान, ठेला, कैफे जंक फूड नहीं बेच सकता। हर महीने कलेक्टर और शिक्षा अधिकारी खुद चेक करेंगे। हर स्कूल को 4 हफ्ते के अंदर ह्वस्कूल फूड सेफ्टी एंड न्यूट्रिशन कमिटीह्व बनानी है जिसमें एक डॉक्टर, एक टीचर और 2 पेरेंट्स (खासकर माएं) होंगी। हर कैंटीन में बड़ा बोर्ड लगेगा आज क्या बना और उसमें कितना तेल, कितना नमक, कितनी चीनी है ताकि ताकि बच्चा खुद समझे वो क्या खा रहा है।




कोर्ट ने फैसले में जो सबसे मार्मिक लाइन लिखी , ह्व एक ओर देश जेन जी, जेन अल्फा और जेन बीटा को 2047 के विकसित भारत का नेता बनाने की बात कर रहा है दूसरी ओर उन्हें तैयार करने वाले सरकारी स्कूल खुद कुपोषण और जंक फूड के जाल में फंसे हैं।

रंग भरकर चित्र बनाओ



रास्ता खोजो



बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ



Sport

सूर्यवंशी को मौका मिल सकता है

ईशान किशन दूसरे टी-20 से बाहर



एजेंसी ▸▸ क्राइस्टचर्च

ईशान किशन न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को होने वाले दूसरे टी-20 में नहीं खेलेंगे। भारतीय बल्लेबाज की दाईं जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है। बीसीसीआई ने शुक्रवार को पर पोस्ट करके यह जानकारी दी।

इसके कुछ देर बाद बैटिंग कोच सितांशु कोटक ने कहा है कि ईशान के चोटिल होने से वैभव सूर्यवंशी प्लेइंग-11 में मौका मिल सकता है।

बीसीसीआई ने बयान में कहा, ईशान किशन को पहले टी 20 के दौरान दाईं तरफ की एडडक्टर मांसपेशियों में हल्की चोट लगी थी। मेडिकल टीम उनकी स्थिति पर नजर रख रही है। हालांकि, बीसीसीआई ने यह नहीं बताया कि ईशान को ठीक होने में कितना समय लगेगा। एडडक्टर मांसपेशियां जांघ के अंदरूनी हिस्से में होती हैं।

ईशान किशन आईसीसी रैंकिंग में टी-20 के नंबर-1 बल्लेबाज हैं। वे इस साल भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। ईशान ने एक जनवरी 2026 से 35 टी20 मैचों में 1159 रन बनाए हैं। हालांकि, वे न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में एक रन ही बना सके थे।

कोटक बोले- अगले मैच में मौका मिलेगा

ईशान के चोटिल होने से प्लेइंग-11 में एक जगह खाली हुई है। कोटक ने कहा- उनकी जगह वैभव को मौका दिया जा सकता है। मौजूदा टीम में संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और वैभव सूर्यवंशी ऐसे खिलाड़ी हैं, जो टॉप-3 में खेलते हैं। इस कारण ईशान की जगह वैभव का दावा सबसे मजबूत है। वैभव 6 मैचों से अपनी मौके का इंतजार कर रहे हैं। वे भारत के लिए आखिरी बार एशियाड के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ खेले थे।

30 साल की उम्र में मेघना का क्रिकेट से संन्यास

भारतीय महिला क्रिकेटर सब्बिनेनी मेघना ने 30 साल की उम्र में क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। आंध्र प्रदेश की मेघना ने 2016 में भारत के लिए डेब्यू किया। उन्होंने 3 वनडे और 17 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले। इसके अलावा, वह विमेंस प्रीमियर लीग (हढछ) के तीन सीजन में भी उतरीं। संन्यास की घोषणा करते हुए मेघना ने कहा कि मैदान उनके लिए दूसरे घर जैसा रहा है। क्रिकेट ने उन्हें मुश्किल हालात में टिके रहना और जीवन भर याद रहने वाली दोस्तियां दीं। मेघना ने यह भी साफ किया कि खिलाड़ी के रूप में उनका सफर भले खत्म हो रहा है, लेकिन क्रिकेट से उनका जुड़ाव बना रहेगा। वह भविष्य में युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देने और खेल के विकास में योगदान करना चाहती हैं।

ओलिंपिक क्रिकेट के क्वालिफायर जनवरी-फरवरी 2028 में

नई दिल्ली। लॉस एंजिलिस ओलिंपिक में क्रिकेट के क्वालिफायर जनवरी-फरवरी 2028 में हो सकते हैं। ढळक के मुताबिक, कठउ ने अक्टूबर में दुबई में हुई बैठकों के बाद सदस्य देशों के साथ नया कैलेंडर साझा किया है। क्वालिफायर ऐसे मुकाबले होते हैं, जिनमें टीमें मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए खेलती हैं। यानी ओलिंपिक में सीधे जगह नहीं पाने वाली टीमों के पास इन मुकाबलों के जरिए अपनी दावेदारी मजबूत करने का मौका होगा पुरुष और महिला क्वालिफायर में आठ-आठ टीमें होंगी। इनका चयन कठउ रैंकिंग के आधार पर करेगा।

आयुष म्हात्रे ने जांघ के पिछले हिस्से की सर्जरी कराई

नई दिल्ली। अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे ने दाईं जांघ के पिछले हिस्से (हैमस्ट्रिंग) की सर्जरी कराई है। वे करीब 2-3 महीने क्रिकेट से दूर रहेंगे। 19 साल के आयुष 11 अक्टूबर को रणजी ट्रॉफी में चंडीगढ़ के खिलाफ रन लेने के दौरान चोटिल हो गए। वे मुंबई की रणजी टीम के उपकप्तान भी हैं। मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में गुरुवार को उनकी सर्जरी हुई। सूत्र के मुताबिक, सर्जरी डॉ. दिनशॉ पाडीवाला ने की। सूत्र ने बताया कि सर्जरी सफल रही है। म्हात्रे अच्छी तरह रिकवर कर रहे हैं और शुक्रवार सुबह बैसाखी के सहारे चलना भी शुरू कर दिया।

बांग्लादेश टेस्ट टीम में तस्कीन अहमद की वापसी

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मैच खेलेंगे, अफगानिस्तान सीरीज में आराम मिला था

एजेंसी ▸▸ ढाका

तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद की बांग्लादेश टेस्ट टीम में वापसी हो गई है। वे वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में उतरेंगे। 31 साल के तस्कीन को अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट से आराम दिया गया था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार (23 अक्टूबर) को वेस्टइंडीज से पहले टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम जारी की।

यह मैच 28 अक्टूबर से मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। यह सीरीज कठउ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। नाहिद राणा चोट की जांच के लिए इस समय ऑस्ट्रेलिया में हैं। पुरानी चोट के कारण वह पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनके दूसरे टेस्ट तक लौटने की संभावना भी कम है। विकेटकीपर-बल्लेबाज लिटन दास टीम में उपलब्ध रहेंगे। वे कूल्हे की हड्डी की चोट के कारण वअए में हुई त्रिकोणीय सीरीज नहीं खेल पाए थे। चयनकर्ताओं ने तस्कीन अहमद के साथ हसन महमूद, इबादत हुसैन और शोरफुल इस्लाम को पेस अटैक में शामिल किया है। ताइजुल इस्लाम, मेहदी हसन मिराज और नईम हसन टीम के 3 स्पिनर हैं।

बांग्लादेश की 15 सदस्यीय टीम

नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), शादमान इस्लाम, तंजीद हसन, मोमिनुल हक, मुशफिकुर रहीम, लिटन दास, तौहीद हृदोय, जाकर अली, मेहदी हसन मिराज (उपकप्तान), तैजुल इस्लाम, नईम हसन, हसन महमूद, तस्कीन अहमद, इबादत हुसैन और शोरफुल इस्लाम।

श्रीलंका का वनडे में दूसरा सबसे बड़ा रनचेज

श्रीलंका ने वनडे ट्राई सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ 429 रन चेज कर दिए। यह वनडे क्रिकेट का दूसरा सबसे बड़ा रनचेज है। ट्राई सीरीज में तीसरी टीम मेजबान पाकिस्तान है। रावलपिंडी में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 4 विकेट पर 429 रन बनाए। कप्तान हैरी ब्रूक ने 116 गेंद पर 202 रन बनाए। उन्होंने वनडे का सबसे तेज दोहरा शतक लगाया। जवाब में श्रीलंका ने 49.5 ओवर में 8 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। पवन रत्नायके ने 106 गेंद पर 130 रन बनाए। दासुन शनाका और असिथा फर्नांडो ने भी 97-97 रन की पारी खेली। वहीं जनिथ लियानागे 27 गेंद पर 61 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई।

आखिरी ओवर का ड्रामा- पहली गेंदः जोश टंग की गेंद पर लियानागे ने डीप मिडविकेट की ओर शॉट खेलकर 1 रन लिया। अब वेलालागे स्ट्राइक पर थे। श्रीलंका को बनाने थे- 5 गेंद पर 7 रन। दूसरी गेंदः दुनिथ वेल्लालागे ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन बोल्ड हो गए। सातवां विकेट गिरा। ईशान मलिंगा बैटिंग के लिए उतरे। अब श्रीलंका को 4 गेंद पर 7 रन चाहिए थे। तीसरी गेंदः मलिंगा भी बोल्ड हो गए। टंग ने लगातार दूसरी गेंद पर विकेट लिया। लियानागे अब भी नॉन-स्ट्राइक पर थे और श्रीलंका को बनाने थे- 3 गेंद पर 7 रन। चौथी गेंदः असिथा फर्नांडो ने थर्ड मैन की ओर शॉट खेलकर 1 रन लिया। अब लियानागे स्ट्राइक पर लौटे। श्रीलंका को 2 गेंद पर 6 रन चाहिए थे। पांचवीं गेंदः लियानागे ने लॉन्ग-ऑफ के ऊपर से छक्का लगाया और श्रीलंका को मिली एक ऐतिहासिक जीत।

नैनो न्यूज

- **भारत की ऐतिहासिक टी-20 जीतः** भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी-20 मैच में 225 रनों का विशाल लक्ष्य हासिल कर लिया है, जिसमें नमन धीर ने 15 गेंदों पर नाबाद 42 रन बनाकर विजयी छक्का जड़ा।
- **नीरज चोपड़ा को गोल्डः** स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने 2026 के नागोया एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत की झोली में स्वर्ण पदक डाल दिया है।
- **उज्जैन की बालिकाओं का चयनः** उज्जैन की शिप्रा क्रिकेट अकादमी की 10 बालिका खिलाड़ियों का चयन अंडर-17 और अंडर-19 राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है।
- **पैरा एशियन गेम्स में पदकः** एशियन पैरा गेम्स में देवेंद्र झयोराण (डिस्कस थ्रो) और पैरा-आर्चर शीतल देवी ने गोल्ड, जबकि प्रदीप यादव (जैवलिन थ्रो) ने सिल्वर मेडल जीता है।
- **महिला टीम का क्लीन स्वीपः** स्मृति मंधाना की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जिम्बाब्वे की महिला टीम को टी-20 सीरीज में पूरी तरह से क्लीन स्वीप कर दिया है।

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

धार में 3 दिन की बारिश के बाद लुढ़का पारा

धार। पिछले तीन दिनों से रुक-रुककर हो रही हल्की बारिश के बाद मौसम का मिजाज बदल गया। शुक्रवार सुबह 6 बजे तापमान गिरकर 13 से 14 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सुबह हल्का कोहरा भी नजर आया। अब सुबह और रात के समय ठंड का एहसास होने लगा है। शहर में कभी दोपहर तो कभी शाम के समय हल्की बारिश हो रही थी। इसके बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार सुबह जल्दी घरों से निकले लोगों को ठंड महसूस हुई। सुबह करीब 9 बजे तक ठंडक बनी रहती है, लेकिन इसके बाद धूप निकलने और दिन चढ़ने के साथ तापमान बढ़ने लगता है।

कुक्षी में पहले बुजुर्ग से हुई थी बहस, चालक गिरफ्तार

धार। कुक्षी के सुतार मोहल्ले में कार चालक पर विवाद के बाद बुजुर्ग पिता और उनके बेटे को टक्कर मारने और दोनों को 4 किमी तक कार के बोनट पर लटका कर घसीटने का आरोप है। घटना 21 अक्टूबर की रात 8 बजे की है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिस के अनुसार, सिर्वी मोहल्ला निवासी बाबूलाल सिद्ध (73) ने शिकायत में बताया कि वार्ड-2 के सुतार मोहल्ले में कार ने उनके पैर में टक्कर मार दी। विरोध करने पर चालक ने कार से उतरकर उन्हें थप्पड़ मारा। इसी दौरान बेटा भरत (37) मौके पर पहुंचा और कार की फोटो खींचने लगा।

नेशनल-हाईवे पर बड़े वाहन की बाइक में टक्कर से एक की मौत

धार। धार के नौगांव थाना क्षेत्र में उटावद के पास इंदौर-अहमदाबाद हाईवे पर गुरुवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महेश राठौर निवासी नौगांव की मौके पर मौत हो गई। वे पीथमपुर से घर लौट रहे थे। हादसे में उनका शरीर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों ने घटनास्थल पर संकेतक नहीं होने और 108 एंबुलेंस के देर से पहुंचने का आरोप लगाया है। महेश बाइक से घर जा रहे थे। उटावद के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

युवक-युवती के शव पेड़ पर लटके मिले



एक ही परिवार के थे दोनों, पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार

झाबुआ। झाबुआ जिले के कल्याणपुरा थाना क्षेत्र के खेड़ा गांव में शुक्रवार को एक युवक और युवती के शव पेड़ पर लटके मिले। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी मिलते ही कल्याणपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया और कानूनी कार्रवाई शुरू की। मृतकों की पहचान 18 साल की आशा पुत्री छित्तू भूरिया और 19 साल के अजय पुत्र मन्नू भूरिया के रूप में हुई है। दोनों नाहरखोदरा फलिया, खेड़ा गांव के रहने वाले थे और रिश्ते में एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। थाना प्रभारी एडमिरल तोमर ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए झाबुआ सिविल अस्पताल भेजा गया है। अभी यह साफ नहीं है कि उन्होंने यह कदम क्यों उठाया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी।

नैनो न्यूज

- **जबलपुर-भोपाल-इंदौर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को मंजूरी:** मध्य प्रदेश में लगभग 600 किलोमीटर लंबे इस नए औद्योगिक कॉरिडोर को मंजूरी मिल गई है। सरकार ने मार्च 2028 तक इसमें 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश, 10 हजार एकड़ औद्योगिक भूमि और 3 लाख से ज्यादा रोजगार का लक्ष्य रखा है।
- **गोदरेज प्रॉपर्टीज का बड़ा निवेश:** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज ने इंदौर में 24 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। कंपनी को हाउसिंग प्लॉट्स से 500 करोड़ रुपये के राजस्व की उम्मीद है।
- **हेटिच का नया प्लांट:** फर्नीचर फिटिंग्स की दिग्गज कंपनी हेटिच ने इंदौर में अपना नया मैन्युफैक्चरिंग प्लांट खोला है। कंपनी की योजना भारत को अपना प्रमुख वैश्विक विनिर्माण हब बनाने की है।
- **इंदौर सेज के निर्यात में गिरावट:** वित्तीय वर्ष 2025 में इंदौर स्पेशल इकोनॉमिक जोन से होने वाले निर्यात में 9% से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है और यह घटकर 12,948 करोड़ रुपये रह गया है।
- **व्यापारियों का नो यूपीआई डे प्रदर्शन:** व्यापारियों ने 2 हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर प्रस्तावित 0.4% एमडीआर के विरोध में हाल ही में प्रदर्शन किया था। इंदौर समेत कई शहरों में व्यापारियों ने क्यूआर कोड ढक दिए थे और ग्राहकों से नकद भुगतान की अपील की।

इंदौर में शुक्रवार से दो दिवसीय मध्य प्रदेश सेमीकंडक्टर समिट-2026 शुरू

50 से अधिक कंपनियां अपनी तकनीक, उत्पाद और समाधान प्रदर्शित कर रही

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शुक्रवार से दो दिवसीय मध्य प्रदेश सेमीकंडक्टर समिट-2026 शुरू हो गई है। ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस समिट में 50 से अधिक कंपनियां अपनी तकनीक, उत्पाद और समाधान प्रदर्शित कर रही हैं। समिट का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए निवेश की संभावनाएं तलाशना और मध्य प्रदेश को इस क्षेत्र के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना है।

समिट में करीब 6,200 करोड़ के प्रस्तावित निवेश पर भी खास नजर रहेगी। पारस सेमीकंडक्टर्स ने प्रदेश में सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्टिंग इकाई स्थापित करने के लिए यह निवेश प्रस्ताव दिया है। प्रस्तावित परियोजना से प्रदेश में सेमीकंडक्टर उद्योग और उससे जुड़े कारोबार को बढ़ावा मिलने की संभावना है। दो दिवसीय समिट में चिप डिजाइन, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग, एडवांस पैकेजिंग और टेस्टिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, अनुसंधान और तकनीकी नवाचार जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इसमें उद्योग जगत के प्रतिनिधि, निवेशक, विशेषज्ञ, शिक्षाविद और स्टार्टअप से जुड़े लोग शामिल होंगे।



50 से ज्यादा कंपनियां प्रदर्शित करेंगी तकनीक

समिट की प्रदर्शनी में 50 से अधिक कंपनियां अपनी तकनीकी क्षमताओं और उत्पादों का प्रदर्शन करेंगी। इनमें चिप डिजाइन, पैकेजिंग-टेस्टिंग, उपकरण, तकनीकी सामग्री और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण से जुड़ी कंपनियां शामिल होंगी। प्रदर्शनी के माध्यम से कंपनियों को निवेशकों और संभावित कारोबारी साझेदारों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

निवेश और तकनीकी विशेषज्ञ तैयार करने पर जोर

समिट के दौरान पैनल चर्चाओं और राउंडटेबल बैठकों में प्रदेश में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम विकसित करने, तकनीकी विशेषज्ञ तैयार करने और नए निवेश आकर्षित करने पर विचार-विमर्श होगा। राज्य सरकार की सेमीकंडक्टर नीति-2025 के तहत इस क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने की योजनाओं पर भी चर्चा की जाएगी।

हेड कॉन्स्टेबल फिरोज खान से जुड़े जमीन के मामले में एक नया वीडियो आया सामने

अस्पताल में भर्ती कस्तूरीबाई से उनके परिवार के लोगों को मिलने से रोकने की व्यवस्था की गई थी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

करोड़ों की संपत्ति जुटाने के आरोपों से घिरे हेड कॉन्स्टेबल फिरोज खान से जुड़े जमीन के मामले में एक नया वीडियो सामने आया है।

मामला मगरखेड़ी की कस्तूरीबाई से जुड़ा है, जिनकी पारिवारिक जमीन का करीब 150 करोड़ रुपए में सौदा किए जाने की बात सामने आई थी। इस सौदे में फिरोज खान गवाह बताया गया है। अब सामने आए वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा है कि इंदौर के एक अस्पताल में भर्ती कस्तूरीबाई से उनके परिवार के लोगों को मिलने से रोकने की व्यवस्था की गई थी।

बताया जा रहा है कि जमीन के सौदे के कुछ दिन बाद कस्तूरीबाई की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि इस दौरान उनके परिजनों को उनसे मिलने से रोकने के लिए अस्पताल को लिखित सूचना दी गई थी।

इस घटनाक्रम को जमीन के सौदे से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, मुलाकात पर रोक लगाने के निर्देश किसने दिए और इसके पीछे क्या वजह थी, यह जांच का विषय है।

वीडियो से उठे सवाल, जांच में स्पष्ट होगी भूमिका- इस मामले में अब कई सवाल उठ रहे हैं। कस्तूरीबाई से मुलाकात पर रोक लगाने का निर्देश किसने दिया था? अस्पताल को लिखित सूचना किसने दी और उसका आधार क्या था? क्या इस फैसले का जमीन के सौदे से कोई संबंध था? इन सवालों के जवाब जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेंगे।

जमीन के सौदे, उसमें फिरोज खान की गवाह के रूप में बताई जा रही भूमिका और अस्पताल में कस्तूरीबाई से मुलाकात पर रोक लगाए जाने के आरोपों की जांच लोकायुक्त पुलिस करेगी। जांच में साइबर सेल की मदद भी लिए जाने की बात कही गई है।



अस्पताल में रोकने के लिए लिखित सूचना देने का दावा

सामने आए वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा है कि अस्पताल में पुलिस सुरक्षा के बीच फिरोज खान का करीबी बताया जा रहा एक व्यक्ति मौजूद था। वीडियो में एक अन्य पुलिसकर्मी भी नजर आने की बात कही जा रही है। आरोप है कि फिरोज खान के कहने पर अस्पताल को लिखित में सूचना दी गई थी कि कस्तूरीबाई से किसी को मिलने न दिया जाए। हालांकि, इस दावे और वीडियो में नजर आ रहे लोगों की भूमिका की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

कार्रवाई नहीं हुई तो हम भी जान दे देंगे

युवक की मौत पर पुलिस कमिश्नर ऑफिस पहुंचे परिजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

बाणगंगा क्षेत्र में रहने वाले एक युवक की मौत के बाद परिजन शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। परिजनों ने आरोप लगाया कि युवक ने अपनी महिला मित्र की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी की है और युवती ने उस पर जान देने का दबाव बनाया था। इस दौरान परिजनों ने कार्रवाई नहीं होने पर खुद भी आत्महत्या करने की धमकी दी। हालांकि, अधिकारियों ने उनकी बात सुनने और समझाने के बाद उन्हें खजराना थाने भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, बाणगंगा मेन रोड निवासी चिराग सेन ने रविवार रात खजराना इलाके में जहर खा लिया था। सोमवार रात उसकी मौत हो गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने वृंदावन कॉलोनी के बाहर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया था। इस मामले में चिराग की महिला मित्र निशा का नाम सामने आया था।

महिला मित्र के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से नाराज चिराग सेन के परिजन शुक्रवार को दलित नेता मनोज परमार के साथ पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से शिकायत की कि पुलिस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। परिजनों ने चेतावनी दी कि यदि निशा के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई, तो वे खुद भी आत्महत्या कर लेंगे। अधिकारियों ने परिजनों को समझा-बुझाकर उचित कार्रवाई के लिए खजराना थाने भेज दिया। इधर, एमआईजी क्षेत्र में हुई रक्षित चौकड़े की हत्या के मामले में सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर परिजन शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। परिजनों ने मांग की कि इस केस की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में की जाए और आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने आरोपियों के अवैध मकानों पर बुलडोजर चलाने (मकान तोड़ने) की भी मांग की।

वॉटर पार्क संचालक से 8.59 लाख की ठगी

फेसबुक पर देखा स्टॉक मार्केट का विज्ञापन 29 लाख मुनाफा दिखाकर फिर मांगे 18 लाख

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

फेसबुक पर शेयर मार्केट का विज्ञापन देखकर वॉटर पार्क संचालक ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए। आरोपियों ने उन्हें पहले 10 से 20% तक मुनाफा दिखाया और फिर ट्रेडिंग के नाम पर 8.59 लाख जमा करा लिए। इसके बाद खाते में 29 लाख का फर्जी मुनाफा दिखाया गया।

आरोपियों ने आईपीसी में शेयर दिलाने के नाम पर उनसे 18 लाख रुपए और मांगे। हीरा नगर पुलिस ने रितेश कुमार निमाड़े की शिकायत पर शुक्रवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रितेश कुमार निमाड़े वॉटर पार्क का संचालन करते हैं। उन्होंने 12 अगस्त को फेसबुक पर स्टॉक मार्केट से जुड़ा एक विज्ञापन देखा था। लिंक पर क्लिक करने के बाद उन्हें वॉट्सऐप ग्रुप क्लींब हेयर - 993 से जोड़ दिया गया। इस ग्रुप में बीएलएसटी के टिप्स और कॉल दिए जाने लगे। शुरूआत में उन्हें 10 से 20% तक मुनाफा दिखाया गया। इसके बाद उनसे आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज मांगे गए। एप्लीकेशन के सत्यापन के लिए वॉट्सऐप पर वीडियो कॉल की गई। कॉल करने वाली महिला ने अपना नाम वंशिका बताया। उसने फॉर्म और जानकारी की पुष्टि करने के बाद दो दिन में अकाउंट चालू करने का आश्वासन दिया। 18 अगस्त को दोबारा कॉल करके बताया गया कि कंपनी ने उनकी एप्लीकेशन स्वीकार कर ली है। इसके बाद 25 अगस्त से वंशिका के निर्देश पर ट्रेडिंग शुरू हुई।

सेंट्रल जीएसटी सुपरिंटेंडेंट पर दूसरी एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मंडीदीप के स्क्रैप कारोबारी से दो लाख रुपए की मासिक रिश्वत लेते पकड़े गए सेंट्रल जीएसटी की प्रिवेंटिव शाखा के सुपरिंटेंडेंट राजेश कुमार गुप्ता के खिलाफ सीबीआई ने दूसरी एफआईआर दर्ज की है। इसमें आरोप है कि अधिकारी ने स्क्रैप से भरी गाड़ी रोककर कारोबारी पर दबाव बनाया।

फिर मामला रफा-दफा करने के लिए 15 लाख रुपए मांगे और 11 लाख रुपए वसूले। सीबीआई की एसीबी भोपाल ने 22 अक्टूबर को नया केस दर्ज किया है। दोनों मामलों में शिकायतकर्ता मंडीदीप के स्क्रैप कारोबारी मुबीन खान हैं। नई एफआईआर में 15 और 16 सितंबर के घटनाक्रम का उल्लेख है। एफआईआर के मुताबिक, कारोबारी ने आष्टा से एल्युमिनियम स्क्रैप खरीदा था। 15 सितंबर की शाम करीब छह बजे रिश्तेदार इरफान की गाड़ी स्क्रैप लेकर भोपाल आ रही थी।

बीजेपी सरकार के खिलाफ कांग्रेस की जनसंघर्ष महारैली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ कांग्रेस अब सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराएगी। इंदौर शहर कांग्रेस और जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से 27 अक्टूबर को जनसंघर्ष महारैली निकाली जाएगी।

कांग्रेस इस प्रदर्शन के जरिए सरकार की नीतियों, आम जनता से जुड़े मुद्दों और निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाएगी। पार्टी मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने और उनके कार्यकाल में लिए गए निर्णयों के साथ मतदाता सूची में हुए बदलावों की स्वतंत्र समीक्षा कराने की मांग भी करेगी। कांग्रेस नेता देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े और वरिष्ठ नेताओं के निर्देश पर महारैली आयोजित की जा रही है। कांग्रेस का कहना है कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों तथा जनता की समस्याओं के विरोध में यह प्रदर्शन किया जाएगा।

हिंदू पंचांग अनुसार कब चढ़ेगा लाडू? गुरु देव प्रणुत सागर जी ने किया स्पष्ट

फिर वही सस्पेंस: दिवाली किस दिन ?

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इस वर्ष दिवाली की तारीख को लेकर जो सस्पेंस बना था, उस पर अब विराम लग गया है। श्रमण संस्कृति के महामहिम पट्टाचार्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी के कुल गौरव शिष्य परम पूज्य गुरु देव प्रणुत सागर जी महाराज के आदेशानुसार स्थिति स्पष्ट हो गई है। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि गुरु देव ने समग्र जैन समाज को संबोधित करते हुए कहा कि जैन धर्मावलंबी 9 तारीख सोमवार को चढ़ाएं निर्वाण लाडू एवं भगवान महावीर स्वामी जी का महामोक्ष कल्याणक महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाएं।



गुरु देव ने स्पष्ट कहा है कि हिंदू पंचांग के अनुसार लक्ष्मी पूजन 8 नवंबर रविवार को होगा, परन्तु जैन शासन के अनुसार भगवान महावीर का निर्वाण कल्याणक 9 तारीख को मनाया जाएगा, इसलिए सभी जैन धर्मावलंबी 9 तारीख को ही निर्वाण लाडू चढ़ाएं।

क्यों है दो तारीखों में अंतर? इसका शास्त्रीय कारण समझिये -

- लक्ष्मी पूजन का नियम प्रदोष काल का है - 8 नवंबर रविवार की शाम को प्रदोष काल में अमावस्या है, इसलिए हिंदू मत से दिवाली 8 को है। मुहूर्त शाम 5.54 से 7.50 तक।
- जैन निर्वाण का नियम उदयातिथि और निशाकाल का है - जैन आगम के अनुसार भगवान महावीर का निर्वाण कार्तिक कृष्णा अमावस्या के प्रातःकाल (उषाकाल) में हुआ था।
- अमावस्या 8 नवंबर सुबह 11.27 से शुरू होकर 9 नवंबर दोपहर 12.31 तक है।
- 9 नवंबर को सूर्योदय के समय भी अमावस्या है और दोपहर तक है। इसलिए जैन मंदिरों में उदयातिथि मानकर 9 नवंबर सोमवार को सुबह ही निर्वाण महोत्सव मनाया जाएगा।
- यही कारण है कि गुरु देव ने 9 तारीख को लाडू चढ़ाने का आदेश दिया है। यह जैन परंपरा में पहले भी कई बार हुआ है जब लक्ष्मी पूजन और निर्वाण पूजन अलग-अलग दिन पड़े हैं।
- राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ के राकेश गोहिल मंयक जैन, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ जैनेन्द्र जैन की ओर से सभी समाजजनों से निवेदन -
- **8 नवंबर, रविवार:** घर में महालक्ष्मी पूजन, दीपावली, दीप सज्जा।
- **9 नवंबर, सोमवार:** जैन मंदिरों में प्रातःकाल भगवान महावीर निर्वाण लाडू और गौतम स्वामी केवलज्ञान लाडू का निर्वाण कांड पाठ के साथ आयोजन। सभी श्रावक इसी दिन मंदिर में लाडू चढ़ाएं।

गुरु देव के वचन का पालन करना ही सच्चे श्रावक का धर्म है। इसलिए आप सभी 9 तारीख सोमवार को ही जिनालय में पहुंचकर निर्वाण लाडू चढ़ाएं।

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com